वाराणसी, रविवार, 4 जून, 2023

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 114, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : कोहली और अनुष्का को मिला एफए कप के फाइनल मुकाबले का न्यौता



अन्दर : खेल के माध्यम से भारत के सामर्थ्य को वैश्विक मंच पर पहुंचाना लक्ष्य: योगी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: पीएम

बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल का मोदी ने लिया जायजा, बोले- घायलों के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार

जायजा

बोले-दुर्घटना दर्दनाक और विचलित करने वाली, जो दोषी पाया गया, उसे छोड़ेंगे नहीं

मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हुई, लगभग 1000 लोग घायल

रेल मंत्री ने उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश, विपक्ष ने भी जताया शोक

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल पर शनिवार को पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के बाद दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए बालासोर के एक अस्पताल पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त कर कहा जिन लोगों ने अपना जीवन खोया है,ये बहुत दर्दनाक था। जो लोग घायल हुए हैं, केंद्र सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह एक गंभीर घटना। हर प्रकार की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुर्घटना दर्दनाक और विचलित करने वाली, जो दोषी पाया गया, उस सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

इसके प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल की स्थिति का जायजा लिया। पीएम मोदी ने घटनास्थल से कैबिनेट सचिव और स्वास्थ्य मंत्री से बात की। उन्होंने उनसे घायलों और उनके परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि शोक संतप्त परिवारों को असुविधा का सामना न करना पड़े और प्रभावितों को आवश्यक सहायता मिलती रहे।

दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि बालासोर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गई है, जबकि लगभग 1000 लोग घायल हुए हैं। रेल मंत्री वैष्णव ने शनिवार सुबह दुर्घटना स्थल का दौरा कर घोषणा की कि विस्तृत उच्च स्तरीय जांच की जाएगी और रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा एक स्वतंत्र जांच की जाएगी। शुक्रवार शाम हुए हादसे में एक मालगाड़ी और दो यात्री गाड़ियां शामिल थीं। दुर्घटना में कोरोमंडल एक्सप्रेस और एसएमवीटी-हावड़ा सुपर फास्ट एक्सप्रेस के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह पिछले 15 वर्षों में देश की सबसे खराब रेल दुर्घटनाओं में से एक है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने एक बुलेटिन में कहा, ट्रेन संख्या 12841 शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12864 सर एम विश्वेश्वरैया-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 जून को शाम लगभग 6.55 बजे बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। खड़गपुर और भद्रक से चिकित्सा उपकरणों, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के साथ दुर्घटना राहत ट्रेनें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, 288 लोगों की मौत हुई है। लगभग 1000 घायल यात्रियों को गोपालपुर, खंटापारा, बालासोर, भद्रक और सोरो के अस्पतालों में ले जाया गया है।

गोवा-मुंबई वंदे भारत कार्यक्रम रद्द

ओडिशा में हुई ट्रेन दुर्घटना को देखते हुए मडगांव स्टेशन पर गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने का समारोह रद्द कर दिया गया है। कोंकण रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने वाले थे, जबकि समारोह के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मडगांव स्टेशन पर मौजूद रहना था। अधिकारियों ने कहा कि रेल मंत्री अब ओडिशा में दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे और इस समारोह रद्द कर दिया गया है।

सोनिया ने यात्रियों की मौत पर शोक जताया

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बालासोर ट्रेन हादसे में कई यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष ने कहा, ओडिशा में भयानक ट्रेन दुर्घटना से मुझे सबसे ज्यादा पीड़ा हुई है। मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त करती हूं।

संयुक्त रिपोर्ट में खुलासा: हादसे के पीछे सिग्नल की गलती

नई दिल्ली। ट्रेन हादसे की संयुक्त जांच रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में इस भीषण घटना के पीछे सिग्नल से संबंधित गलती सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक बहानगा बाजार स्टेशन पर मालगाड़ी लूप लाइन में खड़ी थी। इसी बीच चेन्नई से हावड़ा जा रही 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस बहानगा बाजार स्टेशन पर पहुंची। हर स्टेशन पर दूसरी ट्रेन पास कराने के लिए लूप लाइन होती है। बहानगा बाजार स्टेशन पर अप और डाउन, दो लूप लाइन हैं। किसी भी ट्रेन को लूप लाइन पर तब खड़ा किया जाता है, जब किसी ट्रेन को स्टेशन से पास कराया जाना हो।

बहानगा बाजार स्टेशन पर भी कोरोमंडल एक्सप्रेस और यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस को पास कराने के लिए मालगाड़ी को कॉमन लूप लाइन पर खड़ा कराया गया था। कोरोमंडल एक्सप्रेस तेज रफ्तार से मेन अप लाइन से गुजर रही थी। उस समय डाउन लाइन से यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस भी गुजर रही थी।

दुर्घटना स्थल पर ममता व रेल मंत्री वैष्णव के बीच कहासुनी

भुवनेश्वर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच शनिवार को बालासोर जिले में ट्रेन दुर्घटना स्थल पर कहासुनी हो गई। दरअसल ममता ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है, ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या 500 से अधिक हो सकती है। सीएम ममता के बयान पर रेल मंत्री वैष्णव तुरंत हस्तक्षेप करते हुए कहा, ओडिशा सरकार के आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 238 है। इसके बाद सीएम ममता ने रेल मंत्री को जवाब देकर दावा किया, शुक्रवार रात तक मरने वालों का आंकड़ा 238 था। उन्होंने कहा कि तीन डिब्बों में बचाव कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है, इसकारण मरने वालों की संख्या और बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस ट्रेनों में टक्कर रोधी सिस्टम फिट नहीं किया गया था, इसके कारण यह हादसा हुआ। ममता ने हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

घायलों को अस्पताल ले जा रही बस का एक्सीडेंट

नई दिल्ली। ओडिशा के बालासोर से घायल यात्रियों को ले जा रही एक बस शनिवार को बंगाल के मेदिनीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ओडिशा के बालासोर जिले में तीन ट्रेनों की दुर्घटना में यात्रियों को बस ले जा रही थी। दुर्घटना के बाद मेदिनीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम हो गया। इलाके में बस की पिकअप वैन से आमने-सामने टक्कर हो गई। घायल यात्रियों को इलाज के लिए बंगाल के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा है। बस में सवार कई लोगों के मामूली रूप से घायल होने की आशंका है।

इस्तीफे के सवाल पर रेलमंत्री का जवाब

इस्तीफे के सवाल पर रेल मंत्री ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है। लोकल जनसेवक, एनडीआरएफ पुलिस सहित सभी पक्ष सामान्य हालात की बहाली पर फोकस कर रहे हैं। एक स्वतंत्र कमेटी द्वारा मामले की जांच की जा रही है, 15-20 दिनों में जांच रिपोर्ट आ जाएगी। रिपोर्ट में सभी कारणों का पता चल जाएगा, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। मैं कहीं नहीं जा रहा हूं, यहीं हूं। प्रधानमंत्री भी यहां आए थे। उन्होंने घटना का जायजा लिया और घायलों से बात की थी।

रेल मंत्री से इस्तीफा मांग रहा विपक्ष

नई दिल्ली। ओडिशा में हुए भयानक ट्रेन हादसे के बाद अब राजनीति भी तेज होती दिखाई दे रही है। रेल दुर्घटना को लेकर विपक्षी दल मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हैं और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांग रहे हैं। इस दौरान कवच सुरक्षा वाले दावे पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कवच सुरक्षा का मुआयना किया था। कवच सुरक्षा प्रणाली को लेकर यह दावा किया गया था कि लाल सिग्नल पार करने और टक्कर को रोकने के लिए इसको विकसित किया गया है। अगर किसी कारण लोको पायलट ट्रेन को कंट्रोल करने में विफल रहता है तो यह ब्रेकिंग सिस्टम को ऑटोमेटिक रूप से एक्टिव कर देता है। इसको लेकर एक उदाहरण भी दिखाया गया था जिसमें खुद ट्रायल करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे। दावा किया गया था कि कवच दो इंजनों के बीच टक्कर को रोकने में सक्षम है। इसका मतलब साफ है कि अगर दो ट्रेनें आमने सामने आ जाएंगे तो भी एक्सीडेंट नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि बालासोर में इस सुरक्षा प्रणाली का प्रयोग नहीं हुआ था। तभी यह एक्सीडेंट हुआ है। इधर एक ओर जहां इस ट्रेन हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है तो वहीं इस को लेकर राजनीति भी तेज है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी श्रीनिवास ने हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला और अश्विनी वैष्णव के एक पुराने वीडियो को साझा किया। बी श्रीनिवास ने लिखा के जब एक ट्रेल डीरेल होकर दूसरे रेलवे ट्रेक पर आ गयी थी, तब कवच कहाँ था?

बढ़ेंगी बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें

नई दिल्ली। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ खिलाड़ी एक महीने से अधिक समय से मोर्चा खोले हुए हैं। खिलाड़ी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। अध्यक्ष पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं और एफआईआर तक दर्ज की जा चुकी है। अब मामले को लेकर बड़ी खबर आ रही है। एक ओलंपियन, एक कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट, एक इंटरनेशनल रेफरी और एक स्टेट लेवल के कोच ने 3 महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की पुष्टि कर दी है। इसके बाद अब बृजभूषण की परेशानी बढ़ने वाली है। वे सभी 4 राज्यों के 125 संभावित गवाहों में से एक हैं, जिनके बयान दिल्ली पुलिस ने दर्ज किए हैं। खबर के अनुसार, सिंह के खिलाफ 28 अप्रैल को 2 एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके अनुसार, खिलाड़ियों को प्रोफेशनल मदद देने के बदले सेक्सुअल फेवर की बात कही गई, इस तरह के 2 मामले है। वहीं यौन उत्पीड़न के 15 और अनुचित स्पर्श के 10 मामले हैं। इसके अलावा डराने-धमकाने के भी कई मामले हैं। 4 गवाहों के बारे में पूछने पर दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि अभी मामले की जांच चल रही है। एसआईटी मामले की जांच कर रही है और कोर्ट का रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

पहलवान उत्पीड़न

चार गवाहों ने यौन उत्पीड़न के आरोपों को बताया सही

नित्यानंद राय की हत्या का खुलासा

गोरखपुर। गोरखपुर के गोला क्षेत्र में बीजेपी नेता नित्यानंद राय के अंधे कत्ल का खुलासा हो गया है। यह हत्या, बीजेपी नेता राय के सीआरपीएस से रिटायर्ड दोस्त ने ही की थी। दोस्त को नित्यानंद राय के चरित्र पर शक था। इसके लिए कई बार समझाया भी था। बावजूद इसके नित्यानंद राय हरकतें कम नहीं हो रही थीं। आरोप है कि नित्यानंद राय हत्यारे के परिवार की महिलाओं पर बुरी नजर रखता था। गोरखपुर पुलिस ने आरोपी दिलीप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्लीपुर शहडौली गांव में 23 मई की रात हुई बीजेपी नेता नित्यानंद राय के हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। खुलासे में चौंकाने वाली बात सामने आई है। हत्या नित्यानंद के दोस्त सीआरपीएफ से रिटायर्ड दिलीप सिंह ने की थी। जानकारी के अनुसार दिलीप सिंह गांव में ही एक एकेडमी भी चलाता है। नित्यानंद की हत्या के बाद दिलीप अंतिम संस्कार से जुड़े सभी काम में परिवार के साथ भी मौजूद रहा।

मीरजापुर में मां की ममता हुई शर्मसार

तीन बच्चों की बनी काल

मीरजापुर में 3 अबोध बच्चों को माँ ने कुंए में फेंका, बच्चों को फेंक घर में लगाई आग

दो बच्चों का शव बरामद, मां पुलिस की हिरासत में

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के पंजरा गांव में शुक्रवार की देर रात चन्दा नामक महिला अपने तीन बच्चों को कुंआ में फेंककर आग लगा ली। खुद को उसने कमरे में बंद कर रखा था। आग की लपट लगते ही वह दरवाजा खोलकर बाहर की ओर भागी और शोर मचाने लगी।

परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जब बच्चों के बारे में चन्दा से पूछा गया तो उन्हें उसने कुंआ में फेंकने की जानकारी दी। सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने दो बच्चों का शव बरामद कर लिया है। तीसरे की तलाश की जा रही है। चन्दा का पति अमरजीत कोल मुंबई में मजदूरी करता है। घर पर सास ससुर और बहु बच्चों के साथ रहते हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची क्षेत्रीय विधायक रिंकी कोल ने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया। पंचरा गांव में पारिवारिक कलह के चलते मां की ममता पत्थर बन गई। उसने अपने कलेजे के टुकड़ों आकाश, 8 वर्ष, कीर्ति 2 वर्ष और अन्नू 1 वर्ष को नींद से जगाकर आधी रात को घर के पास स्थित कुंआ में फेंक दिया।

बताया जाता है कि दो बच्चे अपने दादा श्यामधर के पास सो रहे थे। आधी रात को चंदा उन्हें उठाकर लायी। एक-एक करके तीनों बच्चों को कुएं में फेंक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से कीर्ति और अनु के शव को बरामद किया है। जबकि आकाश के शव की तलाश की जा रही है। पुलिस ने कुआं में फेंकने वाली आरोपी चंदा को हिरासत में ले लिया है। हादसे की जानकारी लगते ही गांव में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है। मुंबई में रहने वाले अमरजीत को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

यूपी के हर जिले से दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू

सीएम योगी ने 93 नई राजधानी सेवा एवं 7 साधारण बीएस-6 बसों को दिखाई हरी झंडी

सुविधा

बोले-हर गांव और हर शहर तक हो बस की सुविधा, 50 वर्ष की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शानदार कार्य कर रहा है परिवहन निगम

सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों के आंकड़ों को बताया अत्यंत भयावह

लखनऊ। सुगम यात्रा और सुरक्षित यात्रा हर नागरिक का अधिकार है। ये सरकार का दायित्व बनता है कि जिस विश्वास के साथ एक पैसेंजर यात्रा करता है, हमें उसके इस अधिकार का अपने कर्तव्यों के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए करना चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी अवास पर 93 नई राजधानी सेवा एवं 7 साधारण बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे सामने सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों के आंकड़े अत्यंत भयावह है। अगर एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के आंकड़े को ही प्रस्तुत करूं तो एक भयानक दृश्य सामने आता है। तीन वर्ष में कोरोना जैसी बीमारी से जितनी जानें नहीं गईं, उससे ज्यादा मौतें एक वर्ष में सड़क दुर्घटना में होती हैं। ओवरस्पीडिंग के कारण, सड़क इंजीनियरिंग फाल्ट के कारण, या फिर नियमों के उल्लंघन के चलते सड़क दुर्घटना होती है और किसी मासूम की जान जाती है। यह हम सबके लिए न केवल एक चेतावनी है बल्कि चिंता का विषय भी है। व्यापक जागरूकता से, सड़क के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने से हम असंख्य लोगों की जान बचा सकते हैं। हमारे लिए एक-एक जान कीमती है। यह जान एक परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए यह अमूल्य निधि है। सीएम योगी ने प्रदेश में रोड एक्सीडेंट और इससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी एक्सीडेंट से होने वाली मौत को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान प्रारंभ करना एक राष्ट्रीय कार्यक्रम होगा। इस संबंध में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने भी बार-बार चिंता व्यक्त की है। आज के इस अवसर पर परिवहन निगम जिन कार्यक्रमों के लेकर चल रहा है, इसको और प्रभावी ढंग से बढ़ाने की व्यवस्था हो। हमारा प्रयास हो कि परिवहन निगम की बसों से उत्तर प्रदेश के अंदर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा का उपयोग जो लोग भी करना चाहते हैं, हमें उन लोगों तक इस प्रकार की सुविधा पहुंचानी होगी। केवल निगम के स्तर पर ही नहीं, आवश्यक्ता पड़ती है तो प्राइवेट ऑपरेटर को भी एक रेगुलेशन के साथ जोड़कर हर गांव तक हमें यातायात की और बस सेवा की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। अगर हम हर गांव तक यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे, तो लोगों के लिए आसान होगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का लोग उपयोग करेंगे। इससे पहले सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 50 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि आजादी के कुछ ही महीने पहले 15 मई 1947 को उत्तर प्रदेश में एक राजकीय परिवहन सेवा प्रारंभ हुई थी। इसका उद्देश्य लोगों को सुगम और सुरक्षित यात्रा कराना था। यही राजकीय परिवहन सेवा एक जून 1972 को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रूप में आगे बढ़ी और देश के सबसे बड़े आबादी के राज्य में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सबसे बड़ी इकाई के रूप में 50 वर्ष की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शानदार कार्य कर रही है।

फुटबॉल खिलाड़ी समेत तीन युवक गंगा में डूबे

हादसा

पुलिस गोताखोरों के माध्यम से तलाश में जुटी

गाजीपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पत्थरघाट के सामने गंगा नदी में स्नान करने गए तीन युवक डूब गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाश कर रही है।

बारहबंगला गांव निवासी मुकेश यादव(19) और सरफराज उर्फ छोटू(20) तथा छोटा महादेव निवासी किशन उर्फ कृष्णा यादव(20) शनिवार की शाम पत्थरघाट पर गंगा स्नान करने गये थे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गये। देखते ही देखते तीनों युवक डूब गये। गंगा किनारे घूम रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया जिससे वहां लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घाट पर पहुंच गई। पुलिस गोताखोर बुलाकर युवकों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी होते ही परिवार के लोग भी वहां पहुंच गये। कोतवाली प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि तीन युवक डूबे हैं तलाश की जा रही है। तीनों युवक फुटबाल के खिलाड़ी बताए जा रहे हैं।

किसान ने अपने ही खेत के पेड़ में लगाई फांसी

परिवार में कोहराम

लोहता थाना क्षेत्र के खेवसीपुर में घटी घटना

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

लोहता। पारिवारिक विवाद के चलते शुक्रवार की देर रात एक अधेड़ किसान ने पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। शनिवार को भोर में ग्रामीणों ने जैसे ही देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसान को फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद किसान के परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोहता थाना क्षेत्र के खेवसीपुर गांव में अधेड़ किसान भैयालाल पटेल (50) ने अपने ही खेत में जाकर नीम के पेड़ में फांसी लगा ली। मृतक शुक्रवार की रात्रि गांव में ही एक शादी से लौटकर घर पहुंचा था और घर से सायकिल लेकर रिंग रोड उस पार खेत में जाने के लिए चला गया। आशंका है कि उसने घर से नाराज होकर फांसी जैसी घटना को अंजाम दे दिया। शनिवार को भोर में ग्रामीणों ने किसान को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो आनन-फानन में परिजनों को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने अधेड़ को नीचे उतारा और शव को घर लेकर चले आए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पिता स्व: बलीराम पटेल का इकलौता पुत्र था। मृतक को तीन बेटी व दो बेटे है। दो बेटी की शादी हो गई है। दोनो बेटों में राहुल पटेल (18) व रोहित (15) है। जबकि तीसरी बेटी रेखा पटेल (22) है। मृतक किसान खेती के साथ टाइल्स लगाने का कार्य भी करता था।

अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, किशोरी बरामद

सफलता

रोहनिया पुलिस ने हरियाणा से पकड़ा और भेज दिया जेल

रोहनिया। स्थानीय थाना पुलिस ने सर्विलांस की सहायता से अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार करते हुए अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने यह गिरफ्तारी गुरुवार को की थी और शनिवार को विधिक कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेज दिया।

पुलिस ने पास्को एक्ट के आरोपी हरि कंचन निवासी कंचनपुर-बीएलडब्ल्यू को बल्लभगढ़-हरियाणा के हरिहर गेस्ट हाउस से पकड़ा था। पुलिस के पूछताछ में आरोपी हरि कंचन ने बताया कि मैं अपहता किशोरी को डांस सिखाता था। इसी दौरान मुझे अपहता से प्यार हो गया और हम दोनों फोन पर बाते करने लगे। मगर ये बात अपहता के पिता को पता चल गयी तो उन्होंने हम दोनों को अलग कर दिया। जिससे हम लोगों की मुलाकात बंद हो गयी थी। इसीलिए हम दोनों ने तय किया कि हम घर छोड़ कर भाग जायेंगे और बीते 25 मई को मैं अपहता किशोरी के साथ बनारस से भाग कर प्रयागराज गया। जहां से ट्रेन से हम लोग मथुरा गए। वहां वृन्दावन में श्री श्याम सेवा आश्रम में रात बिताने के बाद हम लोग बल्लभगढ़-फरीदाबाद, हरियाणा आ गए और यही पर मैंने अपहता किशोरी से शादी करने की सोचा था। मगर हम दोनों की आईडी और एक बैग ट्रेन में ही छूट गया था, जिसके कारण हम लोग परेशान हो गए थे और हरिहर गेस्ट हाउस में मैंने अपहता किशोरी के साथ शारीरिक सम्बन्ध भी बनाया। मैंने अपहता को बोला कि अपने पापा से बात करो तो अपहता ने बात की थी। लेकिन अपहता के पापा ने पैसा देने से मना किया तो मैं गुरुवार को अपहता को लेकर मुंबई जाने वाला था कि पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस को एक मोबाइल फोन व पांच हजार नकदी मिला है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी भदवर अजय दुबे, कांस्टेबल धनन्जय सिंह, महिला आरक्षी प्रिया सिंह शामिल रहीं।

दूसरा लगा नहीं पहला हाइट गेज धराशायी

सामने घाट पुल

डीएम और सीपी ने निरीक्षण कर दो-दो हाइट गेज लगाने का दिया था निर्देश

रामनगर। सामने घाट पुल पर रामनगर की ओर बड़े वाहनों के आवागमन रोकने के लिए लगाया गया हाईट गेज शुक्रवार देर रात किसी बड़े वाहन के धक्के से धराशाई हो गया। यह संयोग था कि देर रात्रि होने के कारण पुल पर आवागमन कम था, इसलिए कोई बड़ा हादसा नही हुआ।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब एक बजे किसी बड़े वाहन के टक्कर से हाईट गेज टूटकर तेज आवाज के साथ जमीन पर गिर पड़ा। यह संयोग था कि गिरते समय कोई राहगीर उसके चपेट में नहीं आया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि सामने घाट रामनगर मिनी पुल पर बड़े वाहनों को रोकने के लिए दोनों ओर हाईट गेज लगा हुआ है। कुछ दिन पूर्व सामने घाट का हाईट गेज किसी बड़े वाहन के धक्के से टूट गया था। जिससे बड़े वाहनों के पुल पर आने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कुछ दिन पूर्व डीएम एस. राजलिंगम और सीपी अशोक मुथा जैन ने पुल का निरीक्षण कर दोनों ओर बड़े और छोटे दो-दो हाईट गेज लगाने और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने का फरमान जारी किया था। न हाइट गेज लगने का मुहूर्त बना और न तो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी ही लगी। ऊपर से जो लगा था, वह भी शुक्रवार देर रात टूटकर जमीन पर गिर पड़ा।

दामाद ने श्वसुर को पीटा, पुलिस जांच में जुटी

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के भेलखा गांव में शुक्रवार की रात दामाद ने श्वसुर को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने दामाद के खिलाफ थाने पर तहरीर दिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुट गयी है।

मालूम हो कि ईश्वरगंगी-औसानगंज निवासी राजेश ने पुत्री बैष्णवी की शादी भेलखा निवासी राजू से किया है। दामाद और बेटी दोनों औसानगंज में ही रहते है। शुक्रवार की शाम राजू ने शराब पीने के बाद पत्नी को मारापीटा और गांव लेकर चला गया। राजेश काम से घर लौटे तो घटना की जानकारी हुई तो रात में ही भेलखा पहुंच गये। वहां शराब के नशे में धुत दामाद राजू, उनके तीन भाइयों और पिता शंभू ने उनकी और उनके बेटे गोलू को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी होने पर राजेश की पत्नी इंद्रावती ने डायल 112 को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजेश का मेडिकल मुआयना कराया।

प्रस्तावित नवें ब्लॉक 'चौबेपुर' का ब्ल्यू प्रिंट तैयार

राहुल सेठ

चौबेपुर। जनपद में नौवें विकास खंड के चौर पर चौबेपुर को ब्लॉक बनाये जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि इस दिशा में जल्द की पहल करते हुए अमली जामा पहना दिया जाएगा। कारण इस संबंध में कुछ साल पहले सांसद एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय की ओर से दिये गये प्रस्ताव के बाद इधर बीच विधायक त्रिभुवन राम ने भी शासन को प्रपोजल देकर चौबेपुर को नये विकास खंड के तौर पर स्थापित करने की मांग की है। ताकि संबंधित क्षेत्र की जनता को विभिन्न स्तर पर होने वाली समस्याओं का सामना न करना पड़े।

बीते सप्ताह इस विषय में संबंधित अधिकारियों की एक बैठक हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक चौबेपुर के नाम से प्रस्तावित नए ब्लॉक में चोलापुर और चिरईगांव विकास खंड के गांव सम्मिलित किये जाएंगे। ब्लॉक बनने के बाद लगभग तीन दर्जन से अधिक गांव के लोगों को विभागीय कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। चोलापुर तथा चिरईगांव विकास खंड भौगोलिक दृष्टि से बहुत बड़े हैं। चोलापुर ब्लॉक के चौबेपुर, धौरहरा और रजवाड़ी न्याय पंचायत को प्रस्तावित नये विकास खंड में समाहित किया जाएगा। उनमें चोलापुर ब्लॉक के 45 राजस्व गांव प्रस्तावित नए विकास खंड चौबेपुर में जुड़ जाएंगे। चोलापुर की 26 ग्राम पंचायतें चौबेपुर के निकट हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नए विकास खंड में शामिल होने वाले चोलापुर ब्लॉक के प्रस्तावित सभी गांवों की कुल आबादी लगभग 84 हजार 195 है। नये चौबेपुर ब्लॉक में चोलापुर के 26 तथा चिरईगांव के 12 गांवों को शामिल किया जा सकता है। उनमें चोलापुरके छीतमपुर, परानापुर, कौवापुर, बर्थरा खुर्द, पलकहां, श्रीकंठपुर, उगापुर, अंजाव, गरथौली, बहादुरपुर, बहरामपुर, चौबेपुर, गौरा उपरवार, रामपुर, चंद्रावती, मोलनापुर, ढाका, कैथी, भंदहा कला, रजवाड़ी, लक्ष्मीसेनपुर, सरैया, ढूढ़ुआ, भगवानपुर, सुंगुलपुर तथा धौरहरा के सम्मिलित होने की संभावना है। इसी प्रकार चिरईगांव ब्लॉक के लूठाकलां, धोबहीं, शिवदशा, चुकहां, सोनबरसा, मुरीदपुर, परनापुर, कादीपुर खुर्द, बनकट, शाहपुर, पनिहारी एवं गौरडीह ग्राम पंचायत शामिल हो सकती हैं। इन गांवों की कुल आबादी करीब 24 हजार 971 है।

अच्छी पहल

जनपद के चोलापुर विकास खंड के 26 एवं चिरईगांव ब्लॉक के एक दर्जन गांव हो सकते हैं शामिल

आबादी व नजरी नक्शा आदि की हो रही समीक्षा

चोलापुर के एडीओ पंचायत प्रमोद पाठक एवं एडीओ सांख्यिकी सुनीता चौधरी ने प्रस्तावित नये विकास खंड चौबेपुर के लिए चल रही तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे में संबंधित न्याय पंचायतों और ग्राम पंचायतों की आबादी, राजस्व ग्रामों का नजरी नक्शा आदि का अध्ययन किया जा रहा है। संभावना है कि शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक पहल होगी और प्रस्तावित नया विकास खंड चौबेपुर के मूर्त रूप लेने के बाद वहां के ग्रामीणों की मुश्किलें भी आसान हो जाएंगी। यदि ऐसा हुआ तो शासन स्तर से वाराणसी जनपद के लिए यह एक बहुत बड़ी पहल होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ ने महापौर का किया सम्मान

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ वाराणसी मंडल द्वारा नवनिर्वाचित महापौर अशोक कुमार तिवारी को बधाई और शुभकामना हेतु नगर निगम कार्यालय में अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

कर्मचारियों ने महापौर से वाराणसी के विकास पर ध्यान देने के साथ ही कई मुद्दों पर वार्ता की, इसके साथ ही उन्हें लहरतारा क्षेत्र में शुद्ध पीने योग्य पानी की समस्याओं को बताया। उन्होंने इस समस्या से शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

इस दौरान भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विशेश्वर राय पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के मंडल मंत्री हरि नारायण शर्मा, संगठन मंत्री विकास केशरी, सहायक मंत्री सर्वेश मौर्या, राजीव सिंह, रंजीत कुमार, राम ब्यास दुबे, मनोज शर्मा, प्रेम शंकर, रंजीत, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

युवक ने लगायी फांसी

मंडुवाडीह। मंडुवाडीह क्षेत्र के लहरतारा के हरिसाव गली में शनिवार की शाम जीयुत राजभर उम्र लगभग (34) ने पंखे के सहारे फांसी लगा कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार जीयुत राजभर मालवाहक गाड़ी चलाता था और बीमारी के चलते पत्नी सरोजा देवी अपने 3 बच्चों के साथ मायका आसनसोल में रहती थी। घर पर मृतक व उसकी मां सामदेई देवी रहती थी। सामदेई देवी के अनुसार वह आज अपने कार्य पर गयी थी और शाम को लगभग 5.30 बजे वापस आयी और मेनगेट को काफी खटखटाया लेकिन दतवाजा नही खुला। जिस पर आसपास के लोह इकट्ठा हो गए और पीछे के रास्ते से जाकर देखा तो जीयुत राजभर पंखे के सहारे फांसी पर लटक रहा था। लोगों में तत्काल पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुचे लहरतारा कार्यवाहक चौकी प्रभारी इमरान खान व उपनिरीक्षक पंकज पांडेय मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया। आत्महत्या के कारणों की स्थिति स्पष्ठ नही हो सकी है

शिव वैराग्य के देवता माने गए हैं: डॉ संतोष दास

कथा वर्णन

अस्सी रामजानकी मठ में शिव महापुराण कथा

वाराणसी। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं, परंतु शिव ने विवाह करके संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया है। उक्त विचार वृंदावन से पधारे कथा मर्मज्ञ डॉ संतोष दास महाराज के हैं। शनिवार को अस्सी स्थित रामजानकी मठ में चल रहे शिव महापुराण कथा के शिव पार्वती विवाह प्रसंग में उन्होंने उक्त विचार व्यक्त किया। कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है।

शिव परिवार में सभी का वाहन जैसे नंदी, शेर, मूषक, मोर व सांप का एक साथ रहना, विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना है। यही शिव महापुराण सिखाता है। इस अवसर पर शिव विवाह वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि शिव बारात में देवता दानव राक्षस सभी का शामिल होना,समाज में एक साथ रहने का गुण बताता है। शिव पार्वती का मंगलमय विवाह के प्रसंग में काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने मंगल गान के साथ नृत्य किया। शनिवार को सामूहिक रुद्राभिषेक पूजन हुआ। व्यासपीठ का पूजन व आरती मठ के प्रभारी रामलोचन दास ने किया। इस अवसर पर सचिन शर्मा, नारायण दत्त तिवारी, रामचंद्र उपाध्याय सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

आवश्यकता

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पू0वि0वि0 जौनपुर से सम्बद्ध संत लखनदास विधि महाविद्यालय तपेश्वरी नगर मरदह गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय में प्राचार्य-01 पद व 4 प्रवक्ता पद की आवश्यकता है। योग्यता तथा वेतनमान यू0जी0सी0/बार काउंसलिंग/ उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं 2 फोटो सहित 21 दिन के अंदर आवेदन करें। **प्रबंधक, मो. 94152095931**

आवश्यकता

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पू0वि0वि0 जौनपुर से सम्बद्ध संत लखनदास (नागा बाबा) पचोत्तर स्नातकोत्तर महाविद्यालय तपेश्वरी नगर मरदह गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षा संकाय बी0एड0 पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष 01 पद एवं 08 प्रवक्ताओं व शारीरिक शिक्षा संकाय बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष 01 पद एवं 05 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता तथा वेतनमान यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0/ उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं 2 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक द्वारा व दूरभाष नं. पर दी जायेगी। **प्रबंधक, मो. 9415209593।**

आवश्यकता

आवश्यकता है- श्री तारा विश्राम गर्ल्स कॉलेज, जमदरा, चकरा, मऊ (उ0प्र0) सम्बद्ध महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य 1 पद व स्नातक स्तर पर कला संकाय के हिन्दी, संस्कृत, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान, संगीत (गायन), भूगोल, ललितकला विषयों में 1-1 प्रवक्ताओं की एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के भौतिक विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित विषयों में 2-2 तथा रसायन विज्ञान विषय में 3 प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 /एन0सी0टी0ई0/उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र की फोटो कापी तथा दो नवीनतम फोटो के साथ 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर भेजें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जायेगी। **प्रबंधक-विश्राम यादव मो. 9450241887, 6393188003**

शास्त्रीय पंडितों में विरले होसमने वेदशास्त्र संपन्न थे

वाराणसी। रामघाट स्थित श्री वल्लभराम शालिग्राम साङ्गवेद विद्यालय में विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रपण्डित न्यायरत्न रामचन्द्र शास्त्री होसमने की पुण्यतिथि पर सायंकाल पांच बजे स्मृति सभा आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता श्याम गंगाधर बापट ने की। सभा में उपस्थित विद्वानों ने सामयिक समस्या "समलैंगिक विवाह शास्त्र सम्मत है या नहीं? इस पर लिखी गयी व्यवस्था के विषय में अपनी सम्मति प्रदान की। उपस्थित विद्वानों ने कहा कि शास्त्रीय पंडितों में विरले होसमने वेदशास्त्र संपन्न थे। आजीवन विद्यादान ,त्याग, तपस्या, परोपकार एवं सात्विक जीवनी से शिक्षा प्रदान करते हुए आज कीर्ति रूप में शेष हैं। सभा अध्यक्ष पंडित बापट ने कहा कि वे सही मायने में आचार्य थे। शास्त्रों का चयन, दूसरों को उसमें स्थापित करना और स्वयं शास्त्रानुसार आचरण करना यही आचार्य के लक्षण कहे गए हैं। वे लक्षण होसमने जी मे पूरीतरह से विद्यमान थे। सभा का संचालन विद्यालय के अध्यक्ष पं. विश्वेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने किया। सभा में पं. जगन्नाथ शास्त्री तैलंग,माधव रटाटे, अरुण दीक्षित, दत्तात्रेय नारायण रटाटे, वैभवकिशोर गोस्वामी, जितेंद्र द्विवेदी समेत काफी लोग मौजूद थे।

बहन के इलाज में वाहन का पैसा मांगने पर धमकी

आरोप

पिता व पुत्र के खिलाफ पांडेयपुर पुलिस ने रंगदारी व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया

वाराणसी। परचित से बहन के इलाज वास्ते वाहन लेकर वापस देने के नाम पर 5 लाख की मांग करना व न देने पर वाहन को शराब तस्करों के हाथ बेचकर शराब तस्करी के मुकदमे में फंसा देने की धमकी देने के मामले में पुलिसकर्मी पिता व पुत्र के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने रंगदारी व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया।

हुकुलगंज नई बस्ती निवासी आशीष गुप्ता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि भुल्लनपुर पीएसी परिसर के बिल्डिंग नम्बर 2601 निवासी अपने पूर्व परचित सुशील राय ने पहले लॉकडाउन दौरान बेगूसराय में रहने वाली अपनी बहन को इलाज वास्ते बनारस लाने की जरूरत बताकर हुंडई इयोन कार ली। समय बीतने के बाद वाहन की मांग करने पर कुछ समय बाद देने की बात कहकर टालते रहें।

वाहन वापसी के लिये फोन करने पर सुशील के द्वारा पिता कृष्णा नंद राय जो पुलिस विभाग में है को फोन दे दिया उन्होंने कुछ समय बाद वाहन वापसी की बात कही। पुनः काफी समय व्यतीत होने पर जब वाहन वापसी की मांग की गई तो 5 लाख की रंगदारी मांगते हुए वाहन को बिहार के शराब तस्करों के हाथ बेचने की बात कहते हुए तस्करी में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित के द्वारा स्थानीय पुलिस को से गुहार लगायी गयी लेकिन मुकदमा दर्ज नही हो सका तो न्यायालय की शरण ली।न्यायालय के आदेश पर लालपुर पुलिस ने धारा 406,386 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संक्षेप

घर में घुसकर दिया लूट की घटना को अंजाम

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के भदवर चौकी अंतर्गत रिटायर्ड आरएनएम सावित्री नामक महिला के निर्माणाधीन मकान में घुसकर बदमाशों ने 22 ग्राम की सोने की चेन लूट ली। पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की है। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार की रात लगभग साढ़े 12 बजे सोने चली गयी। मैं लेट गयी। इसी बीच बदमाश ने गले से चेन खींचा तो नींद खुल गयी। मैंने उसे झटका तो वह दरवाजे में लड़कर तुरंत कमरे से बाहर निकल गया। बरामदे में लगे निर्माण कार्य के लिए सीढ़ी का इस्तेमाल कर बालकनी से निकल कर पीछे कूद कर भाग गया। मैं बदमाश का चेहरा देख नहीं पायी।

घर पर दूसरों ने जमाया कब्जा!

रोहनिया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील राजातालाब मुख्यालय सभागार में एसडीएम गिरीश कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अफसरों को आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर नगर पंचायत गंगापुर निवासी लवकुश मोदनवाल ने शिकायत की कि पूर्वजों के समय से ही आराजी नंबर 34/1 रकबा 24 ह. हमारा परिवार काबिज है। वहां तीन कमरे बने हुए हैं। वर्तमान समय में गांव के कुछ लोग बिजली विभाग से मिलीभगत कर बिजली कनेक्शन लेकर तार खिंचवा लिया है। सिर्फ यही नहीं, उनलोगों ने मेरे मकान का ताला तोड़कर मौके पर कब्जा कर लिया है। इस पर नायब तहसीलदार सुलेखा वर्मा ने विद्युत विभाग के एसडीओ मंगला प्रसाद श्रीवास्तव को तत्काल जांच कर समस्या के निबटारे का निर्देश दिया। इसी प्रकार कई अन्य प्रकरण भी ग्रामीणों ने अफसरों के सामने रखे।

सपा ने कैंडल जला रेल दुर्घटना के मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार की शाम लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में कैंडल जलाया और ओडिशा के बालासोर जिले में दर्दनाक रेल हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि यह रेल दुर्घटना नहीं बल्कि सबसे बड़ी रेल त्रासदी है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह मृतक के परिजनों को 50-50 लाख रुपये व एक-एक आश्रित को सरकारी नौकरी और गंभीर रूप से घायलों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा दें। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूजा यादव, राजू यादव, हैदर गुड्डू, शमीम अंसारी, दीपचंद गुप्ता, दिलीप कश्यप, जावेद अंसारी, पार्वती कन्नौजिया, सुशील विश्वकर्मा, जानकी यादव, किरण शर्मा, शमीम अख्तर, अशोक सोनकर, सत्यनारायण यादव आदि शामिल थे।

आज निरस्त रहेगी निलांचल एक्सप्रेस

वाराणसी। उड़ीसा में हुए रेल हादसे के बाद रेलवे की ओर से देश भर के बड़े स्टेशनों पर हेल्पलाइन नंबरचालू कर दिये गये है। वाराणसी कैंट स्टेशन पर भी हादसे से जुड़ी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर चालू किया गया है। हादसे को देखते हुए नई दिल्ली से वाराणसी के रास्ते पुरी को जाने वाली ट्रेन संख्या 12876 निलांचल एक्सप्रेस को रविवार को निरस्त कर दिया गया है।

बनारस स्टेशन पर जल्द खुलेगा दवा स्टोर

वाराणसी। भारत सरकार के निर्देष पर रेल मंत्रालय द्वारा रेल यात्रियों, स्टेशनों पर आने-जाने वाले यात्रियों एवं आम जन की सुविधाओं को लिए स्टेशनों पर जेनरिक दवा खोलने का निर्णय लिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे पर गोरखपुर, बनारस, लखनऊ जं. एवं काशीपुर स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र खोलने के लिये चिन्हित किया गया है। इन औषधि केन्द्रों पर रेल यात्री जनता को बहुत कम मूल्य पर आवश्यक दवायें उपलब्ध हो सकेगी, जिसके लिये उन्हें स्टेशन के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

पड़ोसी ने किराएदार को पीटा

वाराणसी। कैंट थाना क्षेत्र के पहलूकापुरा में पड़ोसी ने किराएदार को पीट दिया। किराएदार पिन्टु पुत्र शिवगोविंद प्रसाद निवासी पहलुकापुरा फुलवरिया कैंट ने बताया कि मेरा परिवार पहलुकापुरा में किराए के मकान में रहता हैं। 29 मई की सुबह पड़ोसी मनोहर ने मेरे साथ मारपीट किया, तभी पत्नी सरोज देवी व भांजा राजन गोंड मुझे बचाने के लिए आए तो विपक्षी मनोहर ने सरोज देवी व भांजा राजन गोंड को भी मारने पीटने लगा। जिससे मेरे सर में चोट लग गया। मनोहर द्वारा बार-बार मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने का धमकी दे रहा है। और गाली गलौज भी दे रहा है। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से टोटो सवार चार घायल,भर्ती

मिर्जामुराद। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रखौना गांव के सामने हाईवे पर शनिवार को 11 बजे कछवांरोड के तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने पीछे से सवारी लादकर बनारस की तरफ जा रही टोटो को पीछे से धक्का मार दिया जिसमें टोटो चालक विकास समेत उसमें सवार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खगरामपुर निवासी पूजा सिंह उम्र (34) वर्ष व उनके दो पुत्र कार्तिक सिंह उम्र (4) वर्ष व सिद्धार्थ सिंह उम्र (7) वर्ष घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसआई जितेंद्र यादव ने प्राइवेट वाहन से लदवाकर घायलों को इलाज हेतु रोहनिया क्षेत्र के हेरिटेज हॉस्पिटल भेजवाया।वही टक्कर के बाद स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गई पुलिस ने कार चालक भदोही जनपद के औराई थाना क्षेत्र के गिर्द बड़गांव निवासी देवेश दुबे को कार सहित कब्जे में ले लिए।

मनबढ़ों ने मारपीट कर किया घायल

वाराणसी। लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी युवक को मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नई बस्ती पांडेयपुर निवासी ओमप्रकाश यादव पुत्र दीपचन्द्र यादव का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले मनबढ़ विक्की देशमुख, आशीष यादव, अनुज यादव व अभिषेक ने शनिवार दोपहर गोलबंद होकर लाठी डंडे से मारकर गंभीर रूप घायल कर दिया। वही मारपीट की घटना का विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

बतौर अधिवक्ता कचहरी में विधि व्यवसाय करने वाले पर मुकदमा

वाराणसी। कचहरी में विधि व्यवसाय करने वाले एक व्यक्ति पर जांच कमेटी के दो अधिवक्ताओं ने कैंट थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया है कि मोहन दास गुप्ता नामक व्यक्ति जो अतिरिक्त सिविल जज जूडि कोर्ट-05 के न्यायालय में कर्मचारियों व अधिवक्ताओं से झगड़ा कर रहे थे। जांच दल द्वारा बतौर अधिवक्ता न्यायालय में उक्त मोहन दास गुप्ता विधि व्यवसाय कार्य करते हुये पाये गये। जांच दल द्वारा मांगने पर परियच पत्र एवं सी0ओ0पी0 नहीं दिखा सके। और कोट व बैण्ड भी पहने हुये थे। इस प्रकार उक्त मोहन दास गुप्ता फर्जी तरीके से विधि व्यवसाय करते पाये गए। यह शिकायत प्रदीप कुमार राय एडवोकेट महामंत्री दी बनारस बार एसोसिएशन वाराणसी और शशिकान्त दूबे एडवोकेट महामंत्री महामन्त्री दी सेन्ट्रल बार एसोसिएसन वाराणसी द्वारा शिकायत की गई थी। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने 419, 420 धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चेन्नई में बॉयलर फटने से मृत दो युवकों की लाश पहुंची चौबेपुर

चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के चंद्रावती के रहने वाले दो युवको की बुधवार देर रात,चेन्नई के एक निजी फैक्ट्री का बॉयलर फटने से मेराज पुत्र आशीफ उम्र 18 वर्ष व एखलाख पुत्र निजामुद्दीन उम्र 22 वर्ष की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई थीं। शनिवार को जैसे ही शाम को दोनों युवकों का शव गांव पर पहुंचा तो कोहराम मच गया मेराज के पिता आसिफ बेसुध हो गए थे। मेराज की बहन बेहोश हो गयी। पिता का कहना था कि 15 दिन पहले ही मेरा बेटा चेन्नई गया था हम घर पर थे नहीं हमने उससे कहा कि बाबू हम आते हैं तो मिल कर जाना लेकिन मेराज इतना बताते हुए घर से चला गया अब्बू मेरा ट्रेन छूट जाएगा। उधर एकलाख के घर वाले सहित सगे संबंधियों का भी रो-रोकर हाल बेहला था। हर कोई परिजनों को हिम्मत व धैर्य से काम लेने की बात जरूर कह रहे थे लेकिन गमगीन माहौल देख सबकी आंखे नम हो रही थी।

वाराणसी समाचार

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अवशेष किसानों को वर्तमान रेट से दें मुआवजा : मुख्यमंत्री

सीएम योगी आदित्यनाथ ने की जनपद के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीसी वीडीए को निर्देश दिया है कि मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर एवं आवासीय योजना के दायरे में आ रहे अवशेष किसानों को वर्तमान रेट पर मुआवजा दें। साथ ही प्रकरण को लेकर चल रहे आंदोलन को कमश्रिर तत्काल प्रभाव से समाप्त कराएं। दूसरी ओर, सिंचाई विभाग तुरंत वरुणा नदी को साफ कराए। वहीं, अपराधियों पर विशेष रूप से अंकुश लगाया जाय। इस बात पर खास ध्यान रहे कि कोई भी अपराधी या माफिया कार्यों का ठेका न लेने पाए।

एकदिनी दौरे पर शनिवार को पहुंचे सीएम सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर तय वक्त में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने पर बल दिया। शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए योगी ने नगर निगम के वार्ड तथा मोहल्लास्तर पर कमेटी गठित तक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। ताकि इस मुहिम में व्यापक स्तर पर लोगों को जड़ना संभव हो। सीएम ने घाटों के काम यूपीपीसीएल को दिये जाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कार्य उसी कार्यदायी संस्था को दें जो उसके अनुरूप हो और जिसके पास मैनपावर की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय के शेष निर्माण कार्य निर्धारत समय के भीतर पूरा कराने पर बल दिया। इसके अलावा मंडलायुक्त को गोवर्द्धन योजना अच्छी तरह संचालित करने के निर्देश दिये।

बैठक

टीपी नगर योजना को लेकर चल रहे किसानों का आंदोलन तत्काल समाप्त करने पर दिया जोर

शहर में निर्माणाधीन परियोजनाओं को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर पूर्ण कराने के दिये निर्देश

सिंचाई विभाग तत्काल साफ कराए वरुणा नदी, अपराधियों पर विशेष रूप से लगाया जाए अंकुश

पिंडरा में बने आईटीआई की खराब गुणवत्ता की डीएम जांच कराते हुए दोषी के खिलाफ लें एक्शन

सीसीटीवी कैमरे बढ़ाकर कंट्रोल रूम से करें लिंक

समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने निर्देश दिया कि काशी आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ पुलिस का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। पुलिस प्रशासन अर्बन नक्सलियों की ओर भी ध्यान दे और नजर रखे। उन्होंने पुलिस विभाग को फुट पेट्रोलिंग समेत पीआरवी-112 पर और अधिक कार्य करने के निर्देश दिये। ताकि जनता के बीच सेफ सिटी की भावना उत्पन्न हो सके। उन्होंने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से वार्ता कर शहर में और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा। साथ ही उन कैमरों को कंट्रोल रूम से लिंक करने के निर्देश दिये। ताकि शहर में अवैध वसूली एवं अवैध टैक्सी स्टैंड आदि को रोका जा सके। उन्होंने गत दिनों काशी विश्वनाथ मंदिर में हुई सुरक्षा चूक की चर्चा करते हुए सिक्यूरिटी व्यवस्था और चाक-चौबंद करने का आदेश दिया।

ओवर लोडिंग पर तत्काल लें ऐक्शन

मीटिंग में मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों आयोजित होने वाले जी-20 समिट के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। निर्धारित रूट से अवैध टैक्सी स्टैंड हटवाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अलावा मुख्य सचिव को ओवर लोडिंग की समस्या पर तत्काल प्रभाव से एक्शन लेने तथा समस्या के समाधान पर कार्य करने पर बल दिया। डीएम एस. राजलिंगम ने उन्हें जी-20 बैठक की तैयारियों के बारे में बताया कि मेहमान 11 जून को बनारस पहुंचेंगे। उनका विभिन्न स्थानों पर स्वागत होगा। होटल ताज में सांस्कृतिक कार्यक्रम और डिनर का आयोजन होगा। अगले दिन टीएफसी में बैठक के बाद सभी अतिथि नमो घाट पर रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती देखेंगे। उन्हें सारनाथ में भी कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दिखाए जाएंगे। पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने जी-20 सम्मेलन के दौरान सुरक्षा, ट्रैफिक आदि व्यवस्था के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में जनपद के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था के बारे में समीक्षा बैठक की

आगामी मार्च तक बन जाएगा कज्जाकपुरा आरओबी : मंडलायुक्त

वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने शहर में चल रहे केंद्र व राज्य सरकार की 10305 करोड़ रुपये की लागत से चल रही 61 परियोजनाओं के बारे में बताया। उनमें से अधिकांश का शिलान्यास हो चुका है। वर्तमान में सर्वाधिक काम सड़कों पर किया जा रहा है। उनमें वाराणसी-औरंगाबाद मार्ग चौड़ीकरण, रिंग रोड, शिवपुर-फुलवरिया मार्ग आदि की जानकारी दी। कमिश्नर ने डाफी टोल प्लाजा के पास ओवरलोड ट्रकों के चलते खराब हुई सड़क की ओर ध्यान दिलाया। शहर के भीतर मोहनसराय-रोहनिया, लंका-रवींद्रपुरी आदि पांच मार्गों के चौड़ीकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कज्जाकपुरा आरओबी का करीब 41% काम हो चुका है। मार्च-2024 तक परियोजना पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने रमना में निर्माणाधीन वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट, पंचकोशी परिक्रमा की धर्मशालाओं के पुनरुद्धार कार्य की प्रगति, सारनाथ में प्रो-पुअर टूरिज्म योजना, शहर में नौ और सीएनजी स्टेशन शुरु करने, सिगरा स्टेडियम के फेज-1 का कार्य अगस्त कर पूर्ण कर लिये जाने आदि के बारे में जानकारी दी।

बैठक के दौरान पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने अपने क्षेत्र में बनी आईटीआई की खराब गुणवत्ता की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। मीटिंग में सूबे के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी एवं सौरभ श्रीवास्तव, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा आधि भी रहे। बैठक के बाद सीएम ने काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

खेल के माध्यम से भारत के सामर्थ्य को वैश्विक मंच पर पहुंचाना लक्ष्यः योगी

समारोह

गांव हो शहर सभी को खेल से जोड़ने का काम तेजी से हो रहा

गांव में खेल मैदान के पास और शहर में किसी पार्क में बनेगा ओपन जीम

खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराया जा रहा

वाराणसी। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के समापन पर विजेताओं को सम्मानित करने पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि खेल के माध्यम से भारत के सामर्थ्य को विश्व पटल पर स्थापित करने का काम शुरू हो गया गया है। ऐसे खेलों से उन प्रतिभावान खिलाड़ियों को ना केवल एक मजबूत मंच मिलेगा बल्कि नेशनल और इंटरनेशनल खेलों में अपने प्रतिभा के दम पर खेलने का मौका।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। आज सभी ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान बनाया जा रहा है। जिला स्तर पर स्टेडिम की कार्रवाई चल रही है। गांव हो या शहर, गांव में खेल के मैदान के पास और शहरी क्षेत्र में किसी पार्क में ओपन जीम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना आये इसके लिए उन्हें स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने का काम डबल इंजन की सरकार कर रही है। प्रदेश के जिलों में युवा दल और महिला मंगल दल को 65,000 स्पोर्ट्स किट देने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया गया। प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ जुड़कर पूरी तत्परता के साथ हम लगे हैं।

मुझे चिंता थी कि इस भीषण गर्मी में हमारे खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन गर्मी की परवाह किये बिना पूरी तत्परता के साथ जिस तरह से हमारे खिलाड़ियों ने खेल का परिचय दिया वह प्रशंसा के योग्य है। हालांकि इस गेम को हम फरवरी या मार्च में कराना चाहते थे, लेकिन निकाय चुनाव की वजह से टाला गया और इसके बाद कम समय में जिस तरह से खेल मंत्रालय ने इस काम को पूरा किया। इस आयोजन को सफल बनाने वालों सभी जन प्रतिनिधि, मंत्रीगण और खेल से जुड़े अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

इस मौके पर राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक,खेल मंत्री गिरिश यादव, मंत्री डॉ. संजय निषाद, मुख्य सचित दुर्गा शंकर मिश्र, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवार, अवधेश कुमार सिंह, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य,एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल समेत खेल से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खेलो इंडिया के समापन समारोह को सम्बोधित करते सीएम योगी

उड़ीसा की घटना पर सीएम ने व्यक्त किया शोक

वाराणसी। तीसरे खेलो इंडियन यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2022 उत्तर प्रदेश का भारत की आध्यात्मिक राजधानी वाराणसी में समापन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) परिसर में एक सादगी भरे समारोह के साथ हुआ। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की इच्छा थी कि इन खेलों के समापन समारोह का भव्य आयोजन किया जाये लेकिन ओडिशा में रेल दुर्घटना त्रासदी के चलते उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया कि इस आयोजन को सादगी के साथ किया गया ताकि इन खेलों मे प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस अवसर पर ओडिशा में रेल दुर्घटना त्रासदी के पीड़ितों को राज्य की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए। केंद्रीय युवा मामले और खेल और सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में पीड़ितों के प्रति शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर ओडिशा में रेल दुर्घटना त्रासदी में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इन यूनिवर्सिटी को मिले इतने पदक

वाराणसी। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ को 26 स्वर्ण, 17 रजत और 26 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन की ट्राफी मिली। वहीं गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को इस खेल महाकुंभ की उपविजेता ट्राफी मिली जिसने 24 स्वर्ण, 27 रजत, 17 कांस्य हासिल किए। इसी के साथ जैन यूनिवर्सिटी, कर्नाटक को 16 स्वर्ण, 10 रजत, 6 कांस्य के साथ तीसरा स्थान मिला जिन्हें ट्राफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पंजाब यूनिवर्सिटी 67 पदकों के साथ पहले स्थान पर

वाराणसी। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय राज्य मंत्री गृह एवं खेल निशीथ प्रमाणिक ने वाराणसी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश समापन समारोह में हिस्सा लिया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज मुझे बहुत संतुष्टि मिली है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप खेलो इंडिया अभियान ने एक क्रांति का रूप ले लिया है। खेलो इंडिया गेम्स एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से आयोजित किए जाता हैं जहां विविध पृष्ठभूमि के एथलीट भाग लेते हैं और एक मंच पर अपनी विविधता साझा करते हैं। यह खेल की उत्कृष्टता और राष्ट्र की सेवा में अनुशासित, समर्पित तथा कर्त्तव्य-केंद्रित युवाओं के निर्माण से संबंधित है। खेल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स खेलों में देश के अंदर प्रतिभा की पहचान का सबसे बड़ा मंच बन गया हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर पंजाब यूनिवर्सिटी, दूसरे स्थान पर गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर और तीसरे स्थान पर कर्नाटक के जैन यूनिवर्सिटी रही।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री ने कहा कि गर्मी व मुश्किल समय में योगी जी के प्रभावी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में शानदार आयोजन किया है। इसके लिए उनको और उनकी टीम को भारत सरकार की ओर से धन्यवाद देता हूं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स देश के हर सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए प्रदर्शन करने का बेहतरीन माध्यम बना है। उन्होंने बंगाल की कुंडू, उड़ीसा की रग्बी खिलाड़ी निर्मला राव, मछली विक्रेता के पुत्र रग्बी खिलाड़ी भरत चौहान, वाराणसी के वॉलीबॉल खिलाड़ी श्रेयांश और त्रिपुरा की जूडो खिलाड़ी स्मिता डे का उदाहरण दिया और कहा कि यह सभी सामान्य परिवार से हैं लेकिन बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए विपरीत परिस्थितियां इनके आड़े नहीं आई है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत वर्तमान में सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है तो खेल में कैसे पीछे रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में भारत का पदक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। यह संभव प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनका मनोबल बढ़ाने के कारण हुआ है। 15 अगस्त तक पूरे देश को 1000 खेलो इंडिया सेंटर की सौगात देने के मिशन पर काम कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान उड़ीसा में हुए रेल हादसे के दौरान मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

विजेता पंजाब विश्वविद्यालय की टीम को विजेता ट्राफी देकर सम्मानित करने के बाद सीएम योगी व अनुराग ठाकुर

खेलो इंडिया का समापन

खेलो इंडिया प्लेटफार्म, खेल में उत्कृष्टता और राष्ट्र की सेवा में अनुशासित, समर्पित तथा कर्त्तव्य-केंद्रित युवाओं के निर्माण से संबंधित है : अनुराग ठाकुर

उदीयमान खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं

प्रधानमंत्री ने देश में खेल की संस्कृति को और विकसित करने तथा देश के युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने पर बहुत ध्यान दिया है। सरकार द्वारा उदीयमान खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं और देश में खेल के इकोसिस्टम को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन इसी दिशा में एक और शानदार कदम है।

समारोह में योग करते बच्चे

4000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में पहली बार हुए इन खेलों में 200 से ज्यादा विश्वविद्यालयों के 4000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपने कौशल व सामर्थ्य का प्रदर्शन किया और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खेलों में देश को महाशक्ति बनाने के संकल्प को खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से गति दी।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में भारत में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों के हिस्सा लेने के साथ पदक जीतने का ग्राफ तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स एक उदाहरण बना गया है जिसमें पूरी तत्परता से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए खेलों के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की। उत्तर प्रदेश को तीसरे खेलो इंडियन यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2022 उत्तर प्रदेश की मेजबानी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय युवा मामले और खेल और सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और निशीथ प्रमाणिक (केंद्रीय राज्य मंत्री, गृह मंत्रालय और केंद्रीय राज्य मंत्री, युवा मामले और खेल मंत्रालय) का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री को सम्मानित करते केन्द्र राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक

खेलो का बजट तीन गुना से ज्यादा बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने खेलो का बजट तीन गुना से ज्यादा बढ़ाया और खेलों के आधारभूत ढांचे के लगातार सुदृढ़ीकरण से आज भारत खेलों मे निरंतर नये सोपान पा रहा है। सिगरा में मार्डन फैसिलिटी वाला खेल कांप्लेक्स बना रहे है। उन्होंने खेलो में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शिव श्रीधर जिन्होंने 7 मेडल जीते और टॉप्स स्कीम के 4 स्वर्ण विजेता खिलाड़ी अनीश, सागर जागलान, विक्रांत मलिक, तान्या चौधरी, तीन स्वर्ण पदक विजेता मनु भाकर सहित निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह सहित कई खिलाड़ियों का जिक्र किया। उन्होंने अपने संबोधन में गरीब तबके से आने वाले कई खिलाड़ियों का जिक्र किया और इन खेलों में मलखंब व योगासन को जोड़ने पर खुशी जताई।

ज्ञानवापी के पैरोकार ने मुकदमा छोड़ने का दिया संकेत

वाराणसी। ज्ञानवापी मामले पर शनिवार को पैरोकार ने मुकदमा छोड़ने का संकेत देकर लोगों को सकते में ला दिया। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी के मुख्य पैरोकार जितेंद्र सिंह बिसेन ने मुकदमा छोड़ने का एलान किया है। जितेंद्र सिंह बिसेन ने कहा, ये धर्मयुद्ध लड़ते-लड़ते समाज ने हमें गद्दार घोषित कर दिया। मेरा परिवार मुसीबतों से लड़ रहा है। मैं खुद को उन सभी मुकदमों से हटाता हूं जो हमने देश और धर्म के हित में कोर्ट में दायर किए थे। मैं क्षमा चाहता हूं, अब नहीं सहा जाता।

मैं देश व समाज को सूचित कर रहा हूं, कि मैं और मेरा परिवार उन सभी मुकदमों से अपने आप को हटा रहा है, जो मुकदमे देश और धर्म के हित में हमारे परिवार के द्वारा विभिन्न न्यायालयों में दायर किए गए थे। इन सभी मुकदमों को डालने के बाद मैं और मेरा परिवार हर तरह से विधमीयों वह हिंदू गद्दारों के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इस धर्म युद्ध को लड़ते हुए अपने ही समाज के द्वारा उल्टा हमें गद्दार घोषित किया जा चुका है। शासन के द्वारा भी केवल हमें ही प्रताड़ित करने का काम किया गया है। ऐसे में शक्ति और सामर्थ्य सीमित होने की वजह से इस धर्म युद्ध को मैं अब और नहीं लड़ सकता। इसलिए यह धर्म युद्ध छोड़ रहा हूं। इस धर्म युद्ध को शुरू करके शायद मैंने अपने जीवन में सबसे बड़ी गलती करी थी।

यह समाज केवल धर्म के नाम पर नौटंकी करके समाज को भ्रमित करने वालों के साथ है। अपना सर्वस्व न्योछावर कर के देश और समाज की रक्षा का कार्य करने वाला अपने ही समाज के द्वारा उपेक्षित और अपमानित किया जाता है। क्षमा चाहता हूं, अब और नहीं सहा जाता।

खलबली

बिसेन के मुकदमा छोड़ने की खबर से सभी सकते में

रिटेल डायरेक्ट्री

देश के जीडीपी ग्रोथ में मत्स्य विभाग का 22% योगदान

सूबे के विभागीय मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मोदी सरकार के कार्यकाल को सराहा

पत्रकार-वार्ता

बोले : प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को रहा समर्पित

वर्तमान केंद्र-राज्य सरकारों ने मछुआ समाज के सर्वांगीण विकास को उठाए खास कदम

लगाए आरोप : पूर्व की सरकारें निषाद समाज को समझती थीं अछूत, नहीं किया कोई कार्य

जनसंदेश न्यूज

प्रदेश में मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता की

वाराणसी। भारत की जीडीपी ग्रोथ में 22% योगदान मछली कारोबार का है। जबकि कृषि का योगदान 3.1% ही है। मत्स्य विभाग की योजनाओं के जरिये इस पेशे से जुड़े लोगों को न सिर्फ रोजगार मिल रहा है बल्कि राजस्व में भी वृद्धि हो रही है। मछली उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में भारत दूसरे स्थान पर है। इस साल सूबे के छह हजार मछुआरों को मुफ्त साइकिल बाटेंगे।

सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को प्रदेश के मत्स्य विभाग मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने पत्रकार-वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी ही एक मात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपने कार्यों का हिसाब जनता को दिया है। उनकी सरकार की तय नीतियों और अंतिम व्यक्तियों तक पहुंच के कारण ही योजनाओं का शत-प्रतिशत हरएक पात्र को मिल रहा है। यही मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उनकी सरकार लगातार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है।

एक प्रश्न के उत्तर में डॉ. निषाद ने कहा कि बीते सालों में परिवारवाद तथा तुष्टिकरण की राजनीति खत्म हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की सरकारें मछुआ समाज को अछूत समझती थीं, उनको सिर्फ 18% मछुआ समाज के वोट से तो मतलब रहा लेकिन निषाद समाज के विकास और इतिहास के लिए कोई कार्य नहीं किया। पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के गौरवशाली इतिहास को खत्म करने की कोशिश की। जबकि मोदी-योगी सरकार मछुआ समाज के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि प्रयागराज में 56 फीट की प्रभु श्रीराम और महाराजा गुह्यराज निषाद की प्रतिमा लगायी गई है। अयोध्या के सरयूतट और काशी के गंगातट स्थित तेलियानाला घाट पर भी निषाद राज गुह्य की प्रतिमा लगाने का निर्णय लेना निषाद समाज के लिए गौरव की बात है।

ओडिशा रेल हादसे पर कैबिनेट मंत्री ने दुख जताया। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। दूसरी ओर, मलदहिया स्थित गांधी अध्ययन पीठ सभागार में आयोजित मंडल स्तरीय विभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ. निषाद मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर मछुआ समाज को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

योजनाओं के लिए ऑनलाइन दें अर्जी

प्रेसवार्ता में सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मछुआ समाज के हित में लगातार पहल कर रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना और मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के तहत लाभ देने के लिए विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन मांगे गए हैं।

केंद्र से मांगे एक हजार करोड़

पत्रकार-वार्ता में एक सवाल के जवाब डॉ. निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए केंद्र सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये की मांग की गई है। मत्स्य पालक कल्याण कोष से मछुआ समाज का उत्थान संभव है। कारण, इसका सीधा लाभ मछुआ समाज को मिलेगा। स्कीम में सामुदायिक भवन निर्माण, मछुआ आवास निर्माण, दैवी आपदा में चिकित्सा सहायता, प्रशिक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के माध्यम से मत्स्य पालकों एवं मछुआरों को लाभांवित करेंगे। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में शामिल 30 स्कीम से मछुआरों एवं कमजोर तबके के लोगों का बहुमुखी विकास कर रहे हैं। इस योजना में गत वर्ष प्राप्त 85 हजार आवेदनों में से 15 हजार लोगों को लाभांवित किया गया। मछुआ कल्याण कोष से मछुआरों के बच्चों के पठन-पाठन से लेकर कमजोर तबके के मछुआरों को आवास आदि की व्यवस्था करा रहे हैं।

आयात-निर्यात को बढ़ावा देगा चंदौली का फिश मार्केट

डॉ. संजय कुमार निषाद ने मीडिया को बताया कि मछली के आयात-निर्यात को बढ़ावा देने और पूर्वांचल के जिलों में उत्पादित मछली का उचित मूल्य मत्स्य पालकों व कारोबारियों के लिए सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत चंदौली में निर्माणाधीन एशिया का सबसे बड़ा स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट आगामी वर्ष 18 जुलाई तक बनकर तैयार हो जाएगा। 61.87 करोड़ रुपये लागत की इस परियोजना में थोक-फुटकर बिक्री भवन, एक्सपीरियेंस सेंटर, 111 अत्याधुनिक दुकानें, प्रशासनिक भवन आदि शामिल हैं। इससे पूर्वांचल के सभी जिलों में मछली कारोबार को प्रोत्साहन मिलेगा। इस मंडी के बन जाने के बाद करीब 15 सौ लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। फिश मार्केट पूरी क्षमता में संचालित होने पर सालाना करीब 75 हजार एमटी मछलियों का व्यापार होने लगेगा।

हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी प्रथम

सफलता

मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ गुणवत्तापूर्ण सुधार

अराजीलाइन, हरहुआ व चिरईगांव ब्लॉक जनपद में सर्वश्रेष्ठ

वाराणसी। गर्भावस्था में एचआईवी जांच, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल, वर्तमान जन्म अनुपात, प्रसव पूर्व जांच समेत 16 संकेतकों पर अच्छा कार्य करने के लिए अप्रैल माह में वाराणसी को प्रदेश की हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने जिले की समस्त नगरीय व ग्रामीण स्तरीय पीएचसी-सीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी है और सेवाओं की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पिछले तीन माह से हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी दूसरे व तीसरे स्थान पर बना हुआ है। लेकिन इस बार वाराणसी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इससे ज्ञात होता है कि जनपद के सभी राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व उपकेन्द्रों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ एचसी मौर्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार सिंह के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। संकेतकों में सुधार के लिए आशा कार्यकताओं और एएनएम की अहम भूमिका है। आशा कार्यकर्ता समुदाय से लाभार्थियों को प्रेरित कर चिकित्सा इकाइयों तक लाती हैं। वाराणसी की यह रैंकिंग अंग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं का सम्मान है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, नवजात स्वास्थ्य और पोषण संबंधित गतिविधियों की गुणवत्ता बरकरार रखी जाए। समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सीय व स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाने के लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रही है। यही सरकार व विभाग का लक्ष्य है।

खुलने लगे बंद बैंक खाते तो आयकर की गड़ी नजर

जनसंदेश न्यूज

निगहबानी शुरू

कई सालों से बंद पड़े खातों को अपडेट करा रहे लोग

गुलाबी नोट को भुनाने के चक्कर में याद आ रहे पुराने खाते

वाराणसी। दो हजार के नोट को बैंकों में जमा करने के लिए जहां लोग चालाकी बरत रहे हैं। वहीं, आयकर विभाग भी ऐसे खाताधारकों पर अपनी निगहबानी तेज कर दी है। दो हजार के नोट जमा करने के लिए खाताधारक अपने पुराने उन खातों को अपडेट कराते हुए खोलने लगे हैं, जो वर्षों से बंद पड़े थे। खाता चालू होते ही दो हजार के नोट जमा कर रहे हैं। बैंकर्स की मानें तो पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से करीब पांच सौ पुराने खाते अपडेट कराकर चालू किये जा चुके हैं।

बैंकिंग से जुड़े लोगों की मानें तो दो हजार के नोट लेकर जब शाखाओं में पहुंच रहे हैं तो चालू खाता में जमा करने से परहेज कर रहे हैं। ऐसे लोग अपने परिजनों के नाम से बंद पड़े खातों को चालू कराने और फिर उसमें जमा करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। चूंकि बंद खातों को चालू करने के बाद पहले कुछ रकम जमा करने की बात कहीं जाती है। सो, इसका लाभ उठाते हुए लोग दन्न से दो हजार रुपये के नोट का स्लिप भरकर कैश काउंटर पर पहुंच जा रहे हैं। अब बैंकर्स उसे लौटा सकता नहीं, क्योंकि आरबीआई की गाइडलाइन है। कैश काउंटर पर बैठा कैशियर भी मना नहीं कर सकता है, क्योंकि सामने वाले खाताधारक ने अपने खाते को अपडेट करा लिया है यानी केवाईसी करा दिया है।

यहीं वजह है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों में इन दिनों बंद खातों को खोलने के लिए धड़ाधड़ केवाईसी अपडेट किए जा रहे हैं।

आधार, पैन से लेकर नाम, पता सब कुछ वेरिफाई किया जा रहा है। बैंकर्स का कहना है कि वर्षों से बंद खातों के बाबत आयकर विभाग ने निगहबानी तेज कर दी है। सभी बैंकर्स से ऐसे खातों की रोजाना सूची भी मांगी जा रही है। अभी तक पांच सौ से अधिक ऐसे खातों की जानकारी आयकर विभाग को दी जा चुकी है। दूसरी तरफ, आयकर विभाग के सूत्रों का कहना है कि दो हजार का नोट जमा करने में लोग इतना अधिक मशगूल हो चुके हैं कि अधिकतर यह बात भूल जा रहे हैं कि उनके आधार अब तो पैन से लिंक हो चुके हैं। आधार और पैन लिंक होने से भी आयकर विभाग के राडार पर हर खाताधारक होता है। आधार से पैन लिंक हो जाने की वजह से सभी खातों का विवरण आयकर विभाग के पास पहुंच जा रहा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने किया श्रमदान

वाराणसी। बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर-बरकछा स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय में विश्व पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया और पौधरोपण भी किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना एवं लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूक करना था। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने संकाय मै फैले प्लास्टिक एवं प्लास्टिक से जुड़े प्रदूषक को साफ कर संकाय को प्लास्टिक मुक्त बनाया। इस दौरान संकाय परिसर में दो हजार नये पौधे लगाने एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान अधिष्ठाता डॉ. शाहिद परवेज, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ करुणामय, डॉ. कृष्णेंदू कुंडू, डॉ. अनुपम ब्रह्मा आदि उपस्थित थे।

बीएचयू के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

वाराणसी। विश्व साइकिल दिवस पर शनिवार को बीएचयू के छात्रों ने साइकिल रैली निकाली। राष्ट्रीय सेवा योजना भवन से निकली रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। साइकिल रैली का उद्घाटन करते हुए छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने कहा कि चिकित्सकीय अनुसंधान से यह बात सामने आई है कि जो व्यक्ति नियमित रूप से साइकिल चलाते हैं, वह एक स्वस्थ और बेहतर जीवन व्यतीत करते हैं। उन्हें हृदय संबंधी या उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियां नहीं होती। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग अपने आप में एक पूर्ण व्यायाम है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बाला लखेंद्र ने कहा कि व्हीकल के ज्यादा इस्तेमाल ने पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया। सेहत के लिए साइकिल आज भी काफी उपयोगी है। साइकिल रैली में सुजल यादव, राम मिलन, अभय उपाध्याय, अभिषेक कन्नौजिया, सौरव सिंह आदि शामिल रहे।

विश्व साइकिल दिवस

स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने को मूल मंत्र बताया

संक्षेप

जियो समिति के चुनाव को वोटर लिस्ट प्रकाशित

वाराणसी। जिला मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया है कि उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति, नियमावली, 2008 के नियम 8 के तहत जनपद के नगरीय निकाय नगर निगम तथा नगर पंचायत गंगापुर के निर्वाचित पार्षदों एवं सदस्यों में से जिला योजना समिति के निर्वाचित होने वाले सदस्यों के लिए शनिवार को वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया गया। यह मतदाता सूची देखने के लिए संबंधित निकाय कार्यालय या जोन कार्यालय एवं विकास भवन के चतुर्थ तल पर स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विकास भवन में रखी जाएगी। वोटर लिस्ट में दर्ज किसी भी बिंदु पर यदि कोई त्रुटि हो तो तत्काल संबंधित निकाय के जोनल अधिकारी या अधिशासी अधिकारी अथवा विकास भवन स्थित इलेक्शन ऑफिस में लिखित रूप से जानकारी दे सकते हैं।

मिशन लाइफ के तहत जीवन जीने की सीख

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में वाराणसी मंडल पर पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने एवं स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग एवं संरक्षण हेतु प्रेरित करने हेतु मिशन लाइफ अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल चिकित्सालय में 'मिशन लाइफ' के अंतर्गत तनाव प्रबंधन एवं मानव कल्याण पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन करके किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आर.जे. चौधुरी ने सभी का स्वागत किया एवं मिशन लाइफ के अंतर्गत ईको फ्रेंडली व्यवहार करने, कार्य अधिकता के तनाव के प्रबंधन और उसकी विधि तथा स्वास्थ्यवर्धक मिलेट्स(मोटे अनाजों) का सेवन करने के बारे में बताया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आलोक केशरवानी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर आर सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनन्दा चतुर्वेदी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. निरज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना दूबे, सहायक मंडल चिकित्साधिकारी डॉ. निशांत, डॉ. मोनिका शुक्ला तथा डॉ. ममता सिंह समेत मंडल चिकित्सालय के कर्मचारी आदि रहे।

द क्रिकेट ब्वाय फाइनल में

वाराणसी। मैन ऑफ द मैच गौरव कुमार यादव (अजय 43 रन, तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत द क्रिकेट ब्वाय ने यहां मुस्लिम इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रही सुकुरुल्लाह खां अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को एसडीसीए को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसडीसीए की टीम 20.3 ओवर में 87 रन पर सिमट गयी। प्रखर अग्निहोत्री ने 21 और मयंक मौर्या ने 18 रन बनाये। आयुष यादव ने दो और गौरव यादव ने तीन विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी द क्रिकेट ब्वाय की टीम ने 26.2 ओवर में चार विकेट पर 91 रन बनाकर मैच जीत लिया। गौरव के अलावा शुभ राय और अम्बुज यादव ने 17-17 रन बनाये। आयुष श्रीवास्तव व आयुष यादव ने दो-दो विकेट लिया।

हिलयास दुर्गाकुंड स्टोर रिलांच हुआ

वाराणसी। भारत की अग्रणी घड़ी व ज्वेलरी समूह टाइटन के दुर्गाकुंड स्थित हिलयास घड़ी स्टोर का रिलांच शुक्रवार को टाइटन के प्रबंध निदेशक सीके वेंकटरमन ने किया। हिलयास स्टोर दुर्गाकुंड के संचालक अशोक कुमार तिवारी व आकाश तिवारी के अनुसार हिलयास स्टोर में चालीस से अधिक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय ब्रांडों की घड़िया उपलब्ध है। जिसमें टीसोट, सीको, टाइटन, जी-शोक, माइकल कोर्स, इम्पोरियम अरमानी, टोमी हिलफिगर, अमेजफिट, नेबुला, जेन, विक्टोरीनोक्स, स्वारोवस्की, कोच, फोसिल और भी कई ब्राण्ड है। हिलयास के भारत के 85 शहरों में दो सौ स्टोर है। इस अवसर पर दुर्गाकुंड हिलयास स्टोर में 4 जून तक ग्राहकों को दस प्रतिशत की विशेष छूट मिलेगी। इस अवसर पर मीता मित्तल, अशोक तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

कराहा पूजन में गर्म खीर से किया स्नान

वाराणसी। हरहुआ के काजी सराय गांव में शनिवार को कराहा पूजन का आयोजन किया गया। कराहा पूजन में शंभू भगत ने गरम खीर से स्नान किया। पं अशोक दुबे ने हवन पूजन संपन्न कराया। पूजा के संयोजक पराऊ पाल ने बताया कि कराहा पूजा पशुओं की बीमारी, किसानों की अच्छी फसल के लिए किया गया। इस मौके पर संतोष पहलवान, वीरेंद्र धर्मेंद्र, प्यारेलाल, नीरज पहलवान, शमशेर इत्यादि लोग मौजूद थे।

पर्यावरण को बचाने के लिए सेना के जवानों ने लगाये पौधे

चौबेपुर। पर्यावरण को बचाने के लिए भारतीय सेना के जवानों ने चौबेपुर कस्बा स्थित मारकण्डेय आईटीआई प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण को संतुलित रखने तथा प्लास्टिक मुक्त भारत को सफल बनाने में युवाओं को प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर 39 गोरखा रेजीमेंट गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार पीसी खेद्दार ने कहा कि आज पर्यावरण को संतुलित करने के लिए गांव-गांव पौधरोपण करना जरुरी हो गया है। गंगा में हो रहे कटान को रोकने, गंगा में कूड़ा कचरा, नदियों में नालों का प्रदूषित पानी के चलते पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। इस मौके पर मारकण्डेय महादेव ग्रुप ऑफ आईटीआई के प्रबंधक अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए भारत सरकार की यह पहल निश्चय ही कामयाब होगी। मारकण्डेय महादेव ग्रुप ऑफ आईटीआई के प्रबंध निदेशक अपूर्व कुमार तिवारी ने सेना से आये 14 जवानों को सम्मानित किया। इस मौके पर कौलेश तिवारी, शिववचन सिंह चौहान, रिंकू तिवारी, मनोज मौर्य, अजय सिंह, भोलानाथ प्रजापति समेत काफी लोग मौजूद थे।

अब लाइलाज नहीं शिशुओं के जन्मजात टेढ़े पंजे

वाराणसी। शिशुओं के जन्मजात टेढ़े पंजे (क्लबफुट) की विकृति अब लाइलाज नहीं रही। समय से उपचार होने पर यह पूरी तरह ठीक हो जाती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत इसके उपचार की सुविधा उपलब्ध है। विश्व क्लबफुट दिवस पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिंह ने उक्त विचार व्यक्त किया। डा. आरके सिंह ने कहा कि क्लबफुट इलाज के लिए पोंसेटी पद्धति के विकासकर्ता डॉ इग्नासियो पोंसेटी के जन्मदिन 3 जून को हर वर्ष विश्व क्लब फुट दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही क्लबफुट की जन्मजात विकृति का उपचार कराने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि टेढ़े पंजे (क्लबफुट) की समस्या एक जन्मजात विसंगति है। ऐसे बच्चों के पंजे जन्म के बाद अंदर की ओर मुड़े होते हैं। किसी बच्चे का दोनों पैर तो किसी बच्चे का एक पैर भी अंदर की ओर मुड़ा हुआ हो सकता है। अगर समय से उपचार हो तो ऐसे बच्चे पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।

निगम के विभागों के साथ महापौर ने की बैठक

वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शनिवार को नगर निगम के सभी अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निगम के सभी विभागों के लोगों साथ पहली बैठक में परिचय लेते हुए कार्य पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में नगर निगम सीमा विस्तार के नव सम्मिलित वार्डो में नगर निगम द्वारा क्या क्या-क्या कार्य कराया जा रहा है, सीमा विस्तार के नव सम्मिलित वार्डो में नगर निगम द्वारा जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की क्या व्यवस्था है, नगर निगम मुख्यालय व समस्त जोनों पर तैनात कर्मचारियों की संख्या एवं 03 वर्ष से अधिक एक पटल पर तैनात अधिकारी/ कर्मचारी का विवरण उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही नगर निगम के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों की संख्या व विद्यालयवार छात्र/छात्राओं की संख्या की जानकारी चाही गयी।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों की संख्या (स्थायी, संविदा, आउटसोर्सिंग) सहित, नगर निगम सीमा अन्तर्गत कितने बीट है, बीट वाइज कर्मचारी संख्या, सफाई कर्मचारियों कितने शिफ्ट में कार्य करते है, सिफ्ट वाइज कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों की संख्या, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति किस तरह से प्रमाणित की जाती है तथा गंगा घाटों की सफाई व संरक्षण का विस्तृत जानकारी मांगी गयी। सामान्य विभाग की समीक्षा में नगर निगम के अन्तर्गत कुल कितने सड़को का निर्माण व रख-रखाव कराया जाता है, अन्य विभागों के रोड का विवरण, नगर निगम क्षेत्र में कितने नालें व नालियां है, का विस्तृत विवरण तथा अतिक्रमित नाले व नालियों पर कार्यवाही का विवरण मांगी गयी।

साथ ही विभिन्न निधियों से कितने कार्य चल रहें है, कितने कार्य पूर्ण करा लिये गये है, कुल कितने कार्य लम्बित है, पूर्ण विवरण एवं अद्यतन स्थिति क्या है, नगर निगम अर्न्तगत कुंओं की संख्या व वस्तुस्थिती का विवरण की जानकारी चाही गयी। बैठक में नगर आयुक्त शिपू गिरि, अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय व सुमित कुमार, प्रभारी अधिकारी, राजस्व अजय मिश्र, सहायक नगर आयुक्त अमित शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. एन.पी. सिंह, मुख्य अभियन्ता मोइनुद्दीन, महाप्रबन्धक, जलकल रघुवेन्द्र कुमार, समस्त जोनल अधिकारी, पी.आर.ओ. संदीप श्रीवास्तव इत्यादि रहे।

समीक्षा

सभी नये वार्ड सहित विभागों के कार्य प्रणाली की जानकारी लेते हुए कर्मचारियों से किया परिचय

बैनवन में किसानों का बेमियादी धरना शुरू

रोहनिया। मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने बैरवन में शनिवार से बेमियादी धरना प्रारंभ किया। धरने में सर्वदलीय लोग बैठे और कहा कि जब तक उनकी पांच सूत्री मांगों को पूरा नहीं किया जाता, धरना जारी रहेगा। हालांकि किसानों के धरने पर बैठने और मुख्यमंत्री से मिलने की बात सामने आते ही मौके पर पहुंचे रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने मनाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन किसान टस से मस नहीं हुए।

संगठन के मुख्य संरक्षक विनय शंकर राय का कहना है कि उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि मुआवजा नही लेने वाले और जिन किसानों की जमीन एवार्ड नही हुई है, उनका मालिकाना हक बना रहेगा। शासन उन किसानों की जमीन का डि-नोटिफिकेशन भी कर सकता है या अधिग्रहण करेगा तो उसे नियमानुसार मुआवजा देना होगा। लेकिन प्रशासन ने बिना वैधानिक प्रक्रिया शुरू किये ही जमीनों पर कब्जा करना शुरू कर दिया था, जो उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

आंदोलन

बोले किसान-मांग पूरी होने तक चलता रहेगा धरना

धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि जब तक उनकी पांच सूत्री मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक आंदोलन चलता रहेगा। धरने पर राष्ट्रीय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि प्रताप सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, अपना दल कमेरावादी के प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच राजेश पटेल, समाजवादी पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कन्नौजिया, मेवा पटेल, छेदी पटेल, उदय पटेल, प्रेम शाह, राधा देव, सुनीता पटेल, उर्मिला पटेल, दिनेश तिवारी, बिटना देवी अवधेश प्रताप आदि बैठे।

भाजपा ने ओडिशा रेल हादसे पर जताया दुःख

वाराणसी। ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को हुए भयावह रेल हादसे पर दुःख जताते हुए भाजपा काशी क्षेत्र ने मृतकों के प्रति शोक प्रकट किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही शनिवार को होने वाले सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिये गये। उन्होंने रेल दुर्घटना में मृत लोगों के प्रति गहरा शोक प्रकट किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्र महामंत्री अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, अशोक पटेल, अभिषेक मिश्रा आदि शामिल रहे।

दिव्यांगजनों के लिए मोबाइल कोर्ट 22 को

जनसंदेश न्यूज

अच्छी पहल

आयोजन में हिस्सा लेने व समस्याओं-शिकायतों के तत्काल निस्तारण को समय रहते करा लें पंजीकरण

वाराणसी। जनपद के ग्रामीण इलाकों के दिव्यांगजनों को उनके अधिकार और शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने समेत उनके साथ हो रहे भेदभाव, समस्याओं और शिकायतों के निबटारे के लिए आगामी 22 जून को मोबाइल कोर्ट का आयोजन होगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सूबे के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने मोबाइल कोर्ट का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुसार दूर-दराज के पिछड़े इलाकों तथा ग्रामीण इलाकों के दिव्यांगजन जो सरकार की ओर से उनके अधिकार एवं सुविधाओं के लिए संचालित स्कीम एवं परियोजनाओं के प्रति जागरूक नहीं हैं, उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। इसके अतिरिक्त साथ ही समाज में उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त कराने और पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी दिलाने सहित इस बारे में उनकी शिकायतों-समस्याओं को तत्काल स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराने के लिए भी यह मोबाइल कोर्ट कारगर भूमिका निभाएगी। आगामी 22 जून को लगने वाले इस कोर्ट में शामिल होने के लिए जिले के दिव्यांगजन समय रहते अपना पंजीकरण विकास भवन स्थित विभागीय कार्यालय में करा लें। दिव्यांगजनों की अपनी जमीन-जायदाद, राशनकार्ड, चिकित्सकीय कार्य, परिवहन एवं पुलिस कार्रवाई आदि सभी प्रकार की शिकायतें व समस्याएं का निबटारा इस मोबाइल कोर्ट में किया जाएगा।

समय के अंदर करें शिकायतों का निस्तारण

बोले रवीन्द्र कुमार

जमीन विवाद एवं अतिक्रमण के मामलों में करें मौका मुआयना

डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की फरियाद

बांसडीह। स्थानीय तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने आमजन की शिकायतों को सुना तथा अधीनस्थों को उसके समाधान का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 94 मामले प्रस्तुत किये गये, जिसमें से महज आठ मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम रवीन्द्र कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों को प्राथमिकता से सुना जाए तथा समय सीमा के अंदर निस्तारित किया जाए। भूमि विवाद, अतिक्रमण आदि मामलों में मौका मुवायना जरूर करें। शिकायतों का समाधान गुणवत्ता से करें। समाधान दिवस में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे। एसपी राजकरण नय्यर ने अपराधिक मामलों की सुनवाई किया। समाधान दिवस में शाहपुर गांव के दिव्यांग मुनू चौहान ने कई वर्षों से आवास न मिलने

बांसडीह तहसील में आमजन की फरियाद सुनते डीएम-एसपी

मुझे नहीं मिला इंसाफ

बैरिया। संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना समाधान दिवस का चक्कर लगाकर थक चुके दोकटी थाना क्षेत्र के हृदयपुर गांव निवासी मैना यादव ने समाधान दिवस के उद्देश्य पर प्रश्न उठाया है। कहा कि पिछले दो वर्षों से लगातार सभी समाधान दिवस पर मैं अपना फरियाद लेकर हाकिमों के चौखट पर दस्तक दे रहा हूं, किन्तु मुझे इंसाफ नहीं मिला। मेरा भूमि से संबंधित विवाद है। इसका निस्तारण कोई भी अधिकारी करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

व सचिव द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने, कीर्तिपुर की पूनम यादव ने आवास नहीं मिलने, विनहा के कृष्ण कुमार वर्मा ने जमीन पर अराजक तत्वों द्वारों कब्जा करने, भोपतपुर के शंभूनाथ राम सहित सत्रह दलितों ने पट्टा की जमीन को दूसरों द्वारा कब्जा करने, धनौती की आशा देवी व छितौनी के बीरबहादुर ने रास्ता रोकने, विनहा के सर्वनाथ सिंह ने रजौली बजरंग बली मंदिर से लेकर पकहा विनहा तक पीएम योजना से बनी जर्जर हो चुकी सड़क का नवनिर्माण करने से संबंधित मामला प्रस्तुत किया। इस मौके एसडीएम राजेश गुप्ता, सीओ एसएन वैश्य, तहसीलदार प्रवीण सिंह, नायब तहसीलदार अंजू यादव, सुधांशु श्रीवास्तव, ईओ आशुतोष ओझा, कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

12 में महज एक मामले का निस्तारण

अपर जिलाधिकारी ने सुनी आमजन की फरियाद

बैरिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक दर्जन मामले प्रस्तुत हुए। इसमें महज एक मामले का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष सभी मामलों को संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया है। हैरान कर देने वाली बात यह थी कि 12 मे से 11 मामले राजस्व से संबंधित रहे। चाई छपरा निवासी लक्ष्मण यादव ने अपने जमीन से अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई। उपाध्यायपुर निवासी बृजेश पासवान ने अपने जमीन से अवैध अतिक्रमण को हटवाने की गुहार लगाई। टोला फकरु राय निवासी दुलरिया देवी ने सरकारी पत्थर नसफ का पत्थर दबंगों द्वारा उखाड़ दिए जाने का मामला प्रस्तुत किया। संसार टोला निवासी संजय गोड़ ने राजस्व से संबंधित मामला उठाया। वही, हृदयपुर निवासी शिवजी यादव, वशिष्ठ नगर निवासी जन्मेजय सिंह, बीबी टोला निवासी अमरनाथ वर्मा, करण छपरा निवासी विजय प्रताप सिंह, केहरपुर निवासी सुरेश सिंह, मंजू के डेरा निवासी विश्वनाथ यादव, बलवंत छपरा निवासी राजकुमार गुप्त, लक्ष्मण छपरा निवासी मनजीत सिंह का राजस्व से संबंधित मामला एडीएम के समक्ष प्रस्तुत हुआ, जिन्हें निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। गोंड महासभा के कृष्ण बिहारी गोड़ ने प्रमुख सचिव के आदेश के बावजूद गोंड जाति का प्रमाण पत्र नहीं जारी करने का मामला उठाया। इस अवसर पर एसडीएम आत्रेय मिश्रा, तहसीलदार सुदर्शन कुमार, क्षेत्राधिकारी उस्मान, खंड शिक्षा अधिकारी मुरली छपरा दुर्गा प्रसाद सिंह, बैरिया पंकज मिश्र, डा. मनोज उपाध्याय, डा. एनएन शुक्ला, थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल आदि मौजूद रहे।

बैरिया तहसील में आमजन की समस्याएं सुनते एडीएम एवं एसडीएम

संक्षेप

रेल दुर्घटना पर जताया दुःख

राजीव उपाध्याय

बलिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव उपाध्याय ने ओडिशा के बालासोर रेल दुर्घटना पर दुःख जताया है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया है कि मृतक परिवार को दस लाख मुआवजा, एक आदमी को सरकारी नौकरी और घायल व्यक्ति को पांच लाख मुआवजा दिया जाए। इस दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई किया जाय।

आज जेपी नगर में पहुंचेगी यात्रा

बलिया। अटेवा पेंशन बचावो मंच, उप्र एवं एनएमओपीएस द्वारा प्रस्तावित एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा चार जून की शाम लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली जयप्रकाश नगर में अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के पश्चात पांच जून की सुबह आठ बजे सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन कर आगे प्रस्थान करेगी। यात्रा बैरिया-बेलहरी-हल्दी-दुबहर होते हुए 10 बजे प्रातः जिलाधिकारी कार्यालय स्थित धरना स्थल पर पहुंचेगी, जहां स्वागत का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी विनय राय ने देते हुए बताया कि यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है।

आग से गृहस्थी का सामान समेत नगदी राख

लालगंज। दोकटी थाना क्षेत्र के हृदयपुर गांव में टीनशेड में अज्ञात कारणों से लगी आग में दैनिक उपभोग के सामान के साथ ही पेंशन का निकाला गया 20000 रुपया जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि हृदयपुर गांव निवासी बब्बन राम पुत्र दूधनाथ राम के टीनशेड में शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे दैनिक उपभोग के सामानों के साथ ही 20 हजार रुपया नगदी जलकर राख हो गया। आस-पास के लोगों ने अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया। सूचना पर लालगंज चौकी प्रभारी परमानन्द त्रिपाठी सदल-बल पहुंच गये।

गतात्मा की शांति को प्रार्थना

बलिया। लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में शुभ्रांशु शेखर पांडेय की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें दवनी निवासी गया विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त डिप्टी रजिस्ट्रार मोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। तत्पश्चात गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अजय बहादुर सिंह, द्विजेन्द्र कुमार मिश्र, रामराज सिंह, शिवशरण तिवारी, शारदानंद सिंह, निर्भय नारायण सिंह, रवि मिश्र, अकमल नईम खां मुन्ना, शाहिद अली खां, बासुदेव ठाकुर, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

सहायक निदेशक ने किया परीक्षा का औचक निरीक्षण

बलिया। सतीश चंद्र कालेज में इग्नू अध्ययन केन्द्र के सत्रांत परीक्षा का शनिवार को सहायक निदेशक इग्नू, क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी डॉ. श्रवण कुमार पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही अध्ययन केन्द्र पर प्रवेश के संबंध में चल रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रवेश की संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम ज्ञानोन्मुखी एवं गुणवत्तापूर्ण के साथ-साथ रोजगारपरक भी है। इग्नू में विभिन्न रोजगारपरक डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहे है, जिनमें वर्तमान सत्रत्र में प्रवेश की प्रक्रिया गतिमान है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते है।

वरिष्ठ समाजसेवी के निधन पर शोक

बैरिया। स्थानीय नगर पंचायत स्थित डॉ. लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य व वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रभूषण सिंह (70) का निधन शुक्रवार की देर शाम हृदय गति रुकने से हो गया। शनिवार को विद्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन कर गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौबे, नरेंद्र कुंवर, राममूर्ति सिंह, संत कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, अशोक सिंह, विजय प्रसाद, धीरज सिंह धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता के बारे में दी जानकारी

बलिया। जन शिक्षण संस्थान बलिया द्वारा जी-20 जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्वच्छता अभियान गतिविधि का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक ब्रह्राम सिंह ने प्रतिभागियों को स्वच्छता के बारे में बताया। तत्पश्चात प्रतिभागियों ने कार्यालय के आस-पास साफ-सफाई भी किया। इस अवसर पर आशुतोष कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, राजाबाबू, सुप्रिया, शबाना, जितेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

कटान प्रभावित गांवों का करायें सर्वे

बोले जयप्रकाश अंचल

शासन को गलत रिपोर्ट भेज रहे अधिकारी

बैरिया। सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि गंगा व घाघरा का कटान रोकने के लिए त्वरित समुचित कार्ययोजना का अभाव है। अधिकारी मनमानी पर उतारू हैं। इसके चलते गंगा व सरयू नदी के तटवर्ती डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों के अस्तित्व पर बरसात के दिनों में खतरा उत्पन्न होने की आशंका प्रबल है। शासन को चाहिए कि एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन कर कटान प्रभावित गांवों का सर्वे कराए और सर्वे के अनुसार बरसात से पूर्व कटानरोधी कार्य कराए। अन्यथा 50 हजार से अधिक आबादी बेघर हो सकती है।

बैरिया स्थित अपन आवास पर शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि गंगा उस पार नौरंगा,

जयप्रकाश अंचल

चक्की नौरंगा, भुवाल छपरा, उदईछपरा और इस पार के प्रसाद छपरा, गोपालपुर, उदईछपरा, सुघर छपरा सहित दर्जनभर गांव कटान की जद में है।

बावजूद इसके कही कोई कटानरोधी कार्य नही हो रहा हैं। केवल दुबेछपरा में कन्हई ब्रह्म के स्थान पर छोटी सी परियोजना को स्वीकृत कराकर कटानरोधी कार्य कराया जा रहा है। यह निश्चित ही इस साल बरसात के मौसम में नदी की धारा के साथ बह जाएगा। दूसरी तरफ तिलापुर, गोपालनगर टाड़ी, शिवाल मठिया, मानगढ़, चांददियर, इब्राहिमाबाद नौबरार सहित छोटे-बड़े एक दर्जन गांव कटान की जद में है। बिहार की सीमा पर बसे इन गांवों को बचाने के लिए सरकार के पास कोई योजना नही है।

गोपाल नगर टाड़ी सहित कई जगह हुए कटानरोधी कार्य पर विधायक ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। साथ ही अब तक हुए कटानरोधी कार्यों का भौतिक सत्यापन टीएसी से कराने की मांग की। कहा कि पिछले विधानसभा सत्र में मैंने बाढ़ व कटान का मामला उठाया था। जल संसाधन मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र देकर जरूरी उपाय करने का आग्रह किया था। बावजूद इसके सरकार की तरफ से कटान रोकने के लिए कोई बड़ी योजना स्वीकृत नही की गई। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि अधिकारी शासन को गलत रिपोर्ट भेज रहे है।

एसडीएम ने दिया अतिक्रमण हटाने का आदेश

बैरिया। बार-बार की चेतावनी एवं अतिक्रमण हटवाने के बाद भी सड़क की पटरी तथा सड़क तक अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ एसडीएम आत्रेय मिश्र ने सख्ती दिखाते हुए नगर पंचायत बैरिया व आस-पास के इलाकों से तत्काल अतिक्रमण हटाने का आदेश अधिशासी अधिकारी आशुतोष ओझा को दी है। वही, रानीगंज बाजार, मधुबनी बाजार का अतिक्रमण हटाने का आदेश खंड विकास अधिकारी बैरिया सत्यप्रकाश सिंह को दिया है। इस अवसर पर मौजूद क्षेत्राधिकारी उस्मान ने कहा कि पहले दिन लाउडस्पीकर से यह प्रसारित कर दिया जाए कि सभी लोग अपना-अपना अतिक्रमण स्वतः हटा लें। अन्यथा की स्थिति में जहां अतिक्रमण हटाया जाए, वहां के अतिक्रमणकारियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाय। उन पर जुर्माना भी लगाया जाय। मंगलवार से इस अभियान की शुरुआत होगी।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

दुर्घटना

मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बैरिया। एक मांगलिक कार्यक्रम से शुक्रवार की रात जिला मुख्यालय बलिया लौट रहे युवक की बाइक राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मठ योगेंद्र गिरी के पास किसी अज्ञात वाहन ससे टकरा गई। इससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं, बाइक के पीछे बैठे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

बता दे कि रजनीश पाठक (30) पुत्र जनार्दन पाठक निवासी राम दहिनपुरम, बलिया अपने मित्र पिंकू सिंह उर्फ सुमित सिंह (28) पुत्र ठाकुर प्रसाद सिंह निवासी रूपनगर, सदर कोतवाली बलिया के साथ शुक्रवार की शाम दोकटी थाना क्षेत्र के दलनछपरा में आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गए थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बाइक से दोनों लोग वापस बलिया लौट रहे थे कि मठ योगेंद्र गिरी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को धक्का मार दिया। इससे दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने दोनों घायलों को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रजनीश पाठक को मृत घोषित कर दिया। इधर, पिंकू सिंह को गंभीरावस्था में सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गंभीरावस्था में सदर अस्पताल से भी पिंकू सिंह को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा नरेंद्र पाठक की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रासेयो ने निकाली साइकिल रैली

टीडी कॉलेज से रासेयो के साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते प्राचार्य

बलिया। अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस के अवसर पर शनिवार को टीडी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने साइकिल रैली निकाली। कालेज के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने खुद साइकिल की सवारी की। स्वयंसेवकों-सेविकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से जहां पर्यावरण को शुद्ध रखने में मदद मिलती है, वहीं हमारी सेहत भी सुधरती है। रैली कालेज से प्रारम्भ होकर कुंवर सिंह चौराहा, बहादुरपुर आदि इलाकों में गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. कौशल पाण्डेय, डॉ. संजीत कुमार सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. रामकुमार, डॉ. संतोष आदि मौजूद रहे।

रेल दुर्घटना में मृत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि

बलिया। उड़ीशा के बालासोर में भीषण रेल दुर्घटना में मृत रेल यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विकास संस्कृत साहित्य अकादमी के आनंद नगर कार्यालय पर सुदेश्वर अनाम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा में उपस्थित डॉ. आदित्य कुमार अंशु, डॉ. फतेह चंद बेचैन, नवचंद तिवारी, डॉ. जितेंद्र स्वाध्यायी, राजेंद्र विद्रोही, रमेश मिश्र हंसमुख, दीना भाई, जितेंद्र त्यागी, डॉ. नंदजी नंदा, विप्लव यादव आदि साहित्यकारों ने गतात्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही इस रेल हादसे में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। आभार अकादमी के अध्यक्ष डॉ. फतेह चंद बेचैन ने व्यक्त किया।

बेटे की हत्या हुई है, इंसाफ चाहिए

गुहार

न्याय के लिये डीएम-एसपी दरबार में पहुंची मां

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र के मटिंही गांव में 30 मई की रात नौ बजे अभिषेक मंटू घर से किसी निमंत्रण में गया हुआ था। इसकी जानकारी उसने अपनी मां सुनीता देवी को दिया था। जब देर होने लगी तो उसने मां से मोबाइल द्वारा बताया कि मैं भोजन करके घर आऊंगा। इसी बीच एक व्यक्ति सुनीता के घर पहुंचता है और मंटू के बारे में जानकारी लेता है।

मां सुनीता गोंड ने दरवाजे पर पहुंचे उस व्यक्ति को मंटू के लोकेशन की जानकारी देती है। जब देर रात तक मंटू अपने घर नहीं लौटा तो मां को चिंता होने लगी। वह रात भर सोयी नहीं। इसी बीच सुबह यह जानकारी मिली कि गांव के एक खेत में एक लाश मिली है। जब सुनीता देवी उस जगह पर पहुंचती है तो उसके पहले लाश का पंचनामा कर उसे थाने पर भेज दिया जाता है। थाने के पिकअप में पड़ी मंटू के लाश की एक झलक मां सुनीता देवी देखना चाहती है। चूंकि लाश सील थी। इसे पोस्टमार्टम हाउस जिला अस्पताल बुलाया गया। वहां पर मंटू की लाश को देख मां सदमे में आ गयी और बेहोश हो गयी। यह बातें सुनीता ने पत्र के माध्यम से डीएम, एसपी और सीओ सदर को अवगत कराया है।

मामला जो भी हो, आखिर मंटू का नौ घंटे में कैसे लाश एक खेत में मिली। यदि मंटू की हत्या नहीं हुई है तो आखिर मंटू की मौत कैसे हुई। हालांकि अभी फेफना थाने में तहरीर के मुताबिक कोई मुकदमा कायम नहीं है, लेकिन पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

एसपी को पत्रक देती सुनीता गोंड

सीओ सदर को बिसरा का इंतजार

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र के मटिही गांव में मंटू का शव मिलने के बाद अब तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो चुकी है। यदि मंटू की मौत विषाक्त पदार्थ खाने से हुई है तो उसका शव गांव के एक खेत में कैसे पहुंचा? मंटू की मौत के 10 घंटे पहले मां सुनीता से जो बातचीत हुई, उस माध्यम से ऐसा कुछ नहीं दिखा कि मंटू विषाक्त पदार्थ खा सकता है। अगर उसे विषाक्त पदार्थ खाना ही था तो वह घर में भी खा सकता था। यह पूरी घटना सवालों के घेरे में है। आखिर मंटू की लाश खेत में कैसे आयी। सीओ सदर को अब बिसरा का इंतजार है, जिससे यह पता चले कि मंटू की मौत विषाक्त पदार्थ खाने से हुई या कुछ और मामला है। मां सुनीता देवी ने सीओ सदर के सामने रोते हुए यह बताया कि हमारे बेटे की हत्या हुई है। न्याय चाहिए।

आनंद की होर्डिंग बनी चर्चा का विषय

नगर में लगा पूर्व मंत्री का होर्डिंग

इच्छा जागृत

लोकसभा चुनाव-2024 लड़ने का बना रहे मूड

बलिया। पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला की होर्डिंग लोकसभा क्षेत्र बलिया के पांचों विधानसभा में दिख रही है। ऐसे में कयास यह लगाया जा रहा है कि पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में है। आनंद स्वरूप शुक्ल बलिया नगर के विधायक के साथ योगी सरकार में मंत्री भी रहे है।

2022 में आनंद स्वरूप शुक्ल का टिकट कटने के बाद उन्हें बैरिया से लड़ाया गया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अब पूर्व मंत्री श्री शुक्ल लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते है। छोटे-बड़े आयोजनों में पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल शामिल भी हो रहे है। अब देखना यह होगा कि पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल लोकसभा के टिकट की दौड़ में कितने सफल होते है। वैसे, भाजपा से 2004 में पीएन तिवारी लोकसभा का चुनाव लड़े। उसके पहले रामकृष्ण मिश्र भी दो बार भाजपा से चुनाव लड़े। 2004 में पीएन तिवारी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर से चुनाव हार गये। उसके बाद भाजपा से लोकसभा क्षेत्र से कोई ब्राह्मण चेहरा चुनाव मैदान में नहीं आया। अब देखना होगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी हाईकमान की कृपा किस पर बरसती है।

मंडल अध्यक्ष ने की रोटरी क्लब के कार्यों की समीक्षा

बलिया। रोटरी क्लब 13020 के मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का आधिकारिक दौरा शुक्रवार को बलिया में संपन्न हुआ। इस दौरे में रोटरी क्लब बलिया द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को उन्होंने देखा और उसकी समीक्षा की। इस अवसर पर रोटरी क्लब बलिया के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी ने अनिल अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी कविता अग्रवाल का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब बलिया के सचिव डा. मुकेश वर्मा द्वारा अब तक किए गए कार्यों को उपस्थित रोटेरियन एवं अनिल अग्रवाल को विस्तृत रूप से बताया गया। शैलेंद्र स्वरूप श्रीवास्तव द्वारा रोटरी क्लब बलिया के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में पांच जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण मंडल अध्यक्ष एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष द्वारा किया गया। संचालन डा. जी प्रसाद ने किया। आभार राजेश जायसवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शंकर श्रीवास्तव, अजीत कुमार, सुनील सिंह, विनोद कुमार, मोहम्मद तारिक उर्फ पप्पू, अजीत कुमार सिंह, गोलू, हर्ष श्रीवास्तव, आनंद कुमार, शिखर सहगल, डा. प्रकाश सिंह, डा. बीपी सिंह, रोहित पांडेय आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब के कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि

गैंगस्टर ऐक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बैरिया/लालगंज। दोकटी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को जिन्न बाबा स्थान के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह कही भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है।

थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल ने बताया कि फोर्स के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर था कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि धारा 2/3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जिन्न बाबा स्थान के पास खड़ा है। वह कही भागने की फिराक में है। इस सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने अभियुक्त पवन कुमार पासवान उर्फ सोनू पुत्र राजकुमार पासवान निवासी चांददियर छोटका प्लाट बैरिया को जिन्न बाबा स्थान के पास से हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मदन पटेल, उप निरीक्षक अखिलेश यादव, हेड कांसटेबल हरिओम सिंह शामिल रहे।

दोकटी थाना में पकड़ा गया अभियुक्त

तमंचा एवं कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

रेवती। स्थानीय पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा एवं कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को रेवती थाना के उनि धर्मेन्द्र दत्त मय फोर्स द्वारा वाहन चेकिंग ककर रहे थे। इसी बीच मूखबीर की सूचना पर अभियुक्त सन्नी गोंड़ पुत्र दशरथ गोंड़ निवासी गायघाट, थाना रेवती को जोड़ा पुलिया तिराहे के पास से तमंचा एवं एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उनि धर्मेन्द्र दत्त, हेकां. संदीप सोनकर, हेकां. जितेन्द्र पाण्डेय, कां. आशीष कुमार यादव शामिल रहे।

मां की भूमिका भी निभायें रसोइया

बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त

रसोइया कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं संवाद गोष्ठी संपन्न

रसोइया कर्मचारी संघ के अधिवेशन एवं गोष्ठी में मंचासीन सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त एवं अन्य

बलिया। उप्र रसोइया कर्मचारी संघ बलिया के तत्वावधान में शनिवार को टाउन हाल में द्विवार्षिक अधिवेशन एवं संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि आपकी समस्याओं के समाधान हेतु शासन को पत्र लिखूंगा। रसोइया अपने कार्य के साथ-साथ मां की भूमिका भी निभायें और अपने कार्य का विस्तार करें। पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु शीघ्र ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री से वार्ता किया जायेगा।

रसोइया कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा ने कहा कि हम प्रतिदिन 66 रुपये पर कार्य करते है। वर्ष में केवल 10 माह का ही मानदेय मिलता है। हमारा न्यूनतम मानदेय 10 हजार घोषित किया जाय। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादवव ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कराने का प्रयास किया जाय।

इस दौरान रसोइया संघ ने मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त का स्वागत करने के उपरांत पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। रसोइयों ने मानदेय बढ़ाने, कम्पोजिट विद्यालय के नाम पर निष्कासन की प्रक्रिया पर रोक लगाने, प्रतिवर्ष चयन की प्रक्रिया समाप्त करने, पाल्य की बाध्यता समाप्त करने सहित मानदेय भुगतान कराने की मांग किया। वहीं, उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ ने पुरानी पेंशन बहाली हेतु संसद में आवाज उठाने एवं प्रधानमंत्री से अनुरोध करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

उप्र महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने मानदेय बढ़ाने तथा प्रोत्साहन भत्ता जोड़ने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विमला भारती, संजू ठाकुर, श्वेता मिश्रा, प्रेमशंकर यादव, रंजय यादव, चौधरी आनंद, रामप्रकाश श्रीवास्तव, अनिल सिंह, राजेन्द्र वर्मा, भारतभूषण मिश्र, अनिल राय, विक्रमा यादव, रामप्रवेश यादव, नवीन यादव, विनय चौरसिया आदि माजूद रहे। संचालन राजेश रावत ने किया।

रेनू शर्मा अध्यक्ष मंत्री बनी विमला भारती

बलिया। उप्र रसोइया कर्मचारी संघ बलिया के द्विवार्षिक अधिवेशन एवं संवाद गोष्ठी में निर्विरोध रूप से चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान चन्द्रमा यादव, रामआसरे, राजेन्द्र वर्मा, तेजबहादुर ठाकुर संरक्षक, रेनू शर्मा अध्यक्ष, विमला भारती मंत्री, आशा देवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बिंदू यादव, संजू ठाकुर, चंदा निगम, साधना श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, मीना देवी, सुमित्रा देवी, निर्मला देवी संगठन मंत्री एवं रामआसरे कोषाध्यक्ष बनाये गये।

नारों तक सिमटी गंगा की अविरलता की बातें

बोले रमाशंकर तिवारी

बांध एवं बैराज से खतरे में पड़ी गंगा की आजादी

गंगा तटीय क्षेत्र को घोषित किया जाय नो प्रोजेक्ट जोन

बलिया। गांव वाले उठ खड़े होंगे तो ही गंगा की गरिमा बचेगी। गंगा की हिफाजत में अंधभक्ति भी आड़े आ रही है। देश की नदियां मानव की नादान हरकतों से हैरान है। यह बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवतारी ने महावीर घाट स्थित संकटमोचन मंदिर परिसर में अभियान की मासिक समीक्षा बैठक में व्यक्त किया।

कहा कि नदियां विश्व ब्रह्माण्ड की नाड़ियां है, जो आर्थिक विकास की अंधी चाल से क्षतिग्रस्त हो रही है। पहाड़ तोड़कर, जंगल उजाड़कर एवं नदी सभ्यता को मटियामेट कर हम भारतीय सांस्कृतिक थाती को कभी महफूज नहीं रख सकते। पश्चिम के संस्कार भारतीयता को लांछित कर रहे है।

गंगा भी इस अपसंस्कृति की चपेट में आ गई है। गंगा की अविरलता की बातें सिर्फ नारों तक सिमटी हुई है। सच्चाई यही है कि अब तक पतित पावनी को गोमुख से गंगासागर तक अविरल रखने की कोई योजना नजर नहीं आती। बांध एवं बैराज से गंगा की आजादी खतरे में पड़ गई है। पूरे गंगा तटीय क्षेत्र को नो प्रोजेक्ट जोन घोषित किये बिना हम गंगा मां का दुलार कभी नहीं कर पायेंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर विनय पांडेय, डा. हरन्द्र यादव, डा. कमलाकर तिवारी, राजकुमार साहू, अमित, दिनेश आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

वार्षिकोत्सव पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

बलिया। आदि शिव शक्ति चारों धामादि मंदिर योगीडीह आश्रम बुढ़ऊ, गड़वार में चारों धाम मंदिर स्थापना का पांचवां वार्षिकोत्सव दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन स्वामी परमेश्वरानंद सरस्वती (उड़िया बाबा) के सानिध्य में संपन्न हुआ। इसमें रुद्राभिषेक, यज्ञ, हवन, पूजन-अर्चन एवं अन्य कर्मकांड वैदिक मंत्रों के बीच विधि-विधान से विद्वान पुरोहितों द्वारा कराया गया। स्वामी परमेश्वरानन्द सरस्वती (उड़िया बाबा) ने कैलाशी बेचू राम द्वारा लिखित पुस्तक किष्किंधा दर्पण यात्रा वृत्तांत पत्रिका का विमोचन किया। इस मौके पर भजन गायकों द्वारा घंटों भजन कीर्तन का गायन कर पूरे माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया गया था। हरिनाम संकीर्तन भी हुआ। इस दौरान दूर-दराज से बड़ी तादात में आये भक्तों की मंदिर में पूजन अर्चन करने के लिए लंबी कतार लगी रही। वहीं, इस मौके पर आयोजित वृहद भंडारे का भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक भंडारा चला। इस अवसर पर राजकुमार मिश्र, सौरभ कुमार, भोला प्रसाद आग्नेय, प्रदीप सिंह, कैलाशी बेचू राम, आदित्य अंशु, मदन कुमार, राकेश कुमार, चंदन मंटू सिंह, नवचंद तिवारी, अशोक गुप्ता, मोहन साहू, राजू गुप्ता, लल्लन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड के स्कूलों में होगी तिमाही परीक्षा

बलिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों में अब नौवीं और 10वीं में त्रैमासिक परीक्षाएं होंगी। बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित परीक्षा के लिए सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने डीआईओएस को पत्र भेजा है। यह परीक्षा मई के तीसरे सप्ताह में होनी थी, लेकिन गर्मी की छुट्टी के कारण पहली परीक्षा जुलाई के अंतिम सप्ताह में होगी। जिले में 607 माध्यमिक विद्यालयों में 32 राजकीय, 92 वित्त पोषित और 483 वित्त विहीन हैं। नई शिक्षा नीति लागू होने के कारण यूपी बोर्ड ने कई बदलाव किए हैं। इनमें नौवीं और 10वीं में त्रैमासिक परीक्षा को पूरी तरह से बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा जुलाई के बाद नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में कराई जाएगी। निर्धारित पाठ्यक्रम के हिसाब से ही बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। साथ ही नौवीं से 12वीं तक जनवरी के प्रथम सप्ताह में पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए कहा गया है। डीआईओएस रमेश सिंह ने बताया कि शासन की ओर से पत्र आया है। सभी प्रधानाचार्यों को सूचना भेज दी गई है। समय से परीक्षा करा ली जाएगी।

दहेज लोभी पति को पांच साल का कारावास

कोर्ट का फैसला

सास-ससुर को तीन-तीन वर्ष की कैद व पंद्रह हजार जुर्माना

बलिया। लगभग दस साल पूर्व शादी से पहले ससुराल पक्ष द्वारा दूल्हा को एमबीबीएस डाक्टर बताने और शादी तय हो जाने के बाद शादी के कार्ड पर डा. की पदवी लगाकर धोखे से शादी करने व विदाई के उपरांत बाकी दहेज की धनराशि के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने तथा दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घसीटते हुए थप्पड़, लात-घुसा से पीट-पीट कर घर से बाहर खदेड़ने के मामले में शनिवार को सीजेएम सुश्री शांभवी यादव ने ओपन कोर्ट में डैस पर फैसला सुनाई। अपने फैसले में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त पति को अंडर कस्टडी लेते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा पंद्रह हजार जुर्माने से भी दंडित की है। वही, धोखे से शादी करने के धाराओं में पति, सास व ससुर प्रत्येक को तीन वर्ष के कारावास तथा पंद्रह हजार रूपये जुर्माने से दंडित की है।

अर्थदंड जमा न करने पर अतिरिक्त छः मास की सजा भुगतनी पड़ेगी। साथ ही सीजेएम ने यह भी आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

बता दें कि फेफना थाने द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 1034/2014 में सागरपाली गांव निवासी अभियुक्त पति सुनील कुमार वर्मा पुत्र शिवशंकर वर्मा, शिवशंकर वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा (ससुर) व राधिका (सास) पत्नी शिवशंकर वर्मा को सीजेएम ने भादवि की धारा 419, 420, 323/34, 504, 506 (2), 498ए व 3/4 दहेज के प्रति अधिनियम के तहत दोषी पाकर उक्त सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार घटना के बारे में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जापलिनगंज निवासी वादी मुकदमा सुनील वर्मा की बहन सुनीता की शादी हिंदू रीति-रिवाज के मुताबिक दान दहेज सहित फेफना (सागरपाली) में 28 मई 2013 को हंसी खुशी संपन्न हुई थी। विदाई के कुछ ही दिनों के बाद ससुराल वाले और दहेज के लिए सुनीता को प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर 2014 को वादी के बहन को लात-घुसा से मारते तथा घसीटते हुए खदेड़ दिया। जब विवाहिता मायके लौटी तो लड़के का सारा पोल खोल दी। कही कि वह कोई एमबीबीएस डाक्टर नहीं है। दहेज लेने के लिए कुछ दिनों के लिए फर्जी डाक्टर बन गया था। इस घटना के बावत विवाहिता के भाई सुनील ने मुकदमा पंजीत कराया। इसके उपरांत सारे तथ्यों का अवलोकन करते हुए सीजेएम ने फैसला सुना दिया।

अज्ञात वाहन के धक्के युवक की मौत

हादसा

बलिया-गड़वार मार्ग पर नारायनपाली गांव के पास हुई घटना

बलिया। गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर नारायनपाली गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस के साथ-साथ परिजनों को दी। साथ ही घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार कर डाक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार अखिलेश शर्मा (32) पुत्र लक्ष्मण शर्मा निवासी गांव चंदुकी, थाना सुखपुरा किसी काम के लिए बाइक से गड़वार जा रहा था। अभी वह गड़वार-बलिया मार्ग पर नारायनपाली गांव के पास पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने अखिलेश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार अखिलेश सड़क पर गिरकर छटपटाने लगा। मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों द्वारा घायल युवक के परिजनों को सूचना दिया गया। आनन-फानन में घायल युवक को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल अखिलेश को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय रास्ते में चितबड़ागांव के पास घायल युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि अखिलेश अपने घर पर ही वेल्डिंग करने का काम करता था। इस घटना से जहां परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

जिला अस्पताल में ऑनलाइन पर्ची सेवा शुरू

बधाई

ऑनलाइन पर्ची सेवा शुरू होने से मरीजों को सहुलियत

बलिया। जिला अस्पताल में ऑनलाइन पर्ची मिलनी शुरू हो गई है। इसके पूर्व पर्चा काउंटर पर काफी भीड़ होने के कारण मरीज एवं उनके परिजनों को परेशानी होती थी। इसको देखते हुए सीएमएस डा. दिवाकर सिंह ने ऑनलाइन पर्ची सेवा शुरू कर दिया है। बता दें कि पहले दिन प्रदेश में सबसे ज्यादा ऑनलाइन पर्ची काटने का रिकार्ड बलिया को मिला है। सीएमएस ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी है। आनलाइन पर्ची सेवा शुरू होने से मरीजों को काफी सहुलियत मिलने लगी है। अब उन्हें चिकित्सक एवं ओपीडी खोजने की जरूरत नहीं पड़ रही है। पर्ची लेते समय बीमारी बताने पर पर्ची पर डाक्टर का नाम एवं ओपीडी नंबर लिखा मिल रहा है। जिन मरीजों के पास मोबाइल नंबर नहीं है, उन्हें मैनुअल पर्ची दी जायेगी। जिला अस्पताल में हेल्प इंफार्मेशन सिस्टम लागू करने की कवायद चल रही है। इसी के तहत ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, पैथालाजी, दवा काउंटर, नर्सिंग डेस्क सहित अन्य स्थानों पर कंप्यूटर लगाये जा रहे है। इसके बाद मरीजों का आनलाइन पर्ची कटवाते समय हेल्प आईडी (यूनिक कोर्ड) मिलेगा। महानगरों एवं किसी दूसरे अस्पताल में इलाज हेतु जाने पर पर्ची या जांच रिपोर्ट ढूढ़ने में परेशानी नहीं होगी। हेल्प आईडी नंबर फीड करते ही मरीज को किस चिकित्सक ने देखा है? कौन सी दवा दी जा रही है और जांच रिपोर्ट में क्या है? की पूरी जानकारी दिखायी देने लगेगी।

> शासन के निर्देश पर जिला अस्पताल में समय से आनलाइन पर्ची कटनी शुरू हो गई है। ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य स्थानों पर कंप्यूटर लगाये जा रहे है। जल्द ही हेल्प इंफार्मेशन पूर्ण रूप से लागू हो जायेगा।
>
> डा. दिवाकर सिंह, सीएमएस

रजिस्ट्रेशन कराने पर मिलेगा यूनिक कोड

बलिया। पंजीकरण पर्ची समेत अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं का आनलाइन पेमेंट की भी सुविधा है। मरीज को इलाज के लिए प्रथम बार रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान यूनिक कोड मिलेगा। इसमें मरीज की बीमारी, जांच रिपोर्ट, चलने वाली दवाओं का विवरण मौजूद रहेगा। देश के किसी भी अस्पताल में मरीज को ले जाने पर वहां के डाक्टर को आनलाइन यूनिक कोड के माध्यम से मरीज की पूरी बीमारी की जानकारी मिल जायेगी। इसमें यह भी जानकारी मिलेगी कि मरीज को कौन चिकित्सक देख चुके है और कौन-कौन दवाएं चली है। मजे की बात यह है कि अब अस्पताल में भर्ती मरीजों के बारे में भी आनलाइन से सबकुछ दिखेगा।

जनपद में अभियान चलाकर प्लॉस्टिक के प्रयोग पर लगाये प्रतिबंध : जिलाधिकारी

बैठक

नगरीय विकास अभिकरण, पीएम स्वनिधि योजना तथा नगरीय विकास से संबंधित अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

मऊ। षनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में नगरीय विकास अभिकरण, स्थानीय निकाय, ऑपरेशन कायाकल्प एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की मासिक समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य नगर पंचायतों के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। इस दौरान नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में कुछ कार्य लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को नगर पंचायतों में लंबित कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पात्र लाभार्थियों को कांशी राम आवास के अलावा आवास बनाने योग्य भूमि का चिन्हीकरण कर शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराने के भी निर्देश दिए, जिससे नगर क्षेत्र में बेघर परिवारों को आवास बना कर दिया जा सके। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बेघर परिवारों का चिन्हीकरण कर ले, जिससे शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उन्हें दिया जा सके। कान्हा गौशालाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बजट उपलब्धता के अनुसार यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिन विद्यालयों में लंबित कार्य हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित झील महल के सुंदरीकरण के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को शीघ्र ही निर्माण एवम् सुंदरीकरण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को जनपद में प्लास्टिक के प्रयोग को प्रतिबंधित करने हेतु लगातार अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगरीय विकास अभिकरण के कार्यों की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी डूडा ने पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए अलग-अलग जगहों पर अभियान चलाकर कैम्प लगाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक वेंडर्स को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक कुल स्वीकृत आवास लक्ष्य 17655 के सापेक्ष 16742 आवास का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने अवशेष सभी लक्ष्यों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश परियोजना अधिकारी डूडा को दिए। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ संतोष सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा डॉ ददन कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार सहित सभी अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

1551 बेटियों की शादी पर खर्च होगा 7.91 करोड़

बलिया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के विभिन्न ब्लाकों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत कुल 1551 गरीब बेटियों की शादी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 7.91 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च करने का प्राविधान किया गया है। इसमें 35 हजार रुपये बेटी के खाते में एवं 10 हजार रुपये बेटी को उपहार सामग्री तथा छह हजार रुपये वर-वधु पक्ष के खाने आदि पर किया जायेगा। योजना के तहत हर वर्ष मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में गरीब बेटियों की शादी करायी जाती है। वर्ष 2023-24 में सरकार ने समाज कल्याण विभाग को कुल 1551 गरीब बेटियों की शादी का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिस पर 7.91 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जल्द ही शासन की ओर से धन का आवंटन किया जायेगा।

सामूहिक विवाह के लिए पात्रता

-आवेदक उप्र का स्थायी निवासी हो।
-विवाह के समय कन्या की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो। वर की आयु 21 वर्ष या इससे अधिक हो।
-राज्य की वह महिलाएं जो स्वयं के पुनर्विवाह के लिए आर्थिक रूप से असक्षम है और जिनका कानूनी रूप से तलाक हो गया है।
-विधवा महिलाएं भी इस योजना का लाभ ले सकती है।
-योजना का लाभ उन्ही परिवारों को दिया जायेगा, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हो।
-बेटी का बैंक खाता होना चाहिए, जो आधार कार्ड से लिंक हो।

शासन से मिला है लक्ष्य

बलिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष 1551 गरीब बेटियों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी करायी जायेगी। इसके लिए शासन की ओर से लक्ष्य मिल चुका है। धन का आवंटन भी जल्द होने वाला है।

अध्यक्ष ने कर्मचारियों से प्राप्त किया परिचय

जायजा

नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश

नपं सिकंदरपुर में आवश्यक फाइलों का निपटारा करती नवनिर्वाचित अध्यक्ष सावित्री देवी

सिकंदरपुर। स्थानीय नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सावित्री देवी ने शनिवार को पहले दिन कार्यालय पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय में पहुंकर आवश्यक फाइलों का निपटारा किया। चेयरमैन ने सबसे पहले कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह आफिस का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पीएम सुनिधि योजना के अंतर्गत हो रहे रेवड़ी, ठेला ओर पटरी दुकानदारों का पंजीकरण की जानकारी लिया। वही, नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास व मानधन योजना के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगर में साफ-सफाई व कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था भी तत्काल शुरू होगी। कार्यालय में आने वाले फरियादियों के साथ सभी कर्मचारी अच्छा व्यवहार करें। किसी भी मामले में भ्रष्टाचार आदि की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। कहा कि कार्यालय में किसी भी तरह के लेन-देन की शिकायत क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि सजंय जायसवाल, विजय जायसवाल, अधिशासी अधिकारी सीमा राय, राजू गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक अताउल खान, लिपिक सुनील कुमार, संदीप कुमार, सुजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

बडोदा यूपी बैंक व नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। स्थानीय तहसील क्षेत्र के करहा मे बडोदा यूपी बैंक एंव नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यकर्म में लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, फसली ऋण,व्यापार, उघोग, ट्रैक्टर क्रय हेतु ऋण, मेड लाइफ केयर हेल्थ बीमा योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया व लगभग पचास महिलाओ का जनधन के तहत खाता भी खोला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक विवेक राय ने बैंक के ऋणियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंक के विभिन्न ऋण का श्रेणीवार ओटीएस के तहत 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान बैंक द्वारा किया गया है। ओटीएस में अधिकतम समझौता के अंतर्गत 3 माह में ऋण जमा करने का प्रावधान है। कार्यक्रम में बैंक के कैशियर रणविजय कुमार, राम प्रकाश यादव, बैंक मित्र दिनेश कुमार, प्रीतम सिंह,असफाक अहमद,इरफान हाशमी,अख्तर हाशमी कुबेर यादव के अलावे भारी संख्या में महिला पुरुष बैंक उपभोक्ता भी उपस्थित थे।

किसानों ने चकबंदी विभाग पर लगाया अनियमितता का आरोप कार्यालय के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के सियाबस्ती गांव में चकबंदी कार्यों में अनियमितता को लेकर गांव के किसानों ने कांग्रेस पार्टी के नेता और गांव के किसान उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में शनिवार को तहसील परिसर में धरना दिया और अपनी मांगों के संबंध में उपजिलाधिकारी और संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी को मांग पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया। किसानों का आरोप है कि चकबंदी विभाग ने सियाबस्ती गांव की चकबंदी में काफी अनियमितता किया है।

गांव के कई सेक्टरों की पैमाइश अधूरी छोड़ दी गई है साथ ही कुछ काश्तकारों को उड़ान चेक देकर उन्हें लाभ पहुंचाया गया है। इस बारे में उप जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में किसानों ने आरोप लगाया कि सिया बस्ती गांव से होकर गुजरने वाले घोसी जीयनपुर मुख्य मार्ग की कीमती जमीनों के मूल किसानों को वहां से हटाकर गलत पैमाइश कर कुछ लोगो को उड़ान चक दिया गया है जिससे गांव में काफी विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी तरह से दर्जनों किसानों की जमीन की पैमाइश नहीं की गई है और उन्हें रकवा से कम जमीन मिली है जबकि उसके आसपास के किसानों को गलत ढंग से पैमाइश कर उनकी जमीनें बढ़ा दी गई है।

किसानों का आरोप है कि समस्या को लेकर जिलाधिकारी, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, उप संचालक चकबंदी आदि को शिकायत पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बाध्य होकर किसानों को धरना पर बैठना पड़ा है।

किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 जनवरी तक समस्या का समाधान कर पैमाइश से वंचित सेक्टरों की पैमाइश नहीं कराई गई और चकबंदी की अनियमितता को दूर नहीं किया गया तो बाध्य होकर 16 जून को पुनः तहसील परिसर में क्रमिक अनशन किया जाएगा और आवश्यक हुआ तो सर्वदलीय नेताओं से वार्ता कर बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना देने वालों में प्रमुख रूप से उमाशंकर सिंह, मुन्ना, धीरेंद्र, राम बड़ाई सिंह गुड्डू, इंद्रजीत सिंह, उर्मिला, आशा, संदीप, बेचई प्रसाद, भानु आदि सहित दर्जनों किसान शामिल रहे।

कस्बे की नालियों की साफ-सफाई युद्धस्तर पर शुरू

दोहरीघाट, मऊ। कस्बे में की सभी नालियों नालो की साफ सफाई युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है बरसात से पूर्व सभी नालियों को सफाई कर्मियों द्वारा साफ किया जा रहा है ताकि बरसात शुरू होने के बाद जलजमाव की होने वाली स्थितियों से निजात मिल सके जिसकी शुरूआत शनिवार को वार्ड नम्बर पांच नवापुरा से किया गया।वही नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मौके पर सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा है। जिसको लेकर नए चेयरमैन विनय जायसवाल नगर में साफ-सफाई लाइट व्यवस्था को पहली प्राथमिकता देते हुए कार्य को कराया जा रहा है। जिसको लेकर नगर वासियों में काफी हर्ष का माहौल है वही इस बाबत नगर पंचायत अध्यक्ष विनय जयसवाल ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने नगर के चैमुखी विकास को लेकर संकल्पित हूं नालियों की साफ-सफाई होने से बरसात के समय जलजमाव व संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने झील महल के निकट सुंदरीकरण कार्य व निर्माणाधीन तालाब का किया निरीक्षण

मऊ। शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित झील महल के निकट के क्षेत्रों के सुंदरीकरण कार्य एवं निमार्णाधीन तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन तालाब के आसपास की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली कराने के निर्देश तहसीलदार सदर को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को तालाब के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही आसपास के क्षेत्रों का पर्यटन के दृष्टिगत सुंदरीकरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिससे इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने खाली पड़ी जमीनों पर ओपन जिम अथवा बच्चों हेतु पार्क के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन तालाब के चारों तरफ छायादार एवं फलदार पौधों के साथ ही अन्य उपयोगी पौधे भी लगाने को कहा, जिससे शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा मिलने के साथ ही पौधों की अन्य उपयोगिता भी बनी रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, तहसीलदार सदर उमेश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेकाबू कार ने आटो को मारा धक्का,आधा दर्जन घायल

हादसा

करदह कैथवली चट्टी पर आटो सवार यात्रियों में मची चीख-पुकार

पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, कार चालाक पकड़ा गया

जनसंदेश न्यूज

करदह कैथवली चट्टी के पास कार के धक्के से क्षतिग्रस्त आटो।

मरदह। थाना क्षेत्र के करदह कैथवली चट्टी के पास शनिवार की दोपहर तीन बजे फोर-लेन मार्ग पर मऊ की तरफ जा रही सवारी टेम्पू को पीछे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी।

जिसके टक्कर से सवारियों से भरी ऑटो डिवाइडर तोड़ते हुए सर्विस रोड पर जाकर पलट गयी। टेम्पू चालक धनंजय यादव (26), शीला यादव (35) आलोक (12),पुनपुन (4), मंता यादव (65) निवासी फदनापुर थाना नोनहरा सहित कार सवार जंगीपुर थाना के धुरेहरा गांव निवासी वंदना पाण्डेय 54 वर्ष घायल हो गई। सभी घायलों का उपचार स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया।

मौके पर पहुँचे मरदह थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने घायलों का उपचार कराने के साथ ही कार चालक को हिरासत में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फदनापुर निवासी शीला यादव अपनी सास एवं बच्चो के साथ गांव के टेम्पू से सामान लेकर पति के क्वार्टर पर मऊ जा रही थी। धुरेहरा गांव निवासी वंदना पाण्डेय घोसी महाविद्यालय में हो रही परीक्षा में भाग लेने जा रही थी।

अपनी कार से चालक के साथ महाविद्यालय जा रही थी। इस दौरान कैथवली चट्टी पर हादसे में सभी घायल हो गए। मरदह थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

पिकअप-मारूति की टक्कर,चालक गंभीर रूप से घायल

मुहम्मदाबाद। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत शनिवार की सुबह हाटा पुल के पास एक पिकअप व मारुति की आमने-सामने की टक्कर हुई। टक्कर होने के बाद दोनों गाड़ियां पुलिया के नीचे चली गई। क्षेत्र के हाटा पुल के पास एक मारुति बलिया से मोहम्मदाबाद की ओर आ रही थी। पिकअप विपरीत दिशा से बलिया जा रही थी। अचानक हटा पुल के पास दोनों ही आमने-सामने टकरा गए।परिणाम स्वरूप दोनों ही गाड़ियां पुलिया के नीचे चली गई। इसमें मारुति चालक वाराणसी निवासी समर प्रताप सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष को सिर पर गहरी चोट आई। चालक को पैर में हल्की चोट लगी । नागरिकों की मदद से समर प्रताप सिंह को सीएचसी पहुंचाया गया।

हाटा पुल के नीचे गिरी पिकअप-मारूती कार।

पकअप चालक गाड़ी छोड़कर कहीं फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। हाइड्रोलिक द्वारा गाड़ियों को बाहर निकालकर कोतवाली ले आए ।घायल व्यक्ति को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया ।चिकित्सक डॉ इरशाद के अनुसार घायल को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में मारुति के चालक के रिश्तेदार प्रसून सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

चलती ट्रेन से गिरकर युवक घायल

सैदपुर। क्षेत्र के औड़िहार जंक्शन के पास चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे फौरन सैदपुर सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। बलिया के रसड़ा निवासी राजेश यादव 33 पुत्र सुरेंद्र दवा लेने के लिए एक्सप्रेस ट्रेन से लखनऊ के लारी स्थित अस्पताल जा रहा था। वो ट्रेन के दरवाजे पर ही मौजूद था और भीड़ के चलते धक्कामुक्की के चलते उसका संतुलन बिगड़ा और सीधे नीचे आ गिरा। जिसके चलते उसके सिर पर गम्भीर चोट लगी। उसे फौरन सैदपुर सीएचसी लाया गया, जहां गम्भीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया।

संक्षेप

बैंक के बाहर से बाइक गायब

मुहम्मदाबाद। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास की शाखा के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चोरों ने उड़ा लिया। आदिलाबाद निवासी विजय शंकर शर्मा पुत्र वशिष्ठ नारायण शर्मा अपनी बाइक से कुछ काम के लिए बैंक में आए थे ।उन्होंने अपनी बाइक को स्टेट बैंक के सामने खड़ी करके लॉक कर दिया । अपनी पासबुक लेकर बैंक में प्रवेश कर गए। जब लौट कर आए तो उन्होंने बाईक को अपने स्थान पर नहीं पाया। बताते चलें कि अभी कुछ दिन पहले इसी स्टेट बैंक के पास मोटरसाइकिल की डिक्की से चोरों ने डेढ़ लाख रुपया उड़ा दिया था। आज तक इसका पता नहीं चला। यह स्टेट बैंक के सामने बाइक की दूसरी चोरी है।

ट्रेनें फुल, तत्काल में भी नहीं मिल रहे टिकट

गाजीपुर। गर्मियों की छुट्टी के साथ ट्रेनों में भीड़ देखने को मिलने लगी है। वाराणसी-छपरा रेलमार्ग से गुजरने वाली सभी ट्रेनें फुल चल रही है। गर्मियों की छुट्टी शुरू होते ही सिटी रेलवे स्टेशन, जमानियां, औड़िहार रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की सीटें फुल चल रही हैं। महानगरों को जाने वाले यात्रियों की रिजर्वेशन काउंटर पर काफी भीड़ रही। एसी और स्लीपर मिलाकर तत्काल टिकट मिलना ही मुश्किल हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को यात्रा करने में काफी दिक्कत आ रही है। इस रूट से गुजरने वाली दरभंगा से मुंबई पवन एक्सप्रेस, दिल्ली से जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, गाजीपुर से वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, गाजीपुर से मुंबई बाद्रा एक्सप्रेस, सुहेलदेव एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में एसी में 50 के ऊपर वेटिंग और स्लीपर में 100 से 150 तक वेटिंग चल रहा है। इस रूट पर समर स्पेशल गाड़ियों का भी संचालन किया गया है। इसके बावजूद भी यात्रियों को साधारण तरीके से टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। केवल एक ही सहारा है तत्काल का वह भी एक से दो टिकट ही बन पा रहे हैं। वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि समर वेकेशन के चलते यात्रियों की संख्या बढ़ी है।

बिना पैकिंग तिथि और मूल्य के बिक रही खाद्य सामग्री

मुहम्मदाबाद। कई खाद्य सामग्रियों को बिना मापदंड के बेचा जा रहा है। पैक बंद कई ऐसे उत्पाद हैं जिस पर न तो ही एक्सपायरी तिथि और न ही मूल्य दर अंकित हैं । यह सामग्री बाजार से लेकर गली-मोहल्लों में आसानी से बिक रही है। यह ग्राहक के स्वास्थ्य के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। शहर और कस्बों में छोटे से लेकर बड़े दुकानदार विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। कई बड़े व्यापारी गोदाम और घरों में ही खाद्य सामग्री प्रिंटेड पैकिंग में पैक करते हैं। जबकि यह तय मापदंडों के अनुसार नहीं है। खाद्य सामग्री कब तक इस्तेमाल करनी है, इसको लेकर नीचे लाइन लिखी है। लेकिन इसकी एक्सपायरी कब होगी। इस तिथि का कोई अता-पता नहीं है। न ही उस पर बैच नंबर लिखा हुआ है। खाद्य सामग्री होटल और रेस्टोरेंट में भी पहुंच रही है। इसमें आटा, नमकीन, ब्रेड, टोस्ट समेत अन्य खाद्य सामग्री शामिल है।

नौ को होगी अनुमोदित सलाहकार समिति की बैठक

गाजीपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी/समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी द्वारा अनुमोदित सलाहकार समिति जनपद का समुचित प्राधिकारी के दायित्व निर्वहन में पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक नौ जून को समय अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय अधोहस्ताक्षरी के सभागार में आहूत की गयी है।

बारह लोगों ने रेलवे नियमों का किया उल्लंघन,लगा जुर्माना

सैदपुर। औड़िहार रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे मजिस्ट्रेट कैम्प कोर्ट लगाया गया। आरपीएफ के उपनिरीक्षक एसजे यादव के नेतृत्व में अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा 12 लोगों को रेलवे नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया। रेलवे अधिनियम का उल्लंघन करने के जुर्म में पकड़े गये लोगों का विभिन्न धाराओं में चालान करते हुए रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मजिस्ट्रेट ने कुल सात हजार का जुमार्ना लगाया। साथ ही भविष्य में ऐसी गलती न करने की सख्त हिदायत देते हुए दोबारा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गयी।

ट्रेनों के परिचालन में नहीं सुधार, यात्री हलकान

गाजीपुर। वाराणसी - छपरा रेलखंड पर सफर करना किसी त्रासदी से कम नहीं रह गई है। कारण स्पष्ट है। आएं दिन दोहरीकरण और यात्री गाड़ियों की अपेक्षा रेलवे द्वारा मालगाड़ियों को प्राथमिकता देना। ऐसे में 100 किलोमीटर का सफर करना यात्रियों के लिए मुश्किल हो रहा है। इस रूट की ट्रेनें कब आएगी कब जाएगी इसकी जानकारी परिचालन विभाग को भी नहीं रहती। शुक्रवार को अप में सद्भावना एक्सप्रेस सवा घंटे और डाउन में सद्भावना एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस एक घंटे, सुहेलदेव एक्सप्रेस दो घंटे, कामाख्या एक्सप्रेस ढ़ाई घंटे सहित सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेनें काफी देर से सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जिससे उमस भरी गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर में तय नहीं रोडवेज बस के ठहरने का ठिकाना

गाजीपुर। शहर में रोडवेज डिपो से निकलने के बाद सरकारी बसों के ठहराव का ठिकाना नहीं है। यात्री या तो रोडवेज तक जाएं या फिर प्राइवेट का सहारा लें, तभी वह अपने मंजिल तक पहुंच पाते हैं। कारण बस निकलने के बाद सीधे फरार्टा भरते हुए शहर से निकल जाती हैं। पहले खड़े किसी यात्री के रोकने पर अगर रुकीं तो ठीक, नहीं तो वह प्राइवेट साधन से यात्रा करें। लोगों का कहना है कि रोडवेज डिपो से निकलने के बाद कम से कम दो से पांच मिनट बस रोकी जाएं तो लोगों को सहूलियत मिलेगी। गाजीपुर रोडवेज डिपो से दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बलिया सहित अन्य रूट के लिए बसें चलती हैं। इसमें गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी के लिए लगभग नियमित सवारी निकलती है। समस्या यह है कि डिपो से निकलने के बाद शहर से बाहर होने की दूरी करीब दो से तीन किलोमीटर है। मगर इसी बीच में बस के ठहराव का कोई उचित स्थान तय नहीं है कि रोडवेज तक नहीं पहुंचने वाला यात्री वहां इंतजार करके बस की यात्रा कर सकें। ऐसे में जिस यात्री से बस छूटी वह प्राइवेट से ही सफर करता है। नगर के संतोष कुमार राय ने कहा कि अक्सर वाराणसी और लखनऊ की यात्रा करते हैं। बस पकड़ने के लिए रोडवेज डिपो जाना पड़ता है।

पेंशन बचाओ अभियान रैली का होगा स्वागत

भाँवरकोल।अटेवा/एन.एम.ओ.पी.एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु का एन.पी.एस. व निजीकरण भारत छोड़ो रथ यात्रा पांच जून को जनपद में प्रवेश करने वाला है। जिसका सर्वप्रथम स्वागत भाँवरकोल ब्लॉक के फखनपुरा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास होना तय है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाध्यक्ष सरफराज खान के साथ पेंशन बचाओ मंच अटेवा भाँवरकोल की टीम मदरसा के अध्यापकों एवं अन्य अध्यापकों से डोर- टू- डोर सम्पर्क कर उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आवाहन किया।

भांवरकोल में कार्यक्रम की रूपरेख तैयार करते कर्मचारी।

इस सम्पर्क अभियान में ब्लॉक अध्यक्ष मु. आलिम हुसैन, जिला उपाध्यक्ष सेराज अहमद, जिला संगठन मंत्री कन्हैया सिंह यादव, जिला प्रवक्ता अकबर अंसारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष हैदर खान इत्यादि उपस्थित रहे।

कासिमाबादः आम लोगों की सुविधा के लिए शासन के द्वारा लगाए गए कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ एटीएम मशीन की किट नहीं होने के कारण कई महीनों से बंद पड़ी हुई है। जिससे इस सुविधा का लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

अधिवक्ताओं का जांचा गया स्वास्थ्य

मुहम्मदाबाद। स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत स्थानीय सिविल बार एसोसिएशन के तत्वाधान में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सतीश कुमार प्रजापति सिविल बार एसोसिएशन के सचिव ने सूचित किया की न्यूरो सिट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर वाराणसी की तरफ से धन्वंतरी शुक्ला व डॉ. चंद्रशेखर ने प्रतिभाग लेकर अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच का कार्य किया। स्वास्थ्य परीक्षण से पहले मुख्य अतिथि सिविल जज जूनियर डिविजन अभिषेक सिंह व सिविल बार एसोसिएशन मोहम्मदाबाद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह यादव, सतीश कुमार प्रजापति ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

टीम में जयशंकर तिवारी ,गौरव सिंह ,धीरेंद्र पाठक, धीरेंद्र सिंह, शिखा सिंह ,सूर्य प्रकाश शर्मा ,ज्योति, जसवंत उपस्थित रहे।

टॉपटेन अपराधी को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

कासिमाबाद। कोतवाली क्षेत्र बीते 23 मई को लूट के मामले में एक अभियुक्त को पुलिस ने शनिवार की सुबह चावनपुर मोड़ के पास गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उसके पास से पुलिस ने लूट की मोटरसाइकिल व लूट के रुपए तथा एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। पकड़ा गया बदमाश कासिमाबाद कोतवाली का टॉप टेन अपराधी हिस्ट्रीशीटर है।

कासिमाबाद पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।शनिवार की सुबह कासिमाबाद कोतवाली पुलिस अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की कासिमाबाद थाने का टॉपटेन अपराधी व लूट के मामले में संलिप्त अभियुक्त चावनपुर तिराहे पर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है पुलिस ने मुखबिर के सूचना पर चावनपुर तिराहे के पास पहुंचा तो पुलिस को देख बदमाश भागने लगा पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। उसके पास लूट की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो और लूट के कुछ रुपए एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया । पुलिस द्वारा पूछताछ में अपना नाम अभिषेक यादव पुत्र हरिकिशुन यादव निवासी राजापुर कला थाना कासिमाबाद होना बताया।

कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप वर्मा ने बताया कि पकड़े गए बदमाश अभिषेक यादव पर कासिमाबाद कोतवाली व बरेसर क्षेत्र में विभिन्न मामलों में कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं।

स्वास्थ्य एटीएम मशीन ने किट के अभाव में तोड़ा दम

परेशानी

मरीजों को जांच के नाम पर खर्च करने पड़े दोगुना रकम

जनसंदेश न्यूज

कासिमाबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शासन के द्वारा लाखो रुपए खर्च हेल्थ एटीएम मशीन लगाया गया है। मशीन के द्वारा 45 प्रकार के स्वास्थ की जांच निःशुल्क की जा सकती है। लेकिन मशीन में किट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण जांच मशीन बंद पड़ी है। जिससे हेल्थ एटीएम मशीन महज एक शोपीस बनकर रह गया है।

लोग यहां पर जांच कराने के लिए आते तो हैं मगर हेल्थ एटीएम मशीन के कीट नहीं होने के कारण कर्मचारियों के द्वारा बताए जाने पर बैरंग निराश होकर लौट कर चले जाते हैं। मरीजों का आरोप है कि हेल्थ एटीएम मशीन दिखावा बनकर रह गया है। जिससे

कासिमाबाद सा.स्वा.केंद्र पर शोपीस बनी स्वास्थ्य एटीएम मशीन।

मरीजों को बाहर जांच कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आलोक बिंद ने बताया कि अस्पताल पर हेल्थ एटीएम मशीन से खून जांच कराने के लिए पहुंचा था लेकिन बंद होने के कारण बैरंग लौटना पड़ा। अनिता शर्मा ने बताया कि पहली बार आधुनिक मशीन से ब्लड और शुगर जांच के पहुंचने पर पता चला की कीट नहीं है। जिससे निराशा लगी।

अरविंद राजभर ने बताया कि कई महीनों से हेल्थ एटीएम मशीन का किट नहीं होने के कारण जरूरी जांच अस्पताल में नहीं हो पाता। राजू कुशवाहा ने बताया कि जब हेल्थ एटीएम मशीन लगा तो मैने जांच कराया लेकिन कई महीनो से जांच मशीन कीट के बिना बंद पड़ी है। जिसे प्राइवेट में जांच महंगे दामों में कराना मजबूरी हो गई है।

कासिमाबाद सामुदायिक केंद्र प्रभारी डॉक्टर एनके सिंह ने बताया कि किट समाप्त हो गया है।जिस कम्पनी का लगता है वह बाहर नही मिलता है। जिसके लिए जिला पर डिमांड भेजा गया है जल्द ही किट पर्याप्त मिल जाने पर हेल्थ एटीएम मशीन के द्वारा संपूर्ण जांच सम्भव होगा। उसके अतिरिक्त मैनुअल जांच सभी हो रहा है।

बिजली चोरी की घटनाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

गाजीपुर। बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग प्रयास कर रहा है, लेकिन उपभोक्ता बिजली चोरी करने के लिए नित नए तरीकों को इजाद कर रहे है। हर साल बिजली चोरी निरोधक पुलिस थाना रौजा में लगातार मामले दर्ज हो रहे हैं। निगम की ओर से बिजली चोरों के खिलाफ लाखों रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके बाद भी बिजली चोरी नहीं रूक पा रही है। जानकारी के मुताबिक जिले में कटिया डालकर बिजली चोरी व मीटर के साथ छेड़छाड़ के अधिक मामले सामने आए है। जिले में कच्ची बस्ती, ग्रामीण क्षेत्रों व कृषि कार्य में लोग सर्विस लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी करते हैं साथ ही मीटर में छेद बनाकर तार से मीटर का डिस्पले व रीडिंग बंद करना, मैन लाइन से मीटर डायरेक्ट करना, मीटर की डिस्पले का खराब कर बिजली चोरी की जाती है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व व्यवस्था का आलम यह है कि जहां हीटर जलता है ,वहां मीटर नहीं और जहां मीटर है, वहां कभी हीटर नहीं जलता। जिले के सबसे बड़े उपखंड द्वितीय में बिजली चोरी 35 से 40 प्रतिशत हो रही है। बिजली चोरी दिनदहाड़े होती रहती है। लेकिन चोरी को पकडने वाला कोई नहीं है। चोरी पर पूरी तरह अंकुश न लगने के कारण विभाग को हर माह लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

नहर में पानी नहीं, सिंचाई के लिए परेशान किसान

गहमर। गंगा नदी गहमर से निकली लघुड़ाल नहर गहमर पश्चिमी में पानी नहीं आ रहा है जिससे किसान धान का बीज डालने के लिए परेशान है। किसानों का मानना है कि यदि नहर में पानी नहीं आया तो समय पर धान का बीज नहीं डाल पाएंगे और न ही समय से धान की रोपाई हो पाएगी। वहीं कुछ किसान पंपसेट के सहारे खेतों की सिंचाई कर धान की नर्सरी डालने की तैयारी में जुट गए हैं। इससे उनपर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। धान के नर्सरी की खेती मई के अंत तथा जून के शुरूआत होती है। मई के अंत में हल्की बारिश होने पर किसानों ने नर्सरी डालने की शुरूआत कर दी थी। लेकिन अच्छी बारिश न होने के कारण किसानों ने बीज नहीं डाला। अब लघुड़ाल नहर गहमर पूर्वी व पश्चिमी में पानी के इंतजार में उनकी चिंता बढ़ा दी है। वहीं किसान धान की अच्छी उपज के लिए विभिन्न प्रकार के धान को लाकर नर्सरी डालने का काम किया करते लेकिन समय से पानी न मिलने से नर्सरी सूखा जाती है। किसानों की दोबारा धान की नर्सरी डालनी पड़ती है। इस लघुड़ाल नहर क्षेत्र के गांव गहमर,बारा, करहिया, हथौरी, नई बस्ती, धढियाहर, मरकडा, खुदरा, पथरा, शेरपुर गदाईपुर के किसान परेशान हैं। वही कुछ किसान निजी पंपसेट के सहारे खेतों की सिंचाई का धान की नर्सरी डालने की तैयारी में जुट गए हैं। इससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि डीजल भी काफी मांगा हो गया है।

लघुडाल नहर गहमर पश्चिमी में उगी हरी घास।

सूर्यदेव की तपिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जनसंदेश न्यूज

सेवराई। तेज धूप व गर्म हवाओं से आम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है। भगवान भास्कर आसमान से आग के गोले की तरह तेज धूप व गर्म हवाओं के साथ ही लू चलने से दिन भर बाजार की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। बेवजह लोग घरों से निकलने में काफी परहेज कर रहे हैं। जरूरतमंद लोग चेहरे को पूरी तरह से ढक कर बाहर निकल रहे हैं। दिन का तापमान 42 डिग्री को भी पार कर गया। मौसम विशेषज्ञों की माने तो मौसम की गर्मी में अभी कोई भी कमी आने की अंदेशा नजर नहीं आ रहा है। सुबह 9 बजते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चे महिलाओं व बुजुर्गों को हो रही है। जरूरतमंद महिलाएं चेहरे को ढक कर छाता आदि का सहारा लेकर ही घर से बाहर निकल रही है। सुबह 9:00 बजे के बाद घरों में कैद हो जाने के कारण शाम 6:00 बजे के बाद ही लोग घर से निकल रहे हैं।

सेवराई तहसील में धूप से बचाव के लिए छाता के सहारे महिलाएं।

जिससे बाजार में कुछ भीड़ भाड़ होने से बाजार में रौनक कुछ देखने लायक हो पा रही है। बाजार में दुकानदारों को भी दिनभर दुकान पर बैठकर ग्राहकों का इंतजार करना मजबूरी हो गया है। तेज धूप व गर्मी से व्यापारियों के व्यवसाय पर भी भारी असर दिख रहा है।

सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ हो सख्तीः जिलाधिकारी

संपूर्ण समाधान दिवस में 694 शिकायत,41 का निस्तारण

गाजीपुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियाँ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 226 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 694 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 41 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया।

जखनियां तहसील में फरियाद सुनती डीएम आर्यका अखौरी।

इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 32 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 66 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 93 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 07 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में अपर जिलाधिकारी(वि./रा.) की अध्यक्षता में 66 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 76 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 10 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 135 शिकायत प्राप्त 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने सावजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को प्रतिदिन शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाय शिकायत किसी भी दशा में डिफाल्टर न हो। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमे लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश यादव, उपजिलाधिकारी जखनियॉ, तहसीलदार जखनियॉ, क्षेत्राधिकारी जखनियॉ एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जूनियर हैंडबॉल भारतीय टीम में अभिषेक का चयन

खुशी

जर्मनी के बर्लिन में 12 से 27 जून तक आयोजित होगी हैंडबॉल प्रतियोगिता

सुहवल। क्षेत्र के बवाडा निवासी एवं उदयीमान खिलाड़ी अभिषेक सिंह यादव का जर्मनी के बर्लिन में 12 जून से 27 जून तक आयोजित होने वाले विश्व समर गेम्स 2023 के लिए चयन जूनियर हैंडबाल भारतीय टीम में किया गया है(इसकी जानकारी गाँव सहित परिजनों एवं खेल प्रेमियों को होते ही हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। लोगों ने इस खुशी का इजहार एक दूसरे को मिठाई खिला एवं पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। अभिषेक सिंह यादव ने बताया कि उसके लिए यह गौरव का पल है,कहा कि मिले इस सुनहरे अवसर को वह किसी भी कीमत पर जाया नहीं करेगा।

इसके लिए वह पूरा जोर लगा देगा।कहा कि उसके सफलता का श्रेय कोच के साथ ही माता पिता के आशिर्वाद व दोस्तों के सहयोग को जाता है।इसी दौरान वह पढ़ाई के दरम्यान समय निकालकर प्रतिदिन अभ्यास करता है। चयनित खिलाड़ी ने कहा कि अगर किसी सफलता के शिखर को प्राप्त करना है तो,पूरी लगन व एकाग्रता से अपना नैसर्गिक खेल बिना किसी दबाव के खेलना होगा ।उनके कोच रविंद्र सैनी ने बताया कि अभिषेक सिंह यादव का जूनियर भारतीय हैंडबाल टीम में चयन होना जिले व प्रदेश के लिए गौरव की बात है। कोच ने बताया कि अभिषेक सिंह यादव इससे पहले आर्मी स्कूल दिल्ली की ओर से खेला करते थे। जिसमें उन्होंने अब तक 6 बार स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके है।कहा कि अभिषेक वर्तमान में कक्षा बारह का छात्र है जो सैनिक स्कूल दिल्ली में अध्ययनरत है।

बताया कि वह अपने माता- पिता का एकलौता पुत्र है। उन्होनें बताया कि उन्हें उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि वह आयोजित विश्व ग्रीष्मकालीन खेल में भारतीय टीम व देश के लिए स्वर्ण पदक जीतेगा। कोच ने बताया कि इस विश्व समर गेम्स में 190 देशों के सैकड़ो खिलाड़ी विभिन्न वर्गों के विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करेगें। बताया कि पिता अरविन्द यादव दिल्ली में भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर तैनात है।मां इंदु देवी गृहणी है,जबकि चाचा चुन्नू यादव गाँव पर रहकर कोटे की दुकान चलाते है।

अनुराधा सिंह की कविताएँ

1. कहो क्या हो जाऊँ माँ !

लोहे का तावीज बना लो
मेरे होने को बाँध लो अपनी बाँह पर, माँ
मृत्यु पर सोना ही उतारते हैं
लोहा साथ चढ़ सकता है चिता पर

तुम्हारे विछोह में फुँक कर
छार हो रही हूँ
सौभाग्य का सिंदूर नहीं मुझे लपेट लो अपने माथे पर
तुम्हें हर दाह से बचा लूँगी

तुम्हारे तलवे की मिट्टी हूँ
तुम्हारी आँख का पानी
तुम्हारे निर्भय की अग्नि
तुम्हारे स्नेह का आकाश
तुम्हारी याद की पुरवाई
तुम्हारे ही क्षिति जल पावक गगन समीर से उपजी हूँ
यह देह छूटे तो
तुम्हारे साथ बनी रहूँ इनमें ही कहीं सदा

मानवी हूँ
देह धरे की अपराधी
सो मृत्यु ने अपने द्वार बंद कर दिए हैं, हमारे बीच
तुम्हीं बताओ क्या हो जाऊँ कि
अनंत अकाल तक तुम्हारा आँचल पकड़े घूमती रहूँ
उन आकाशगंगाओं में
जो अब तुम्हारा आँगन हैं

2. भी

(स्त्री- कविता)
मेरे हिस्से उनका विनोद था
गजब सेंस ऑफ ह्यूमर
ऐसे- ऐसे चुटकुले कि
कोई हँसता- हँसता दोहरा हो जाए

लेकिन मैं नहीं हँसी
मुस्कुराई भर
मुझे अपने लिखे पर बात करनी थी

मेरे पास मीठा गला था
स्त्रियोचित लोच और शास्त्रीय संगीत की समझ
मंद्र सप्तक में भी कहती रही
मैं भी कवि हूँ
गाने पर नहीं कविताओं पर बात करते हैं
मेरे पास था उज्ज्वल ललाट
छोटी सी यूरोपीय खड़ी नाक और खिंची
पूरबी आँखें
और तो और मेरे चिबुक का स्याह तिल
पहुँचने ही नहीं देता था
उन्हें मेरी कविताओं तक

फिर मैंने कहा, आप
सदियों से मेरे चमकदार खोल की प्रशस्ति कर रहे हैं
जबकि लिखते- लिखते
मेरी आत्मा नीली- काली हो गयी है
दया कर, एक बार उसे भी पढ़ लीजिये

आपने सही कहा मैं खाना अच्छा बनाती हूँ
चित्रकारी उम्दा करती हूँ
बागवानी प्रिय है
नौकरी में कर्मठ कही जाती हूँ
वात्स्यायन की मानें
तो केलि और मैत्री के लिए सर्वथा उपयुक्त

किन्तु आपके सामने बैठी हूँ मैं
सिर से पैर तक एक कवि ही बस
आइये, मेरी भी कविताओं पर बात करें।

3. वेटिंग रूम में सोती स्त्री

हरे मखमली पत्तों पर सहेजा
चम्पा का शीलवान फूल नहीं
अज्ञात रेगिस्तान में
जहाँ तहाँ भटकता
खुदमुख़्तार रेत का बगूला है
रेलवे के प्रतीक्षालय में बेसुध सो रही औरत

मानो अगली किसी ट्रेन का टिकट
उसके बस्ते में नहीं
और इस शहर में कहीं जाना नहीं उसे
मानो किसी घर में उसके दूर देस से लौट आने की
प्रतीक्षा नहीं हो रही
करवटें नहीं बदल रहा कोई प्रेयस
कहीं उदास सफेद सिलवटों पर
मानो चूल्हे पर खदबदाती दाल कहीं
विकल नहीं कि
कोई आये
चमचा ही घुमा जाए
नहीं है किसी दफ्तर के
बेचैन आँकड़ों को
उसके एक सही का इंतजार
ऐसे सो रही है वह निश्चिन्त

सूरज भी चढ़ आया है आज इस तेजी से
कि आस पास बैठी औरतें
दिन चढ़े तक सोती इस औरत के
चाल चलन को लेकर हलकान होने लगी हैं
कि ऐसे तो यह
किसी रात प्रेम भी कर लेगी घर से बाहर
कैसी औरत है
इसे अपने थान पर पहुंचने की जल्दी नहीं
इसका कोई खूँटा है भी या नहीं
बिना नाथ पगहा सोती है क्या कोई औरत
ऐसे चित, ठीक पृथ्वी की छाती पर।

रेलवे वेटिंगरूम में सोती हुई अकेली स्त्री
जवाबदेह नहीं
चाय की असमय पुकार की

वह औरतों के
अकारण रात भर घर से बाहर रह सकने
की अपील पर
पहला हस्ताक्षर है।

4. मनुष्य होने का अभ्यास

श्वास लेते हुए
ऑक्सीजन को हवा से कौन अलग करता है
तुम एक स्त्री का सम्मान बस इसलिए नहीं कर सकते
क्योंकि वह स्त्री है
उसके रुधिर माँस मज्जा को भी याद करना
याद रखना कि वह एक मनुष्य है

स्मृति भले प्रेम का ककहरा हो
किन्तु प्रिय को याद करना सीखने से पहले
सीखना कि
सामने खड़ा
यह गया बीता
व्यक्ति भी
किसी का प्रिय है
किसी का बाप बेटा पति प्रेमी यह
दुनिया में हमसे कमतर होने ही नहीं आया

बाजार तुम्हें अर्धसत्य के लिए
लड़ना सिखायेगा
पर तुम जेठ में छत पर
अज्ञात चिड़ियों के लिए दाना पानी रखते हुए
अपनी थाली में परोसी गयी चिड़िया के
एक असंभव दड़बे में व्यतीत शोकमय जीवन
और असहाय मृत्यु को
अदेखा न करना

दुनिया की कोई किताब तुम्हें मनुष्य होना
नहीं सिखा सकती
किसी आधी रात
सिरहाने रखी अपनी बाँह में दौड़ते रक्त की
सनसनाहट सुनना
और याद रखना
इसे किसी ईश्वर ने नहीं
दो अनुल्लेखनीय विस्मरणीय मनुष्यों ने
भरा है तुम्हारी देह में
तुम मनुष्य के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकते हो।

5. मटर का कीड़ा

मटर की बंद फली
उस एक तिहाई इंच के हरे कीड़े की
पूरी दुनिया है
पांच दाने हैं
अकूत सम्पदा जीवन के लिए

दस रुपये पाव, तुम्हारे और दुकानदार के
बीच का विनिमय है
मटर के कीड़े का अनुबंध तो ईश्वर से है
जिसने दाने के गर्भ में
आरोपित किया है उसे
तुम्हारे फली खोलते ही
उसे मजबूरन शामिल होना पड़ा है
तुम्हारे विपणन संसार में
वरना फली में
वह अपनी दुनिया का बाहक बाशिंदा था
उसकी औकात एक कीड़े से कहीं ज्यादा थी .

6. प्रेम के बिना किन्तु

यह प्रेम नहीं
इसमें पूरा पाने की निर्लज्जता नहीं है
पर वही है
क्योंकि मैत्री सा अस्वामी नहीं
हम दीवार पर बैठ पैर हिलाते दो बच्चों की तरह
मिले
जिन्हें चलते रहने के बावजूद कहीं पहुँचना न था
मेरा यह संसार इतना विशाल
और इतना रिक्त
बाजार रिस आया है उन सब खाली जगहों में
जहाँ प्यार को रहना था
तुम क्या जीवन के
एक उपेक्षित कमरे में फूलदार चादर
जितनी जगह
घेरने में भी संकोच करोगे

मैं पाप पुण्य की बात न करूँगी
मध्यान्ह हो चुका है
कुछ समय बाद धूप उतरेगी
जीवन और
दुनिया भर की छतों पर सूखते कपड़ों
और बड़ी पापड़ों से ही नहीं
मनुष्यता भर के कलुष को भी
एक शाम से ढँकती हुई

मैं पाप पुण्य की बात ही न करूँगी
क्योंकि नहीं जानती
तुम से दूर
यह विकल रुलाई लेकर
किसके कंधे माथा टिकाना है

प्रेम में तुम्हारे वक्ष पर माथा टिकाते
दूसरी बार भी नहीं सोचा था
प्रेम के बिना किन्तु
अपने कमरे से बाहर आते भी
धूप में निर्वस्त्र खड़े होने जैसी लाज आती है ।

संपर्क 99300 96966

डा. जय नारायण की कविताएँ

1. दर्द का रिश्ता

जब जब उदास होता हूं
मेरी नातिन आ कर पूछती है
नानू,आप बार बार
चुप और उदास क्यों हो जाते हो
देखता हूं
उस में यह सवाल
एक करुणा के साथ उभरता है
फिक्र साफ देखी जा सकती है
उसकी निश्चल आंखों में
दर्द है बेटा
कहीं हाथों में
कभी पैरों में
नानू
इतना दर्द क्यों होता है आपको
क्या कहूं उस से
मेरी निर्मिति ही दर्द से हुई है
वह हर तरीके से मुझे हंसाना चाहती है
अक्सर सफल भी हो जाती है
जब कभी हारने लगती है
सब भूल कर हंसता हूं
उसे हारते हुए नहीं देख सकता
किसी हाल में
सिर्फ उसी को क्यों दिखती है
मेरी उदासी
कहीं अम्मा ही तो नहीं लौट आई हैं
मेरा माथा चूमने।

2. अब देर नहीं है

देखो खुली आंखों से
यह नीला आकाश और इसमें तैरते
रुई जैसे बादल
झरने और पहाड़ भी देख आओ
इसके पहले आंखों को कोई खरीद ले
सुन लो जी भर हेमंत कुमार और रफी को
लता और आशा के साथ जगजीत सिंह को
अजान और आरती के सिवा कुछ भी
सुनना कठिन होने के आसार हैं
सूंघ लो इस धरती को आखिरी बार
सुना है इस पर प्रतिबंध का विधेयक
आ रहा है जल्दी ही
जितनी भी हिम्मत बची हो
बटोर कर बोल लो
अगले मौसम में इतनी तेज धूप
होने का अनुमान है कि
हलक सूखेगा बोलने पर
इंद्रियों की सत्ता पर
देवता का अधिकार होने में
अब देर नहीं है

3. हम बंट नहीं सकते

आज एक मित्र ने कहा
राजनीति भले हमें बांट रही हो
हमें नहीं लगता हम बंट गए हैं
सोचने लगा डॉक्टर जिया
के पास ही तो रखा है
मेरा हिया
आफताब ही सबसे पहले
याद आता है
हर मुसीबत में
कवियों के बीच
मोहम्मद इदरीस को ही
पाया दिल के बेहद करीब
मशहूर हुए जो अंबर बहराइची के नाम से
उन्होंने अपनी मुस्कान से किए थे
मेरे दिल की किताब पर दस्तखत
एक ही तो हसरत बची है
किसी मुसलमान लड़की ने
प्यार नहीं किया
खाली है अभी भी
उसके लिए दिल में एक खास जगह
जो बांट रहे हैं हमें
वे भी खुद नहीं
शामिल हैं अपने व्यक्तिगत जीवन में
इस बंदर बांट में
हम बार बार फंसते हैं
इस नकली खेल को
असली जानकर
निकल जाती है चील
अपने हिस्से का गोश्त लेकर
पांच साल के लिए
मेरे दोस्त
तुमने सही कहा
ताने बाने की तरह बुने हैं
एक दूसरे की रूह के साथ
हम बंटना भी चाहें
तो नहीं बंट सकते

4. तरबूज

स्थगित थी एक कविता
अपने बारे में
ढूंढ रहा था कोई ऐसी चीज
जिसमें मिल जाएं मेरी तमाम खूबियां
जहां पानी मिलता मेरे कद का
वहां मिठास नहीं
दोनों मिलते भी तो ठहर जाते शरबत
की सरहद पर
मुझे अपनी परतों की शिनाख्त के लिए
तलाश थी जीवंत और संतृप्त करने वाली
एक रस भरी धरती की
में चाहता था
जब कभी हो मेरी शल्य क्रिया
मेरी कठोरता बाहरी छिलके -सी उतार फेंकी जाए
बेस्वाद हिस्सा भी
काम आ जाए किसी के लिए
मेरे भीतरी कोमल अंग
सब उदरस्थ करें
गहरे आनंद और जायके के साथ
उतना ही सुर्ख दिखूं
जितना मैं हूँ
पहुंचे हर कंठ में मेरे प्राणों का जीवन -जल
छोड़ जाऊं मौत के बाद
अपने जैसे अनंत बीज
आज पूरी हुई तलाश
घाघरा नदी के किनारे
लेटा हूं रेत का लिहाफ ओढ़े
अपने इष्ट मित्रों संग
यह प्रामाणिक कविता है
सेवन करें आप भी

5. साठ की उम्र में प्रेम

किया ही क्या जा सकता है
प्रेम के सिवा
अब आप हैं
और आपका चश्मा है
क्या कर सकते हो
देखने के सिवा
छोड़ गए सांपों के
केंचुलों सी
स्मृतियों को विसर्जित करने का
न साहस है
न शक्ति
उड़ उड़ कर
बरामदे की रेलिंग पर
आ बैठती हैं
अधूरी कहानियां
अधपकी कविताओं के साथ
साठ की उम्र में
प्रेम अंतिम विकल्प है।

संपर्क 94150 36571

विहाग वैभव की कविताएँ

1. न्याय का तरीका

अगर तुम्हें न्याय का यही तरीका समझ आता है
कि अपराधियों को सरे-आम गोली मार दी जाए
और अदालतों को छोड़ दिया जाए
रोटी चोरी का फैसला करने के लिए
तो बाँट दो जनता में अनाज की तरह बंदूकें
और करने दो सभी को
अपने-अपने तरीके से न्याय
तब तुम्हें यह समझने में बहुत देर नहीं लगेगी कि
मालिकों की संख्या
बहुत कम है
मजदूरों की बहुत ज्यादा।

2. देश का नेता

नेता एक कवि होगा
तो जनता 'बेगमपुरा' की नागरिक होगी
नेता एक माली होगा
तो जनता सीख लेगी रंगों और खुशबुओं को रोपना
नेता यदि होगा कोई लुहार
तो मुमकिन है
वह सभी बन्दूकों को पिघलाकर हँसिया बना डाले
अब यह प्रमेय इतना भी मुश्किल नहीं
कि जनता जश्न से चिल्ला रही हो-
मारो-मारो, लूटो-पीटो, हत्या-हत्या

और हम यह भी न समझ पाएं कि हमारे नेता कौन हैं!

3. काम पर कविता

जाओ मेरी कविताओं, जाओ
मेहनत मजूरी करो, खटो
कुछ नमक तेल घर लाओ
मनरेगा में दिहाड़ी करो या
बम्बई की टिकट कटाओ
पर जाओ
सड़क के लिए गिट्टी तोड़ो
नहर के लिए फरसा चलाओ
काँच के कंगन ढालो, चूड़ियाँ बनाओ
गाड़ी आगे बढ़ाओ, रिक्शा चलाओ
भूख से बच गयी जान
तो फिर होगी कलाओं की बातें
अभी तो दुहरता है पेट
सिकुड़ती हैं आँतें
दुःखी होने का वक्त नहीं
जीवन में उतरो पसीना बहाओ
जाओ मेरी कविताओं, जाओ।

4. प्रेम का अर्थशास्त्र

जितना हो तुम्हारे पास
उससे कम ही बताना सबसे
खर्च करते हुए हमेशा
थोड़ा सा बचा लेना
माँ की गुप्त पूँजी की तरह
जब छाती पर समय का साँप लोटने लगेगा
हर साँस में चलने लगेगी जून की लू
और तुम्हें लगेगा कि
मन का आईना रेगिस्तान की गर्म हवाओं से चिटक रहा है
तब
कठिन वक्तों में काम आयेगा
वही थोड़ा सा बचा हुआ प्रेम।

संपर्क 88583 56891

बचाने की कोशिश

- शंकरानंद

जो जिंदगियां तबाह करने की कोशिश करता है/उसे बचाने की कोशिश में सब लग जाते हैं
वह भी जो खुद को मसीहा से कम नहीं/समझता
इस समय कोई भय नहीं होता विश्वासघात का/लज्जा नहीं आती जरा भी
जब वह कहता है कुछ भी तो गर्व से कहता है/उसका गर्व खोखला है
चाहता है वह कि सब उस पर भरोसा करें/उसके छल पर भरोसा करें
जबकि उसी छल ने तबाह कर दिया सब कुछ
ये जो बर्बर तरीका है अनसुना करने का/चुपचाप तमाशा देखना
एक रोचक अनुभव है उसके लिए /जो कहीं से भी मजा दे सकता है
वह मजे ले रहा है पर्दे के पीछे से /उसे पल पल की खबर है /जबकि जता रहा है कि उसे कुछ पता नहीं
वह सब कुछ कर रहा है आह्लादित होकर/उसके लिए सबकुछ पहली बार है
ऐतिहासिक है/ और वह रोज सुबह/ इतिहास में अमर होने की लालसा में /जागता है
जिस बेटी को बचाने की वह देता है दुहाई/उसी को कुचलने की योजना बनने देने में
जरा भी कसर नहीं छोड़ता वह /इसके लिए उसका चुप रहना काफी है
वह किसी का सगा नहीं हो सकता/जो दूसरे की तकलीफ को देखने से पहले/आंखें फेर लेता है /उसकी देह में पत्थर का लहू दौड़ता है।

संपर्क 89869 33049

रुपम मिश्र की कविता

मैं बस में ड्राइवर के ठीक पीछे बैठी हूँ तो ड्राइवर का चेहरा नहीं दिख रहा
कंडक्टर मेरे पास आया था टिकिट के लिए इसलिए मुझे याद है
वो ठीक मेरे छोटे भाई की उम्र ,रंग और गढ़न का है
तो इसलिए भी मुझे कंडक्टर की याद है
बस रेलवे क्रॉसिंग पर रुकी है
मुझे नींद आ रही है
अपनी साध से स्त्री का घर से निकलना
उसका गंगा में जौ बोना होता है
जाने कितनी आजादियाँ घर नाम की शय के आगे सिसकती हैं
और रात इसी चिंता में नींद नहीं आयी थी कि सुबह घर से निकलने को लेकर कोई कलग्रह न हो
तो उसके एवज में कैसे सबको खुश रखना है सोचते हुए रात कटी
और अब यहाँ बस में इत्मीनान और नींद दोनों पास आ बैठे हैं
कंडक्टर के हिसाब से ड्राइवर को भी नींद आ रही है ऐसा मैंने अधनींद में सुना
कंडक्टर ने ड्राइवर से धीरे से कहा तुम्हें भी नींद आ रही है और पीछे बैठी मैडम को भी
तो क्यों न हो कि दोनों जन .. भहों को नचाते हुए भद्दी हँसी हँसा
ड्राइवर जाने क्यों नहीं हँसा
मैं कहना चाहती थी कि भाई साथ नींद आने और साथ सोने का कोई कनेक्शन नहीं है
जीवन ढोने के अलावा हममें कोई साम्यता भी नहीं तो अपनी ये सस्ती रूमानियत अपने मुँह के गुटखे के साथ खिड़की से फेंक देना
अऊँहाया ड्राइवर जाने क्या सोच रहा था पर मैं सोचती रही कि थकी आँखें साथ सोकर भी क्या एकनींद सोती होंगीं
बेफिक्री की शायद कोई जैविकी नहीं
हम श्रम के संझियारे लोग अपने -अपने स्वप्नों और यातनाओं के खंड नींद में भी बटोरते विकल रहते हैं
साँझ का सिंदूरी रंग सांवला हो रहा था साथ सफर करती स्त्रियों को घर की याद आ रही थी
उनके मड़ियांन चेहरे पर अंधेरा चढ़ रहा था
मैं उन सबके साथ हँसना-बोलना चाहती थी लेकिन मेरे सवाल का जबाब देकर वो चुप हो जातीं
जैसे उनके चुप रहने से बस जल्दी पहुँच जाएगी
या ये हमारी चीन्ही-जानी सदियों की हदस थी
एक एकदम हरियर कचर पीड़ा अचानक सीने में उठी और आँख में भर गई
क्या साफ नदी और अपने लिये भयमुक्त संसार का स्वप्न लिए -लिए ही हम मर जायेंगे ।

प्रकाश मनु की कविताएँ

1. आई बारिश तो

इस बारिश में बहुत नहाया
भीतर-बाहर
आँखें बंद किए, निस्पंद...!
इस बारिश में बहुत अरसे बाद उतरी जी की थकान।
इस बारिश में बह गया मैल
बह गई बहुत-सी गर्द पानी की ठंडी धार के साथ
जलन थी बहुत जलन भीतर-बाहर की
बही जो, बहता गया बहुत कुछ
जो खामखा इकट्ठा था अंदर की बंद कोठरी
के अँधेरे कबाड़ में।
बह गए वे जख्म
खाए जो दोस्तों से न जाने कब-कब जाने-अजाने
गालियाँ, ताने, गर्द...
बह गए दर्द पुराने
बह गई टीस बहुत-सी अनकही अनबूझी
बह गया भीतर-भीतर रोता श्वान-सा
और कभी न सामने मुँह करता धुमैला उफान।
आई बारिश तो हरियाली की कूची ने
हौले से झाड़ा-बुहारा
सँवारा बहुत कुछ
भीतर की कोठरियों में मनहूस नागिन-सी पसरी पड़ी रात
जागी
उजले दीयों की जोत बन हँसी मानिक-मणियों सी।
बूँदों की शीतलता में भीगती भुरभुरी मिट्टी की तरह
भूला यों खोने-पाने का मोह
कि कितने ही विकल अपमानों की जलन
रखकर एक तरफ
बहाकर दुश्मनियाँ सारी दुश्मनों की
दोस्तों से माँगी माफी अपने किए-अनकिए अपराधों की
देखा अड़ोस-पड़ोस और धरती-आकाश को
एक नई ही नजर से
जिंदगी थी सहज
कि जैसे जिस्म के आर-पार बहती हवा बहता जल
और बेछोर नदी रोशनियों की...
भीमसेन जोशी के धीरे-धीरे उठकर
हवा में घुलते खुले आलाप-सी
नदी के बहते पानियों में चमकता आलोक
कुई के फूलों-सा थर-थर, थर-थर-थर
बहुत कुछ था नया-नया
इस बारिश में...
जैसे मिट्टी की सौंधी महक में
जागती प्यार की एक अचीन्ही इबारत।
इस बारिश में
बहा बहुत-सा आँखों का धुँधलका
न जाने कब-कब की गर्द थी आँखों में
धूल-धुआँ-कीचड़ बहुत-सा
सो बहा, बहता गया इस बारिश में
जल में जल
मिट्टी में मिट्टी आकाश में आकाश होकर समाने को
भीतर की गुहाओं में अनगढ़ चट्टानों से
पसरे थे अहम् के पिंजर कई सदियों से
बरसों के सूखे उजाड़, मृत संवेदन!
पहुँची वहाँ जलधार तो
लगा बहने मन का खुश्क भार
हवा में घुली भारी महक स्मृतियों की
मन हुआ हलका, बहुत हलका
रुई के गाले-सा
इस बार बारिशों में बूँद-बूँद बरसती हरियाली
के हरे फव्वारे ने
भिगोकर भीतर तक
किया कुछ ऐसा कमाल
कि मन हुआ हलका...
प्यार ही प्यार था बस जो सुख के आँसू बन छलका,
कुछ देर यों ही पोंछता रहा आँखें
मन हुआ हलका...बहुत हलका!

2. पुराने शहर की गलियों में

उस दिन जब अनिल उदित के साथ था
मैं अपने पुराने शहर की
टेढ़ी-मेढ़ी चक्करदार गलियों के जादुई संगीत में खोया सा
भटकता अपने अंदर और बाहर
अपने पुराने शहर के पुरानेपन की आभा
को पास से देखते और प्यार करते हुए
टहल रहा था जब मैं अनिल उदित के साथ पूरे सुरूर में
तो यकबयक
मैं अपने पुराने शहर की उस बेहद पुरानी आत्मा से मिला
जो बैठी थी एक पुराने मंदिर की टूटी सीढ़ियों पर
कुछ सोचती और धीरे से बतियाती
इर्द-गिर्द की खामोशियों से
पुराना खँडहरनुमा मंदिर
वह सुनसान था
जिस में छिपकर किसी फूल की गंध में बैठा था ईश्वर
ईश्वर बार-बार मेरे पास आता और कंधे पर हाथ रखकर
कुछ गुनगुनाने लगता था
कभी वह आल्हा गाने वाला लड़का
बनकर आता जिसके बाल हवा में उड़ रहे थे
तो कभी एक भग्न हवेली के पास
खूबसूरत बौद्ध स्तूपों की शक्ल में बटोड़े
तैयार कर रही साँवली स्त्री के चेहरे में बदल जाता
कभी उस मंदिर में का सन्नाटा बनकर
वह पास चला आता
जो शहर के किनारे चुपचाप
प्रार्थना करता सा लगता था...
फिर एकाएक सुपारी काटने वाला रामभद्दर बन जाता,
जिसका अँगूठा
पिछले पचास बरसों से लगातार
सुपारी काटते-काटते सूज गया था
कभी वह पतंगें बनाते अशरफ की भोली हँसी बन जाता,
जिसके अब्बा ने दशहरे पर
उड़ाई थीं सात पतंगें और दिल्ली जाकर
दिल्ली के महारथियों को छकाया था
और कभी कुम्हार हीरालाल,
जिसके घड़े और सुराहियाँ चमकती थीं
सृष्टि की सबसे खूबसूरत कलाकृति के रूहानी नूर की तरह
और फिर वहाँ से लौटा तो अनिल उदित के घर
अनिल उदित मार्का स्नान
जिसमें ईश्वर आया और खुले में स्नान के बीच
मेरे गीले बालों को बार-बार अपने स्पर्श से सहलाती
हवाओं की शक्ल में
धीरे से पीठ थपथपाकर चला गया
आह, उस दिन
दुनिया के सबसे बड़े और रोमांचक अचरज की तरह
ईश्वर मेरे पास, इतने पास था
कि मैंने उस दिन भीतर और बाहर जो-जो भी देखा उसमें वह था
फूल में फूल की गंध और आँख में आँख की नमी की तरह

3. विश्वसुंदरी के पाँव

मैंने देखा
काले हैं यकदम काले
विश्वसुंदरी के पाँव
पसीने की भाषा में खोजते जिंदगी का मर्म
ये पाँव
बिवाइयों फटे
हैं खुले माथे वाली एक खुशदिल दुनिया की अमानत
खासे गोबर पुते भी रहे ही होंगे ये पाँव
कि खेत से आकर धोने के बाद भी
रह गई है गंध बाकी...
और यों बाँकपन तो कई और भी हैं
नाखून टेढ़े-मेढ़े,
उन पर हड़बड़ी में उलटी-सीधी
लगाई गई नेल पालिश
इधर-उधर फैली बेतरतीब
जाने कितनी धूल भरी पगडंडियाँ पार कर भी
सीधी डगर चलते आए
कितने ये सादा, सरल मगर खुद्दार भी
कि सैकड़ों सिंथैटिक विश्वसुंदरियों के चकमक चेहरे
इस काली विश्वसुंदरी के
काले गोबर पुते पैरों के आगे धूल-धूल लगते हैं।

संपर्क 09810602327

ऐ सुंदर लड़कियों

- विमल किशोर

ऐ देश की सुंदर लड़कियों
स्वर्ण पदक से विभूषित
नाज है तुम पर
सारे देशवासियों को

आज तुम सब बैठी हो
अपने प्रति हो रहे अन्याय के खिलाफ
इस बेदर्द दीवारों से टकराते हुए
हो गये हैं कई दिन
तुम्हारी बेबसी और आंसू
अंधी, बहरी और गूंगी सत्ता को समझ नहीं आता

ऐ देश की सुंदर लड़कियों
अब लड़नी होगी तुम्हें लम्बी लड़ाई
अब यह है तेरी आर-पार की लड़ाई
उन सभी लड़कियों के लिए
जिनके अरमानों को कुचला गया है
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का झूठा भ्रम फैला कर
रोक लगा दो उसके नाजायज हौसलों पर
नफरत के मंसूबों पर
तुम आगे बढ़ो
कई हाथ और कई कदम तुम्हारे साथ होंगे
न तुम डरना न कभी झुकना
ऐ देश की सुंदर लड़कियों
नाज है तुम पर सारे देशवासियों को।

संपर्क - 8795788057

गजल

- धर्मेन्द्र गुप्त

वो सियासत में जब से उतरे हैं
हो गये किस कदर सुनहरे हैं
कैसे मसलों का कोई हल निकले
हम हैं गूँगे , हुजूर बहरे हैं
इनको बरसात जब नहीं करनी
फिर ये बादल यहाँ क्यों ठहरे हैं
कैसे राजा से मिल सके परजा
द्वार पर उनके सख्त पहरे हैं
वो तो दोहरे से हो गये तिहरे
हम तो अब भी वही इकहरे हैं
तेरे मरहम में कुछ असर ही नहीं
जख़्म अब भी हमारे गहरे हैं

संपर्क 8935065229

कभी-कभार विरोध चुनो

- सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी

तुम पत्थर से ज्यादा चुप हो,
कभी-कभार विरोध चुनो।

मन तरंग-सा दिखे, इसलिए
नदी चुनो तुम, नाव चुनो।
जंग न निष्फल हो जीवन की,
बढ़ो, कर्ण के घाव चुनो।

दुर्वासा की जगह कभी तुम
लहरों वाला क्रोध चुनो।

ऐसे लमहे चुनो कि जिनमें
हो न सनसनी तीरों की।
सन्नाटे में पड़े सुनायी
सिसकी आलमगीरों की

हर वन बाघों का ही क्यों है,
कभी मृगों पर शोध चुनो।

तट पर पड़ी सीपियों जैसे
दुख बीनो, नैराश्य चुनो।
नाउम्मीदी घेर न पाये,
मन के उजले भाष्य चुनो।

ओस चाहती है कि कभी तुम
पंखुड़ियों का बोध चुनो।

निजी और सरकारी बस की टक्कर, 41 घायल

हादसा

डीएम और एसपी ने अस्पताल पहुंच कर जाना घायलों का हाल

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बगहीडांड़ पुल पर शनिवार की सुबह एक सरकारी और एक प्राइवेट बस की आमने सामने टक्कर हो गई। दोनों बसों के दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद यात्री बसों का शीशा तोड़कर बस से बाहर कूदे।

शनिवार की सुबह एक सरकारी और एक प्राइवेट बस की आमने सामने टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों बसों के लगभग दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद यात्री बसों का शीशा तोड़कर बस से बाहर कूदे। दुर्घटना के बाद मौके पर बसों में बैठे यात्रियों की चीख पुकार गूंज उठी। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और बस सवार घायल यात्रियों की मदद करने में जुट गए। सूचना मिलते ही जीयनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। गोरखपुर की तरफ से प्राइवेट बस आजमगढ़ जा रही थी, जबकि आजमगढ़ की तरफ से आ रही रोडवेज की बस गोरखपुर जा रही थी। दोनों बसों की रफ्तार तेज थी। बगहीडांड़ पुल काफी सकरा है, इसके बाद भी दोनों बसों की रफ्तार कम नहीं हुई। जिसके कारण दोनों बस आमने-सामने टकरा गई। घटना के बाद आईजी, डीएम और एसपी ने भी अस्पताल पंहुव कर राहत कार्यों का जायजा लिया।

जिला अस्पताल में घायल का हाल पूछते एसपी व डीएम।

घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त बस व मौके पर जुटी भीड़।

दुर्घटना के बाद होने लगी चीख पुकार

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बगहीडांडपुल के पास सुबह दो बसों के आमने सामने टक्कर के बाद चीख पुकार होने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला तथा उन्हे एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजवाया।

डीएम व एसपी ने जाना घायलों का हाल

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बगहीडांड पुल के पास हुई दो बसों की आमने सामने टक्कर में कई घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य जिला अस्पातल पहुचकर घायलों का हाल जाना। जिलाधिकारी ने बताया कि 2-3 लोग सीरियस हैं, उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। उन्होने कहा कि सर्वप्रथम घायल व्यक्तियों का इलाज कराया जा रहा है, इसके उपरांत सभी अनुमन्य सहायता प्रदान की जाएगी। जिला अस्पताल में जो भी चिकित्सक एवं स्पेशलिस्ट हैं, उन्हें पहले ही अलर्ट कर दिया गया था, जिससे सभी चिकित्सक पूरी तरह से मुस्तैद हैं। मेडिकल कॉलेज को भी अलर्ट कर दिया गया है, वह भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जो भी मेडिकल सपोर्ट की आवश्यकता है, उसे दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सकों को घायलों का तत्काल सही ढंग से इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बगहीडांड पुल के पास हो चुकी है कई घटनाएं

आजमगढ़। बगहीडांड पुल के पास कई घटनाएं हो चुकी है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है लेकिन बगहीडांड का पुल अभी भी सकरा है पुल से दो बसे आमने सामने नहीं निकल सकती। जिसके कारण अक्सर वहां दुर्घटनाएं होती रहती है। दो वर्ष पूर्व ट्रक व मैजिक की आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमें 3 लोगों की मौत हो गयी थी। दो माह पूर्व बस व ट्रक की टक्कर हो गयी थी। सकरा पुल होने के कारण आये दिन वहां घटनाएं होती रहती है लेकिन प्रशासन अभी भी कुम्भकर्णी निद्रा में सोया हुआ है।

संक्षेप

केवी के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

पटवध (आजमगढ़)। प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जी-20 नेप 2020 व एफएनएल पर एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी की शुरूआत केंद्रीय विद्यालय से निकल कर हीरापट्टी व ग्रामसभा सलेमपुर होते हुए पुनः केंद्रीय विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तदुपरांत केंद्रीय विद्यालय में बच्चों से उपरोक्त विषय में नारा श्लोगन बोलने की प्रतियोगिता कराई गई। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार तथा मुख्य अध्यापक बृजेंद्र प्रसाद राय द्वारा प्रतियोगिता में विजेता आर्यन सिंह कक्षा 9 (बी) कृष्णकांत धुरियां 6 (अ) तथा प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर की प्रियम निशा चैहान कक्षा चार को मेडल व पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के अध्यापक व बच्चे तथा प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर के बच्चे व उनकी प्रभारी प्रधानाध्यापिका आभा राय एवं अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावक और बच्चों ने भी सहभाग किया। मिष्ठान वितरण के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उच्चाधिकारियों ने घटना का किया निरीक्षण

अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बगहीडांड पुल पर दो बसों में आमने-सामने हुई भिड़ंत की सूचना पर आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एडीएम, एसपी ट्रैफिक सहित आला अधिकारियों ने घटना स्थल व जिला अस्पताल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। शनिवार की सुबह दो बसों में भीषण दुर्घटना में 42 घायलों की जानकारी लेने के लिए जनपद स्तरीय उच्चाधिकारियों ने त्वरित रूप से घटना स्थल व जिला अस्पताल पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। आईजी अखिलेश कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था चालू करने के लिए निर्देशित किया। वहीं जिलाधिकारी विशाल कुमार भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जिला अस्पताल पर पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। जिला अस्पताल पर एडीएम वित्त आजाद भगत सिंह व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार दीक्षित क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पर तैनात रहे तो सीएमओ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को लेकर घायलों को त्वरित रूप से उपचार में लगे रहे।

लाखों की लागत से लगे वाटर कूलर व फ्रीजर खराब

सरायमीर (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पंचायत में ठंडे शुद्ध पानी के लिए लगे आधा दर्जन आरो सहित फ्रीजर खराब होकर बन्द पड़े हैं। लाखों रुपए बर्बाद हो गये और मुख्य उद्देश्य की पूर्ति भी नहीं हुई। इतना ही नहीं मेन चौक पर लगे पलान्ट को एक सभासद द्वारा उठा ले जाने की बात दुकानदारों ने बताई। गर्मी का मौसम शुरू हुए काफी समय हो गया मगर गूंगा बहरा नगर पंचायत प्रशासन खामोश व इसके प्रति अनभिज्ञ बना हुआ है। नगर पंचायत कार्यालय में ठण्डे पानी के लिए लगा फ्रीजर बन्द पड़ा है। सरायमीर थाना मोड़, मिल्लू होटल के पास, पुलिस चैकी, सुदामा पान वाले के सामने, रामजानकी मंदिर मोहल्ला नई बाजार, एमके टेलर आदि जगहों पर लगभग 2 लाख रुपए से ज्यादा लसगत लगा कर ठण्डे पानी मशीन व टंकी लगायी गयी है मगर कोई फायदा नहीं मिला। जितनी रूचि व जिम्मेदारी नगर पंचायत सरायमीर नये सामानो की खरीदारी में लेता है ऐसे में थोड़ी सी देखभाल कर दी जाती तो मात्र कुछ महीनो में कस्बे में लगे ठण्डे पानी के फ्रीजर आज कबाड़ न हो जाते। स्थानीय नगर वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए खराब पड़े आरओ व फ्रीजर के मरम्मत की मांग की है।

अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

संजरपुर (आजमगढ़)। सरायमीर थाना क्षेत्र के बीनापारा गांव निवासी परवेज आलम पुत्र कयामुद्दीन काफी लंबे समय से एक मुकदमे में वांछित चल रहे हैं। न्यायालय से बार-बार नोटिस आने पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। न्यायालय के आदेश पर सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने गांव में डुगडुगी पिटवा कर सार्वजनिक स्थान व परवेज के घर पर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा किया। सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि यदि 82 के नोटिस पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

भीषण गर्मी से सूख रही धान की नर्सरी

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के किसान तेज धूप तपिस के कारण जहां वर्तमान समय में धान की नर्सरी डालने से बच रहे हैं जो किसान नर्सरी डाल दिए हैं वह बचाने के प्रयास में हैं। सीधे धूप अंकुरित पौधों पर पड़ने से कोमल पौधे झुलस जा जा रहे हैं। नर्सरी डालने वाले किसान रात्रि में नर्सरी में पानी चलाकर नमी बना रहे हैं। इधर मौसम का मिजाज इतना गर्म है कि खेती किसानी सहित अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में खेतों में गोबर की खाद ढैचा आदि पानी चला हरा भरा कर उपजाऊ भूमि बनाने के प्रयास में हैं। वहीं क्षेत्र के किसान मंगला सिंह, कोमल प्रजापति, राम अवध यादव, राजेश प्रजापति, नदीम अहमद, मो.असलम आदि का कहना है कि बिलम्ब भले हो पर इतनी तेज धूप में नर्सरी डालना सम्भव नहीं होगा।

मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के मामले में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अतरौलिया थाना क्षेत्र के भदेवा मझौली, मदियापार निवासी सुनील निषाद पुत्र हरिराम निषाद द्वारा स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर दी गयी कि शुक्रवार को गांव के किशनाथ पुत्र रामधनी निषाद व सतोष पुत्र किशनाथ व कर्मराजी पत्नी किशनाथ व संगीता पत्नी संतोष द्वारा घर में घुसकर पुरानी रजिश को लेकर गाली गुप्ता देते हुए लात घूसा व लाठी डंडे से पीटने लगे और जान माल की धमकी भी दी। मारपीट में प्रार्थी के पिता को काफी चोटे आयी है। चोट लगने के कारण हरिराम निषाद को पीजीआई अतरौलिया से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। शहर के एक निजी हास्पिटल में दवा इलाज चल रहा है। सिर मे काफी चोट आई है। तहरीर के आधार पर पुलिस उक्त चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीतकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

सांसद खेल महोत्सव आज से

आजमगढ़। सदर सांसद दिनेश लाल यादव द्वारा 4 जून से 7 जून तक सुखदेव पहलवान स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 4 जून को सुबह 11 बजे सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन सदर सांसद, दिनेश लाल यादव एवं जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा किया जाएगा। इस खेल को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी की देख रेख में कराया जायेगा। खेल महोत्सव में क्रिकेट, फुटबाल, कबड्डी, बैडमिन्टन, वॉलीबाल, कुश्ती, एथलेटिक्स, पेन्टींग एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजन किया जायेगा। विजेताओं को 7 जून के समापन समारोह में पुरस्कार वितरण किया जायेगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग ठाकुर, केन्द्रीय खेल मंत्री, भारत सरकार सहित कई सांसद और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

पवई में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, गंदगी का लगा अम्बार

पवई (आजमगढ़)। स्थानीय विकास खंड के राजस्व ग्राम पवई में सफाई कर्मियों के गायब होने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। चारों तरफ गंदगी का अंबार है, नालियां बजबजा रही हैं। जबकि विकास खंड का मुख्यालय भी इसी ग्राम सभा में है, पर इस व्यवस्था पर कोई भी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहा है। सफाई कर्मियों के गायब रहने के कारण ब्लाक के विभिन्न गांवों में तैनात 180 सफाई कर्मियों की फौज बेकार साबित हो रही है। ये सफाई कार्य न करके अधिकारियों के रहमो करम पर मौज मस्ती कर रहे हैं। राजस्व ग्राम पवई में ही विकास खण्ड का मुख्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। यही नहीं यह क्षेत्र की मुख्य बाजार भी है। यहां पर नालियां चोक हो कर बजबजा रही हैं। रास्तों पर गंदा पानी बह रहा है। जगह-जगह खुली नालियों की सड़ांध और बदबू ने लोगो का जीना दूभर कर दिया है। लोग ब्लाक मुख्यालय पर शिकायत करके थक चुके हैं पर सफाई कर्मियों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है, अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं। गांव के निन्हकू, राजेश, शमीम, राजीव, लंबू आदि का कहना है कि सफाई कर्मी छः माह से दिखाई ही नहीं देते तो सफाई कहां से होगी, शिकायत का भी कोई असर नहीं। इस संबंध में एडीओ पंचायत पवई पारसनाथ यादव ने कहा कि कहीं यदि शिकायत मिलती है तो सफाई कराई जाती है। पवई की जानकारी मुझको नहीं है।

संदिग्धावस्था में गोली लगने से चाय विक्रेता की मौत

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के रेतवां चन्द्रभानपुर में सूरज यादव 26 वर्ष पुत्र भोला यादव उर्फ लल्लू यादव निवासी भुवरपुर थाना सादात जिला गाजीपुर गोली लगने से मृत पाया गया।

भोला यादव कई वर्षों से लालगंज में चाय की दुकान खोल रखा था। परिवार सहित किराए के मकान में रहता था। रेतवां चन्द्रभानपुर में विगत कुछ समय पहले इन्होंने एक जमीन ले रखी थी जिस पर विवाद चल रहा था। परिवार में शादी होने के कारण सभी लोग गाजीपुर चले गए थे। परिजन सूरज से बात करने के लिए फोन करने लगे तो देर रात तक जब सूरज यादव का मोबाइल नहीं उठा तो परिजन किसी आंशका को देखते हुए रेतवां चंद्रभानपुर विवादित जमीन पर पहुंचे जहां टिनशेड डालकर सूरज यादव रहा करता था। अंदर जाने के बाद पता चला कि सूरज यादव के दाहिने कनपटी पर गोली मारी गई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया। खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो शव के पास से ही तमंचा एवं कारतूश भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गैंगस्टर ऐक्ट में एक गिरफ्तार

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के ए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना अहरौला पुलिस ने गैंगेस्टर ऐक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेन्द्र बहादुर सिंह ने शनिवार को गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजाराम पुत्र जंगबहादुर निवासी कठही थाना अहरौला आजमगढ़ को अभियुक्त के घर कठही से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

एसडीएम सगड़ी ने अपनी गाड़ी से घायलों को भिजवाया अस्पताल

अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बगहीडांड पुल पर प्राइवेट व सरकारी बस की आमने सामने भीषण भिड़ंत के बाद एसडीएम सगड़ी ने संजीदगी के साथ मोर्चा संभालते हुए अपने निजी वाहन से घायलों को अस्पताल भिजवाया। उप जिलाधिकारी की इस भूमिका की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। सरकारी बस के ठीक पीछे तहसील की तरफ से आ रहे उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह दुर्घटना के मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने संजीदगी के साथ मोर्चा संभाला और जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय को सूचित किया। वहीं एंबुलेंस और स्वास्थ्य विभाग के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित किया जिसके बाद प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। तब तक उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने अपनी सरकारी गाड़ी से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के डॉ.प्रदीप कुमार व पुलिस बल और एंबुलेंस पहुंच गई जिनसे कुल 42 घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

यूबीआई शाखा मर्ज किये जाने से आक्रोश

नाराजगी

प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। यूनियन बैंक आफ इण्डिया चिरकिहिट शाखा को यूनियन बैंक आफ इण्डिया लालगंज शाखा में मर्ज करने का विरोध करते हुए बैंक खुलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण किसान तथा ग्राहक व क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने यूबीआई चिरकिहिट शाखा के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद लालगंज तहसील परिसर पहुंचकर डीएम को सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम लालगंज एसएन त्रिपाठी को सुपुर्द किया।

यूनियन बैंक की चिरकिहिट शाखा को लालगंज शाखा में मर्ज करने की सूचना पर क्षेत्र से काफी संख्या में पुरुष और महिला बैंक के गेट के सामने जुट कर जमकर नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि चिरकिहिट शाखा को यहां से न हटाया जाय बल्कि इसमें बीस पचीस गांव को और शाखा से जोड़ दिया जाय। इसके बाद तहसील परिसर पहुंचकर ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर अशोक राय, अंजनी सिंह, शिवेन्द्र राय एडवोकेट, नगेन्द्र सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार राय, पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद प्रसाद, आलोक राय, अनिल राय, अरविन्द, मुन्ना, सुरेन्द, रामाश्रय विश्वकर्मा, संजय तिवारी, इसरौता देवी, रुक्मीना देवी, नगीना प्रजापति, जय प्रकाश पाठक, अनुराग, दीपक आदि उपास्थित रहे।

यूबीआई शाखा चिरकिहिट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण उपभोक्ता।

रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। थाना अतरौलिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर बम ब्लास्ट होने की झूठी सूचना देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

शुक्रवार को सुबह लगभग 4.30 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि आजमगढ़ रेलवे स्टेशन को 10 बजे बम ब्लास्ट कर उड़ा दिया जायेगा। इस सूचना पर तत्काल एसओजी, सर्विलांस टीम व लोकल पुलिस को एलर्ट किया गया। एहतियातन रेलवे स्टेशन पर एसओ सिधारी, एसओ जीआरपी, इन्सपेक्टर आरपीएफ, एण्टी सेबोटेज चेक टीम, डाग स्क्वाड को भेजकर पूरे एरिया को स्कैन कराया गया। सम्पूर्ण परिसर को चेक कराया गया। कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति रेलवे स्टेशन के अन्दर व आस-पास नहीं मिला। एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा डायल 112 पर सूचना देने वाले कालर मो.फारूक पुत्र मोहम्मद स्माइल निवासी थाना अतरौलिया क्षेत्र को ट्रेस किया गया। उसको हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जिसमें अब तक यह तथ्य प्रकाश में आया है कि एजाज अहमद जो मो.फारूक का दामाद है, उसके द्वारा शरारतन मो. फारूख को फंसाने के लिए उसी के मोबाइल फोन से डायल-112 पर काल की गयी थी। इनका आपस में पारिवारिक विवाद चल रहा है। झूठी सूचना देने वाले एजाज अहमद के विरूद्ध थाना अतरौलिया पर विभिन्न धाराओं में एजाज अहमद पुत्र रमजान अली निवासी मुबारकपुर थाना अहरौला पंजीकृत कराया गया था। शनिवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त एजाज अहमद पुत्र रमजान अली निवासी मुबारकपुर थाना अहरौला को बूढनपुर बाजार से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

अतरौलिया थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

विपक्षियों पर लगाया पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अतरैठ गांव निवासी डब्लू पटवा पुत्र गणेश पटवा का आरोप है कि मेरी पुश्तैनी जमीन पर मेरे विपक्षी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। शनिवार की दोपहर जेसीबी द्वारा मेरी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने और मेरा मकान गिराने की नियत से मेरे विपक्षी द्वारा जेसीबी से कब्जा किया जा रहा था। जिसकी सूचना मेरे द्वारा डायल 112 को दी गई फिर भी विपक्षी कब्जा करता रहा। पुनः थाना से पुलिस आने के बाद कब्जा रुका। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा तहसील प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई लेकिन समस्या का अभी तक कोई निस्तारण नहीं किया गया। इस जमीन को लेकर के इसके पूर्व विपक्षी द्वारा मेरे परिवार को और मुझे बुरी तरह से पीटा गया था जिसका मामला अभी भी न्यायालय में चल रहा है। इस संबंध में एसडीएम नवीन प्रसाद ने आश्वासन दिया कि जांच कर दोषियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

अभिषेक कुमार पांडेय को मिली जिले की कमान

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के पूर्वी उत्तर प्रदेश के भंवरनाथ स्थित कार्यालय पर शनिवार को राष्ट्रीय संगठन मंत्री पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन की मौजूदगी में कई जिलाध्यक्षों के नाम की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष पंडित शर्मानन्द पाण्डेय द्वारा किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की घोषणा में आजमगढ़ की कमान पं. अभिषेक कुमार पांडेय, पं. जितेन्द्र मोहन मिश्रा को अम्बेडकर नगर, पं. मनीष कुमार पाण्डेय को कुशीनगर, पं. आशीष द्विवेदी को गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रदेश अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने जनपदों में सभा की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत योगदान प्रदान करते हुए संगठन के विस्तार को गति देने का काम करें। उन्होंने कहाकि आज एकजुटता के दम पर ही शासन-सत्ता तक अपनी आवाज, समस्याओं को पहुंचाया जा सकता है इसलिए संगठन की मजबूती पहली प्राथमिकता रहे।

प्रदेश संगठन महामंत्री पं.अशोक तिवारी ने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज के वंचित लोगों की आवाज उठाने में अपनी शत-प्रतिशत भूमिका निभानी होगी, तभी हमारी सार्थकता सिद्ध होगी। इस मौके पर अजय पांडेय, बंशीधर पांडेय, सौरभ उपाध्याय, संजय मिश्रा, हरिगोविन्द तिवारी, विवेक मिश्रा, रमेश पांडेय, कन्हैया पांडेय आदि मौजूद रहे।

अभिषेक कुमार पाडेय।

तहसील समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियाद

सदर तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

आजमगढ़। जनपद के तहसीलों पर शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। कुछ मामलों में संबंधित को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में संपूर्ण समाधान तहसील दिवस पर शनिवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा तहसील सदर में जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कुल 324 मामले आये, जिसमे से 33 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 291 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 250, पुलिस के 49, विकास के 13, शिक्षा के एक एवं अन्य के 11 मामले शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

81 के सापेक्ष मौके पर एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

फूलपुर (आजमगढ़)। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिबस का आयोजन तहसील फूलपुर के तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी नरेन्द्र कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों सहित राजस्व पुलिस बिजली ब्लाक आदि के कुल 81 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें ज्यादातर मामले भूमि सम्बन्धी थे। परंतु मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं किया गया। फरियादियों की फरियाद सुनते हुए एसडीएम ने सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्षों को प्रार्थना पत्र को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश एसडीएम द्वारा दिया गया। उक्त अवसर समस्त विभागों के बिभागाध्यक्षों को समय से पीड़ितों की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शिथिलता किसी भी हालत में क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार, खण्ड बिकास अधिकारी बाबूराम पाल, पूर्ति निरीक्षक संतलाल, बिद्युत मनीष कुमार, राकेश पांडे, अनिल, हितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

वार्षिक सत्संग पूजन के साथ हुआ ध्वजारोहण

जनसंदेश न्यूज

संजरपुर (आजमगढ़)। स्थानीय क्षेत्र के जय गुरुदेव आश्रम खानपुर सरायमीर में शनिवार को तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। संगत बिहार के प्रांतीय अध्यक्ष मृत्युंजय झा जुल्मी पांडेय ने ब्राह्मणों के मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन व ध्वजारोहण किया।

श्री झा ने कहा कि बहुत ही अच्छे कर्म करने पर मनुष्य का शरीर मिला है जिनको प्रभु की प्राप्ति करने के लिए पूजा-पाठ धर्म कर्म करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने अथक परिश्रम करके बिना किसी भेदभाव के मालिक की याद का रास्ता आम लोगों को बताया और करोड़ों लोग अपने जीवन को बदल कर इंसानियत के रास्ते पर चल पड़े और अपनी आत्मा का कल्याण करा लिया।

मथुरा के राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चंद्र महाराज ने कहा कि बड़े भाग्य से मनुष्य तन पाया गया है इसे व्यर्थ ना करें। प्रभु के चरणों में कुछ समय देकर अपने को भाग्यशाली बनाएं। अच्छे कर्म करने से परिवार दोस्त मित्र सबका भला होता है। उन्होंने कहा कि दोनों आंखों के मध्य भाग में जीवात्मा बैठी है। यह आसमानी आवाज से उतार कर लाई गई है। जब वह शब्द पकड़ लेगी तो जन्म मरण के बंधनों से मुक्ति हो जाएगी। इसे निरंतर बढ़ाने में बाबाजी के उत्तराधिकारी पंकज जी महाराज निरंतर लगे हुए हैं। उनका आत्म जनकल्याणकारी संदेश पांच जून को होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामचरण यादव, डॉ.जेपी यादव, राम भुवन मौर्या, गिरीश चंद यादव, फौजी सुखई यादव, दिनेश यादव, राममिलन, गोरे सिंह आदि मौजूद रहे।

हवन पूजन करते जयगुरुदेव के अनुयाई।

कलयुगी मां ने तीन बच्चों को उतारा मौत के घाट

गृह कलह

खुद को किया आग के हवाले जलने पर भागी बाहर

जनसंदेश न्यूज

घटना के बाद जुटे ग्रामीण

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में शुक्रवार देर रात कलयुगी माँ ने अपने तीन मासूम बच्चों को घर के पास कुआँ में फेंककर खुद को घर में बन्द कर आग लगा ली। आग की लपटें तेज हुई तो माँ आग सहन नहीं कर पाई और चीखते चिल्लाते हुये घर से बाहर निकल आई।

शोरगुल होते ही सो रहे परिजन के अलावा पास पड़ोस के लोग मौके पर जुट गये और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह लोग घर के आग को बुझा सके। आग बुझाने के बाद जब लोग बच्चों को खोजने लगे तो माँ चन्दा उर्फ सुधा ने बताया कि बच्चों को कुआँ में फेंक दी हूँ। यह सुनते ही परिजन अवाक रह गये और कुआँ के पास जाकर देखा तो दो बच्चों का शव उतराया हुआ था। मृतक मासूमों के दादा श्यामधर ने बताया कि बेटा अमरजीत दो माह से मुंबई में जाकर मजदूरी कार्य करता है।

शुक्रवार रात को बेटे से फोन पर बातचीत हुई थी दोनों के बीच क्या बातचीत हुआ इसकी जानकारी किसी को नहीं है जिसके बाद लोग खाना खाकर सो रहे थे तभी बहू चन्दा उर्फ सुधा ने अपने तीन मासूम आकाश 8 वर्ष, कृति 3 वर्ष व अन्नू डेढ़ वर्ष को कुएं में फेंककर घर में खुद को बन्द कर आग लगा ली। घटना की जानकारी होते ही आस पड़ोस के लोगों के साथ मिलकर किसी तरह आग बुझाया गया।

आग बुझाने के बाद बच्चों को खोजने लगा तो बहू ने कहा कि बच्चों को कुएं में फेक दी हूँ। परिजन और आस पड़ोस के लोगों ने कुएं में कूदकर दो बच्चों को बाहर निकाला और बड़ा बेटा आकाश का शव लापता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह सीओ सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, लालगंज थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया, संतनगर पुलिस, हलिया पुलिस मौके पर पहुंचकर टुल्लू पम्प लगवाकर कुएं का पानी बाहर निकालकर खोजने रहे जिसके बाद शनिवार सुबह लगभग 11 बजे आकाश का शव कुआँ से बाहर निकाला गया। घटना के बाद मासूम बच्चों के माँ चन्दा उर्फ सुधा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के बाद गांव में मातम छा गया।

मासूम बच्चों के मौत की जानकारी मिलते ही पहुंची विधायक

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में शुक्रवार देर रात माँ ने अपने तीन मासूम बच्चों को कुएं में फेंककर खुद को घर में बन्द कर आग लगा ली। हालांकि आग की लपट को सहन नहीं कर पाई और चीखते चिल्लाते हुये बाहर भाग गयी। परिजन व आस पड़ोस के लोगों द्वारा घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह शव को बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र की निवर्तमान विधायक रिंकी कोल, प्रमुख पति जगप्रकाश कोल, पूर्व प्रमुख जय सिंह पहुँचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

घटना के बाद गांव में छाया मातम

हर जुबां पर था मां की करनी का किस्सा

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में तीन मासूम बच्चों को माँ के द्वारा कुएं में फेंककर मौत के उतार देने के बाद घटना से गांव में मातम छा गया। शुक्रवार देर रात मासूम बच्चों की माँ अपने पति से फोन पर बातचीत कहासुनी हो इस कदर आवेश में आ गयी कि वह अपना आवेश अपने तीन मासूम बच्चे आकाश 8 वर्ष,कृति 3 वर्ष, अन्नू 1 वर्ष को घर के पास कुआं में फेंक दी जिससे पानी में डूबने से तीनों मासूम बच्चों की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में मातम छा गया।मासूम बच्चों को इस तरह मौत के घाट उतार देने पर हर किसी ने आरोपी माँ के इस कृत्य पर सवाल खड़ा कर रहा है।

ट्रैक पर शव के तीन टुकड़े देख रुकी मगध एक्सप्रेस

दुखद

करीब 1 घंटे बाद दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन को हुई रवाना

मीरजापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र के सबरी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर करीब 50 वर्षीय युवक ने जान दे दी। ट्रैक पर पड़े शव को देखकर मगध एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने ब्रेक लगा दिया। ट्रेन करीब 1 घंटे आउटर पर ही खड़ी रही।

मौके पर पहुंचे कटरा कोतवाली के सब इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी एवं आरपीएफ के एसआई अशोक कुमार ने कार्रवाई कर शव को कब्जे में लिया। ट्रैक से शव हटाने के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। बताया जाता हैं कि शनिवार को बिना फाटक वाले पुराने रास्ते से स्थानीय लोग आवजाही कर रहे थे। उस दौरान एक युवक को रेलवे पटरी के किनारे चहल कदमी करते हुए देखा गया। इसी दौरान डाउन लाइन पर अहमदाबाद बरौनी ट्रेन आती दिखाई पड़ी। ट्रेन के नजदीक आते ही युवक दौड़ कर रेलवे ट्रैक पर जाकर लेट गया। अपने गंतव्य की ओर दौड़ रही ट्रेन युवक के ऊपर से गुजर गई। ट्रेन जाने के बाद उसका शव तीन भाग में हो गया था। हादसे के ही बाद उसी ट्रैक पर आ रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने इमर्जेन्सी ब्रेक लगाकर ट्रेन को शव के पहले ही रोक लिया। ट्रैक पर पड़े 3 भाग में बंटे शव को कानूनी कार्रवाई करके हटाया गया।

शव शिनाख्त करती पुलिस

तब कहीं जाकर करीब 55 मिनट बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में लगी है।

प्रधानमंत्री का जवाबी पत्र पाकर खुश हुए बच्चे

मीरजापुर। कछवां नगर पंचायत स्थित पंडित रामकिंकर विकास विद्यापीठ स्कूल की छात्रा ईशा त्रिपाठी और पायल बिंद ने जनवरी में आयोजित परीक्षा पे चर्चा में भाग लेकर अपने विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखी थी। पीएमओ कार्यालय से एक पत्र इशा त्रिपाठी और पायल बिंद को जारी किया गया था जो शनिवार को मिला। इससे समूचे परिवार और स्कूल के अध्यापकों में खुशी का माहौल है। पीएमओ से जारी पत्र में लिखा है कि स्नेहाशीष। परीक्षा पर चर्चा में हिस्सा लेने और इस विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए आपका धन्यवाद। आप जैसे युवा साथियों के विचारों को जानना– समझना हमेशा उत्साहजनक होता है। आज की युवा पीढ़ी की ऊर्जा, आत्मविश्वास और क्षमताओं को देखकर मुझे अत्यंत गर्व होता है। इस युवाशक्ति से हमारे देश की आशाएं और आकांक्षाएं जुड़ी हुई हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत की युवाशक्ति अपने व्यक्तिगत संकल्पों के साथ देश के संकल्पों को जोड़कर राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आप जीवन की हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करें, इस विश्वास के साथ आपको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

महानंदा एक्सप्रेस की एसी खराब 45 मिनट स्टेशन पर रुकी रही ट्रेन

हंगामा

दिल्ली की ओर जा रहे यात्रियों ने किया हंगामा

एसी ठीक होने के बाद ही ट्रेन आगे हुई रवाना

जनसंदेश न्यूज

हंगामा करते यात्री

मीरजापुर। अलीपुरद्वार से दिल्ली की ओर दौड़ रही महानंदा एक्सप्रेस 15483 में सवार यात्रियों के हंगामे के कारण करीब 45 मिनट स्थानीय स्टेशन पर खड़ी रही। गर्मी बढ़ने के साथ ही यात्रियों का पारा भी चढ़ता जा रहा था। लिहाजा स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही तमाम यात्री ट्रेन से उतर गए। प्लेटफार्म के मध्य स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराया।

इस दौरान यात्रियों ने स्पष्ट कर दिया कि एसी की व्यवस्था सही होने के बाद ही ट्रेन आगे रवाना होगी। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन रुकते ही यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ट्रेन के किसी भी एसी बोगी में एसी काम नहीं कर रहा है। जल्द ठीक कराने का आश्वासन मिलने के बाद भी आक्रोशित यात्री विभागीय व्यवस्था को कोसते हुए ट्रेन में सवार होने से इंकार कर दिया।विभागीय सूचना पर पहुंचे मैकेनिक ने एसी की खराबी को दूर किया। तब कही 45 मिनट बाद महानंदा ट्रेन दिल्ली के लिए रवाना हुई। स्टेशन मास्टर कार्यालय पर हंगामा की जानकारी मिलते ही आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान पहुँच गए। महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 45 मिनट तक प्लेटफार्म नंबर 3 पर खड़ी रही। जब तक ट्रेन की एसी सही नहीं किया गया तब तक यात्रियों ने हंगामा जारी रखा और ट्रेन को आगे नहीं बढ़ने दिया। एसी ठीक होने पर प्लेट फार्म छोड़ कर यात्री ट्रेन में सवार हुए और ट्रेन गंतव्य की ओर बढ़ गई। ट्रेन जाने पर स्टेशन स्टाफ और पुलिस के जवानों ने राहत की सांस ली।

अनुपस्थित रहने पर आधा दर्जन अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

आयोजन

आयुक्त ने सुनी चुनार में जनता की समस्यायें

जनसंदेश न्यूज

चुनार में निस्तारण करते आयुक्त

चुनार। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त बी मुथु कुमार स्वामी ने फरियाद सुना। जिसमें प्रार्थना पत्र 136 पड़े जो मौके पर आठ का निस्तारण किया गया। वही भरपुर निवासी विनोद कुमार ने सेटलमेंट एरिया के आरो पानी संचालक पर नाबालिग पुत्र से जबरिया काम करने का दबाव बनाए जाने व काम छोड़ने पर उसे झूठे मामलों में फंसाये जाने की धमकी संबंधित शिकायत किया गया है।

हसौली निवासी दिनेश यादव ने गांव के कोटेदार पर खाद्यान वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। सददूपुर निवासी अशोक कुमार वर्मा ने भाई के विरूद्ध शिकायत प्रार्थना पत्र दिया कि आपसी पारिवारिक बंटवारे को वह नही मान रहे हैं। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन कर रहे हैं। कुल 136 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके आठ का निस्तारण हुआ। मंडलायुक्त ने विभिन्न विभागों के नौ अधिकारियों से उनके अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण मांगा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी भू राजस्व सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम नवनीत सेहारा, तहसीलदार नुपूर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी नरायनपुर शिव नारायण सिंह, जमालपुर पवन कुमार सिंह, एसडीओ विद्युत विपिन पटेल, आपूर्ति निरीक्षक काशीनाथ सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। सहायक अभियंता खंड 2 लोक निर्माण विभाग सुशील कुमार, अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ सुदीप कुमार सिंह, सहायक नलकूप अभियंता अमित सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई खंड चुनार कृष्ण कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी सीखड़ अनिल कुमार सिंह, कृषि विभाग से कृष्ण कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जमालपुर के अपसेंट रहने पर स्पष्टीकरण मांगा है।

निस्तारण में लापरवाही न करें अधिकारी

बोलीं डीएम

लालगंज में डीएम ने सुनी फरियाद

सात का मौके पर किया गया निस्तारण

लालगंज। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 169 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि संबंधित छाए रहे। नेवढ़िया निवासी राजेंद्र प्रसाद यादव ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान द्वारा गांव मे शौचालय न बनवा कर उसके रुपए को गमन कर लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जांच करा कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बरडीहा कला निवासी विजय नारायण सिंह ने पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव चकबंदी अंतर्गत होने की वजह से चकबंदी कर्ताओं द्वारा पैमाइश नहीं किया जा रहा है पैमाइश कराया जाए। बारीपुर गरवार निवासी लालचंद द्वारा पत्र देकर आरोप लगाया गया कि लेखपाल के मिलीभगत से पट्टा की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसे रोका जाए। राजापुर निवासी रामचरित्र ने चकरोड की पैमाइश कराए जाने की मांग की। कठवार निवासी अमरनाथ ने पत्र देकर बताया कि मेरी भूमि पर बाणसागर नहर बनाकर मेरी अधिग्रहित भूमि का मुआवजा आज तक नहीं दिया गया जिसे दिलाया जाए। मझियार निवासी सत्य प्रकाश ने पत्र देकर आरोप लगाया कि मेरी भूमि भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किया जा रहा है जिसे रोका जाए। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले सभी प्रार्थना पत्रों का मुस्तैदी के साथ निस्तारण किया जाय। साथ ही निस्तारण आख्या के साथ प्रार्थना पत्रों को भी संलग्न किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। शिथिलता पाते जाने पर संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। कहा कि शासन की मंशा है कि फरियादियों को बार-बार तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। जिसके परिपेक्ष में आप सभी लोग फरियादियों की समस्या को प्रमुखता से लेते हुए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर समस्या का समाधान करते हुए रिपोर्ट समय के अंदर प्रस्तुत करें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। अधिकांश मामले जमीनी विवाद और पेयजल समस्या से संबंधित थे। सभी प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, उपजिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, तहसीलदार शशांक शेखर राय, लालगंज इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया, खंड विकास अधिकारी लालगंज संजय श्रीवास्तव, हलिया कुलदीप कुमार, नायब तहसीलदार मधु जैन समेत सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

जलजीवन मिशन कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

जायजा

ग्रामीणों की सुनी समस्या पेयजल समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

जनसंदेश न्यूज

गांव का निरीक्षण करने पहुंची डीएम

हलिया। क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत के लहुरियादह गांव में शनिवार दोपहर बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पहुंचकर जलजीवन मिशन के कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसके समाधान का आश्वासन आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने रेन हार्वेस्टिंग के तहत जीर्णोद्धार कराए गए प्राचीन कूप का निरीक्षण किया।

जल संचयन के लिए बनाई गई लहुरियादह बंधी का निरीक्षण किया और बंधी निर्माण के लिए ग्राम प्रधान की सराहना की। जिलाधिकारी ने बंधी निर्माण के संबंध में ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता से जानकारी ली। ग्राम प्रधान ने बताया कि बंधी में बारिश के बाद जल संग्रह होने पर वाटर लेवल में सुधार आने के साथ साथ मवेशियों तथा वन्य जीवों के पीने के काम आएगा। जिलाधिकारी ने बंधी के इर्द-गिर्द आगामी जुलाई माह में पौधारोपण कराए जाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया तो जिलाधिकारी ने दो महीने के भीतर पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड के प्रबंधक राजेश सिन्हा से कराए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि मोटर पंप बैठाने के बाद पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जिसके लिए तेजी से कार्य चल रहा है। ग्रामीण पार्वती, निर्मला, शिव कुमारी आदि ने जिलाधिकारी से पीएम आवास दिलाने के लिए कहा जिसपर उन्होंने बीडीओ को आवास सूची नाम जोड़ने के लिए कहा। ग्रामीण देवकली बुटन देवी, शीला, निर्मला, पूनम, जगजीवन यादव, छोटे लाल आदि ने गांव में हाईस्कूल तथा स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जलजीवन मिशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के तहत कराए गए कार्य तथा मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण किया गया है। पेयजल की समस्या का जल्द ही समाधान हो जाएगा जिसके लिए जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है। ग्राम प्रधान को टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र कुमार, एसडीएम भरत लाल सरोज, बीडीओ कुलदीप कुमार, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, सचिव सौरभ यादव, अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

लालगंज में आयोजित समूह को संबोधित करतीं जिलाधिकारी

जागरूकता

सपने देखें और सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ते रहे : डीएम

डीएम ने दी नसीहत गांव की छोटी राजनीति से उपर उठ कर करें काम

जनसंदेश न्यूज

कार्यनेत्रियों को संबोधित करतीं डीएम

लालगंज। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित जागरूकता के आयोजन मे जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं की मुख्य भूमिका विकास के क्षेत्र में है। समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एकता बनाओ एक दूसरे का विश्वास और सहयोग करो। इससे आधार भूत बदलाव तय होगा। कहा कि जो जैसा देखना चाहता है सपने देखें और सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ते रहे। उन्होंने सावधान करते हुए कहा कि गांव की छोटी छोटी राजनीति से ऊपर उठकर एक दूसरे के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने जिले के 1911 की गणना करने की बात का उल्लेख करते हुए बताया कि सशक्त होने की जरूरत है। उन्होंने महिलाओं को आगाह करते हुए कहा कि कमाई में बचत की जरूरत है। जितना कमाई उसमें से बचत निश्चित रूप से करें। उदाहरण देते हुए कहा कि 10 रुपया कमाईए तो एक रूपया बचाइए। कहा कि जीवन में प्रत्येक परिवार के सदस्य अपनी समस्याओं की चुनौतियों से जूझते हैं। जिससे वह स्वयं लड़ते हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी बीएस ने कहा कि सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी होने से परिवार को लाभ होगा। भविष्य को फायदा होगा। इससे मजबूती आएगी। कार्यक्रम में आभार देते हुए उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने दिया और संचालन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ईश्वर देव नारायण चतुर्वेदी ने किया। इसके पूर्व उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल शुक्ला व पूर्व अध्यक्ष चंद्रदत्त त्रिपाठी बुक एवं गुलदस्ता से सम्मानित मंचासीन अतिथियों को किया। कार्यक्रम में लीड बैंक के प्रबंधक, जिला प्रमोशन अधिकारी, जिला प्रवर्तन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, परियोजना निदेशक अनय मिश्रा, खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जानकारियां दी।

संक्षेप

बिजली विभाग के निलंबित लिपिक ने चपरासी को लात घूंसों से पीटा

मीरजापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र के जंगी रोड पावर हाउस पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब निलंबित लिपिक ने कार्यालय के ही चपरासी की पिटाई कर दी। कुर्सी पर बैठे ही पानी न मिलने पर वीरेंद्र यादव को लात घूंसों से पीट दिया। मौके पर मौजूद गार्ड ने मारपीट पर आपत्ति किया तो उसे भी मारने की धमकी दी गई। आरोपी बाबू को 23 मार्च 2023 को अवैध वसूली के आरोप में निलंबित किया गया है। पिटाई से मर्माहत चपरासी ने मंडी समिति पुलिस चौकी में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि निलंबित बाबू विनोद सिंह को बिजली विभाग फतहा कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। किसी कारणवश वह शनिवार को जंगीरोड अपने पुराने कार्यालय में पहुंचे थे। चर्चा है कि नशे में होने कारण अपनी गाड़ी भी नहीं खड़ा कर पा रहे थे। किसी प्रकार उतरते ही सामने पड़े वीरेंद्र को पानी लाने का फरमान जारी किया। कुर्सी पर बैठते ही पानी न मिलने पर वह इस कदर बिफर गए कि अपशब्दों की बौछार शुरू कर दिया। इतने से भी मन नहीं भरा तो वीरेंद्र की लात घूंसों से पिटाई कर दी। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने मामले सलटाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटने की धमकी देने लगा। शोरगुल के चलते विभागीय जन इकट्ठा हो गए। लोगों ने किसी प्रकार हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। अनानाहक पिटाई किए जाने से व्यथित वीरेंद्र यादव ने मंडी समिति पुलिस चौकी पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया गया है कि विनोद कई प्रकार के नशे का आदी है। विभाग में आने वाले ग्राहकों से अक्सर वसूली कर लेता है। इसी आरोप में उसे 30 मई 2023 को निलंबित किया गया है। कर्मी की पिटाई से विद्युत विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं लाइन मैनो में जबरदस्त आक्रोश है। बताया गया कि वीरेंद्र यादव की तैनाती लाइनमैन के रूप में की गई है और उससे चपरासी का काम लिया जाता है।

वाहन की चपेट में आने से साले बहनोई की उपचार के दौरान मौत

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग 135 पर स्थित चेरुईराम गांव के पास बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साले बहनोई की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही दोनों के घरों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग फोरलेन सड़क पर चेरुईराम गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर जा रहे 20 वर्षीय अनिल कुमार निवासी बबूरा कला थाना हलिया और 23 वर्षीय कृष्ण मुरारी निवासी नारैना कला थाना लालगंज गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों रिश्ते में साले बहनोई लगते थे।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को मंडलीय अस्पताल के लिए पहुंचाया। अनिल का उपचार शुरू कर कृष्ण मुरारी को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान मंडलीय अस्पताल में साले अनिल की मौत हो गई। वही ट्रामासेंटर वाराणसी में उपचार के दौरान बहनोई कृष्ण मुरारी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि विगत 10 मई को कृष्ण मुरारी की शादी बबुरा कला निवासी अनिल की बहन के साथ हुई थी, इसी शादी में बाइक दहेज में मिली थी। इसी बाइक से दोनों साले बहनोई दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए लालगंज थाना क्षेत्र के बनवारी का गांव जा रहे थे।

बाइक से गिरकर महिला घायल

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर बाईक से बेटे के साथ जा रही महिला शनिवार की दोपहर में अहरौरा महुली चौराहे के पास रोड़ पर बने ब्रेकर पर बाईक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार महिला ने अपने बेटे के साथ मधुपुर जा रही थी कि जैसे ही अहरौरा महुली चौराहे के पास पहुँची की रोड पर बने ब्रेकर पर बाईक पर बैठी महिला गिर पड़ी। उर्मिला पत्नी प्रभु पटेल निवासी कोरईया रामनगर गम्भीर रूप से घायल हो गई। महिला को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जहाँ पर उपचार करने के बाद गम्भीर चोट होने के कारण वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया।

टैबलेट कंप्यूटर पाकर खिले छात्रों के चेहरे

जिगना। केजीएस महाविद्यालय जोपा में शनिवार को विद्यालय में वितरण समारोह के दौरान बच्चों को टेबलेट कंप्यूटर बांटा गया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सरिता सिंह प्रबंधक सुमन रानी द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान जोपा गांव के ग्राम प्रधान गोवर्धन सिंह पटेल, रामसहाय सिंह, राम सिंह, कैलाश नाथ सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सारिका सिंह बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं विद्यालय के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं और शासन द्वारा मिले इस टेबलेट कंप्यूटर से अच्छी पढ़ाई भी की जा सकती है और बच्चों को लगन और मन से पढ़ने की बात की कंप्यूटर पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

संरक्षक की मौत के बाद शोक

चील्ह। विकासखंड कोन के हरसिंगपुर गांव स्थित जय दीप पब्लिक स्कूल की संरक्षक देव कुमारी मिश्रा का 84 वर्ष के उम्र में शनिवार को देहान्त हो गया। जिनका दाह संस्कार शनिवार को दोपहर मीरजापुर के चौबे घाट पर किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शशि कान्त मिश्रा ने बताया कि विद्यालय परिवार की इनके निधन से विद्यालय परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। इनके निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने शोक ब्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में संतोष शुक्ला, रमाकांत तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, महेश तिवारी, उमाकांत शुक्ला, मनोज दुबे व समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

कोरियर लादकर जा रहा कंटेनर ड्रमंडगंज घाटी में पलटा

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शनिवार दोपहर मध्य प्रदेश की तरफ से मीरजापुर जा रहा कंटेनर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर सौ फीट नीचे खांई में जाकर पलट गया। हादसे में फिरोजाबाद जिले के हरसा थाना क्षेत्र के पटेना गांव निवासी 32 वर्षीय चालक करू और 23 वर्षीय खलासी राहुल निवासी पटेना हरसा जिला फिरोजाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची ड्रमंडगंज पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गयी जहां दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद फार्मासिस्ट आनंद सिंह ने हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

युवती के घर से फरार होने की पिता ने दी तहरीर

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की युवती बिना किसी को बताए घर से गायब हो गई जिसके संबंध में युवती के पिता ने पड़ोसी युवक पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव की युवती परिजनों को बगैर किसी सूचना के अचानक घर से गायब हो गई। दूसरे दिन युवती की काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका वहीं पड़ोस का रहने वाला गैर जाति का युवक भी फरार बताया जा रहा है। युवती के पिता ने पड़ोसी युवक के घर जाकर पूछा तो मामला तूल पकड़ने लगा जिसके बाद युवती के पिता ने राजगढ़ थाने पर तहरीर देकर युवती के खोजबीन एवं पड़ोसी युवक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

उप निदेशक कृषि ने किया निरीक्षण

लालगंज। उप निदेशक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय कृषि केंद्र लालगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद किसानों से बीज केसंबंध में जानकारी लिया और जागरूक करते हुए बताया कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करें और सिस्टम का प्रयोग करें। क्षेत्र में चल रहे केवाईसी के संबंध विशेष तौर से ध्यान देने की जरूरत कर्मचारियों को हिदायत दी। क्योंकि कोई भी किसान किसान सम्मानित से छूटना नहीं चाहिए इसके लिए जागरूकता अभियान चलते रहना चाहिए। उनके साथ जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार प्रजापति, भूमि संरक्षण अधिकारी पवन सिंह, बीटीएम राजीव कुमार सिंह ,पवन सिंह मौजूद रहे।

किशोरी ने गंगा में लगाई छलांग, मौत

मीरजापुर। कोतवाली कटरा पुलिस चौकी शास्त्री ब्रिज पर बड़ी बसही निवासी सुरेन्द्र कुमार द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी पुत्री प्रिया उम्र 15 वर्ष द्वारा शनिवार को गंगा नदी में छलांग लगा ली है। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली कटरा पुलिस बल द्वारा स्थानीय गोताखोर, नाविकों व एसडीआरएफ टीम की मदद से गंगा नदी में तलाश कर मृतका प्रिया के शव को बरामद किया गया। मौके पर पुलिस उच्चाधिकारीगण व थाना कोतवाली कटरा पुलिस बल मौजूद रहे। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एडीएम नमामि गंगे की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

मड़िहान। शनिवार को स्थानीय तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस एडीएम नमामि गंगे अमरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 111 प्रार्थना पत्र आये जिसमें चार प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया व शेष मामलों में टीम गठित कर भेज दिया गया। समाधान दिवस में सीडीपीओ पटेहरा व वन क्षेत्राधिकारी रमेश मौर्य के अनुपस्थित रहने पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कड़ी फटकार लगाया। एसडीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये शिकायत पत्रों के लिए सम्बन्धित लोगों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने चेतावनी दिया कि सभी प्रार्थना पत्रों का शिकायतकर्ता के सामने निस्तारण किया जाय किसी भी तरह का हीलाहवाली बर्दास्त नहीं है। इस दौरान तहसीलदार फूलचंद यादव, खंड विकास अधिकारी पटेहरा शैलेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर मड़िहान शैलेश राय आदि लोग उपस्थित रहें।

कार्य में लापरवाही पर दो प्रभारियों पर हुई कार्रवाई

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने शनिवार को कार्य की लापरवाही पर कटरा कोतवाल व संत नगर प्रभारी पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया। लगातर मिल रही शिकायत के आधार पर कटरा कोतवाल प्रेमशंकर तिवारी व संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस

जिले की चारो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 34 मामलों का हुआ निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कराने के साथ ही क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया।

सीडीओ व एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा।

इस दौरान सीडीओ, एसपी, एसडीएम श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार व अन्य अधिकारियों ने 61 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 12 मामले निस्तारित किये। बाकी 49 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन डीआईजी विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इस दौरान डीआईजी, उपजिलाधिकारी रमेश कुमार, तहसीलदार व सीओ अमित कुमार ने 52 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 10 मामले निस्तारित किये। बाकी 42 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए।

दुद्धी तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते एसपी व सीडीओ

वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने 29 शिकायतों को सुनते हुए मौके पर 4 मामले निस्तारित किये, बाकी 25 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज का आयोजन उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार ने 108 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 8 मामले निस्तारित किये। बाकी 100 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए।

शौचालय घोटाले के आरोपी की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन

दुद्धी। धूमा शौचालय घोटाला प्रकरण में शामिल अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शिकायतकर्ता रविन्द्र कुमार, धनपत शनिवार को तहसील समाधान दिवस पर आए डा. यशवीर सिंह को जिलाधिकारी के नाम संबोधित पत्र सौंपा। शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रधान समेत कथित घोटाले में शामिल दो सचिवों के खिलाफ एफआईआर पंचायत विभाग ने कराया था। अभियुक्तों ने एफआईआई के निरस्तीकरण की मांग को लेकर उच्च न्यायलय में पेटिशन दाखिल किया था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। इसके बाद गिरफ्तारी स्टे ऑर्डर भी न्यायालय ने निरस्त कर दिया। सभी आरोपी स्वछंद विचरण कर रहे हैं और अभी तक मामले में गिरफ्तारी नही हो सकी है। उन्होंने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जिस पर एसपी ने डीपीआरओ विशाल सिंह से प्रकरण के बावत पूछताछ की तथा पंचायत विभाग की जांच रिपोर्ट तलब की। उन्होंने सीओ को पंचायत विभाग की रिपोर्ट तलब कर मामले में अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

जल पुरुष ने सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के अनशन को दिया समर्थन

जनसंदेश न्यूज

म्योरपुर। मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त जल पुरूष राजेन्द्र सिंह राणा ने 5 जून पर्यावरण दिवस को कनहर नदी किनारे सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी द्वारा किये जाने वाले अनशन को समर्थन दिया है। उन्होंने बयान में कनहर नदी के संरक्षण के लिए 5 जून को कोरगी में होने वाले अनशन को उचित बताया। कहा कि कनहर नदी में जिस तरह से माइनिंग हो रही है, इस माइनिंग से से कनहर मर जाएगी।

पता नही माइन ओनर को सरकारें क्यों संरक्षण देती हैं, यह उन्हें समझ में नही आता। माइंस कही है और लीज कही चल रही है। उन्होंने मांग उठाई कि पट्टों का सीमांकन होना चाहिए, जो लीज उन्हें मिली है उसी के अनुसार खनन हो, मानक से गहरी माइनिंग न हो तो ही नदी को बचाया जा सकता है। उन्हें अनशन में शामिल होना था, लेकिन वे किन्ही कारणों से यहां नही आ पा रहे हैं। लेकिन वे इस अनशन में सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि बिना परमिट के भी व्यापक पैमाने पर कनहर नदी से बालू उठान करने का मामला संज्ञान में आया है।

इस स्थिति पर चिंता जताते हुए फोन पर कहा कि इस मामले को वे प्रधानमंत्री के सामने भी उठाएंगे। कहा कि अगर राज्य सरकार कनहर नदी से मनमाने तौर पर अवैध खनन रोकने में सक्षम नही है तो वे खुद प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग के साथ गोपनीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

संक्षेप

चोरी मामले में दो गिरफ्तार, सामान बरामद

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

डाला। स्थानीय चौकी क्षेत्र में बीते दिनों हुए चोरी के मामले में शनिवार को पुलिस ने सेवा सदन मोड़ से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जहां न्यायालय ने दोनों को जेल भेज दिया। बताया गया कि बीते 15 अप्रैल को क्षेत्र के एक घर में रखा समान सोने, चांदी के गहने, बर्तन व मोबाइल चोरी हो गया था, जिसकी काफी खोजबीन किया, लेकिन पता नही चल सका। जिसको लेकर चोपन थाने में शुक्रवार की देर सायंकाल मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा पंजीकृत होते ही चोपन पुलिस ने डाला सेवा सदन मोड़ से संजीव रावत उर्फ सोनू पुत्र सुखदेव निवासी बाड़ी डाला व कोर्शीद आलम पुत्र स्व. समसुद्दीन इदरीशी निवासी गोसिया नगर सेवा सदन के पीछे डाला को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास दो मोबाइल, दो पीतल की परात, दो चांदी का करधन बरामद हुआ। टीम में चोपन थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, डाला चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, आनन्द कुमार गौड़ शामिल रहे।

मत्स्य सम्पदा योजना का आवेदन 15 तक

सोनभद्र। सहायक निदेशक मत्स्य पारस सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना निषाद राज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष के लिए विभिन्न मत्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए आनलाईन आवेदन प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल 30 मई से खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 जून तक है। योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, आवेदन करने की प्रक्रिया, इकाई लागत, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख एवं विस्तृत विवरण तथा विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य दिवस में आवेदनकर्ता जनपदीय कार्यालय-सहायक निदेशक मत्स्य कक्ष संख्या-39 एवं 42 विकास भवन के प्रथम तल से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पेड़ से लटकता मिला महिला का शव, सनसनी

ओबरा। थाना क्षेत्र के रेणुका पार स्थित पनारी ग्राम सभा के टोला चोरपनिया में शुक्रवार की देर रात तीन बच्चों की मां का घर से लगभग 400 मीटर दूर बंधी के पास स्थित एक तेंदू के पेड़ में शव लटकता मिलने से सनसनी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। चौकी इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतका अनुराधा खरवार 28 पुत्री दीनदयाल निवासी म्योरपुर की शादी वर्ष 2012 में अमरजीत पुत्र शिव मंगल निवासी चोरपनिया के साथ हुई थी। मृतका को तीन बच्चे रविंदर 9, प्रियंका 7 व पंकज 5 हैं। मृतका का पति मजदूरी करता है।

सपा की मासिक बैठक कल

सोनभद्र। सपा के जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि पार्टी की मासिक बैठक 5 जून को सुबह 11 बजे से पार्टी कार्यालय पर आहूत की गई है। बैठक में बूथ कमेटी बनाने पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पदाधिकारी, विधानसभा पदाधिकारी, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन, जिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, नगर पदाधिकारी, सभासद, सेक्टर पदाधिकारी एवं नेता की उपस्थिति आवश्यक है।

10 लीटर देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

म्योरपुर। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम घनखोर के सुरंगीटोला प्राथमिक विद्यालय के समीप प्रमिला देवी पत्नी शिवप्रसाद निवासी धनखोर को पुलिस ने बिक्री हेतु ले जाये जा रहे 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर सम्बन्धित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, कांस्टेबल मुकेश सरोज, अर्चना वर्मा शामिल रहे।

उड़ीसा रेल हादसे में इस्तीफा दें रेल मंत्री: कांग्रेस

सोनभद्र। उड़ीसा में हुए भयावह ट्रेन हादसा में सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि उड़ीसा में हुए रेल हादसे में लगभग 233 लोगों ने अपनी जान गवाई और लगभग 1000 लोगों के घायल होने की सूचना से पूरा देश हतप्रभ है। इस हृदय विदारक घटना से आमजनमानस में शोक की लहर है। कहा कि इतना बड़ा रेल हादसा रेल मंत्रालय की लापरवाही का परिणाम है। रेल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए। इतनी बड़ी लापरवाही से कई लोगों का परिवार उजड़ गया और कई लोग काल के गाल में समा गये। हजारों लोग अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे है। मिश्रा ने कहा कि रेल मंत्री को इस बड़े रेल हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मृतक परिवार को आर्थिक रूप से 20 लाख और परिवार के एक सदस्य को नौकरी और घायलों को 10 लाख रुपये आर्थिक मदद देने की मांग किया है।

बिना परमिट ही कोरगी से निकाली जा रही बालू की ट्रकें

खेल जारी

प्रशासन के नाक के नीचे बिना परमिट के कोरगी से निकाली जा रही बालू

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र/विण्ढमगंज। दुद्धी तहसील अंतर्गत कोरगी बालू साइट से कानून को ताक पर रखकर पिछले दो दिनों से बीना परमिट के बालू का उठान किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन खान विभाग, वन विभाग कुंभकरणीय निद्रा में सो रहा है। साइट पर रहने वाले सूत्रों ने बताया कि 31 मई से परमिट का पोर्टल किन्ही कारणों से बन्द है, अभी गाड़ी को बिना परमिट ही बालू लोड कर साइट से निकाला जा रहा है। गुरुवार को दर्जनों गाड़िया बिना परमिट ही बालू लोड कर नदी से निकाली गई।

वहीं शुक्रवार को भी पूरे दिन बिना परमिट का बालू लोड कर नदी से निकाला गया। जिससे लाखों रुपये की राजस्व की क्षति बताई जा रही है। एक वाहन स्वामी ने बताया कि कोरगी साइट की परमिट पोर्टल 31 तारीख से ही बन्द है केवल डब्लू टी लोडिंग चालू है। आखिर इतनी गाड़ियां बिना परमिट रवन्ना के सुदूर क्षेत्रों तक कैसे जा रही हैं यह गंभीर जांच का विषय है। पर्यावरण कार्यकताओं ने इसे विभागीय मिलिभगत करार दिया है, जिससे सरकार की जीरो टॉलरेंस की खनन नीतियों पर पलीता लगाया जाना बताया है।

कोरगी बालू साइड पर पोकलेन से ट्रक पर लोड होता बालू

ज्येष्ठ खान अधिकारी का नहीं उठा फोन

इस मामले में ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार के सीयूजी नंबर पर काल किया लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। लिहाजा उनका पक्ष नहीं लिखा जा सका। नदी के आसपास के ग्रामीणों की माने तो 31 मई से ही फॉर्मेट बंद कर दिया गया। उसके बावजूद बड़े पैमाने से नदी का खनन कर ट्रकों के माध्यम से अन्यत्र भेजा जा रहा है। हर दिन सरकार का लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है।

बोले एसडीएम

उप जिला अधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, फिलहाल मैं छुट्टी पर हूं, आकर मामले की जाँच कराऊंगा। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सूत्रों की माने तो कई सिंडिकेट के दलाल इस धंधे से जुड़े हुए हैं। जो प्रशासन का ध्यान भटकाने में लगे हुए रहते हैं जबकि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को पर्यावरण चिंतक कोरगी में सांकेतिक धरना देने जा रहे हैं।

गोलियों से छलनी छाती को मेरा प्रणाम...

पाठ

डाला गोलीकांड के शहीदों की याद में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

जनसंदेश न्यूज

डाला। शहीद स्थल पर शहीद रामप्यारे विधि कवि सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार की रात्रि नव निर्माण सेना के बैनर तले किया गया। कवि सम्मेलन की शुरूआत कवि प्रद्युम्न त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती वंदना से की गई। कवि प्रभात सिंह चन्देल ने वीर बलिदानियों को कोटिशः प्रणाम मेरा गोलियों से छलनी छाती को प्रणाम है और हो जाऊं कुर्बान अगर मां भारती के चरणों में मेरे मस्तक पर मेरा भारत महान लिख देना सुनाकर श्रोताओं में जोश भरा।

प्रद्युम्न त्रिपाठी ने अमर शहीदों के याद में देश भक्ति से ओत प्रोत होकर काव्यपाठ करते हुए माहौल बना दिया, सबके आखों का मर रहा पानी....., देश के लिए जिये देश के लिए मरें कविता सुनाकर तालियां बटोरी। गजलकार व शायर अशोक तिवारी ने दोनों एक दूजे से कुछ पाने के खातिर थे अड़े इधर आसरा कुछ और था उधर माजरा कुछ और था सुनाने के साथ ही अभी तो मैं जवान हूँ गजल सुनाया। शोएब, अर्जुन सिंह, सर्वेश पटेल व अखिलेश पाण्डेय ने अपने काव्य पाठ से सबका मन मोह लिया। अध्यक्षता ओम प्रकाश त्रिपाठी तथा संचालन गजलकार व शायर अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर अंशु पटेल, सजावल पाठक, गायत्री तिवारी, मिथिलेश, उत्तम मिश्रा, जोगेन्द्र सिंह, राजू शुक्ला, मनोज शुक्ला, गोविन्द भारद्वाज, अवनीश पाण्डेय, राकेश जायसवाल, रविन्द्र देव पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

काव्य पाठ प्रस्तुत करते कवि

चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

ओबरा। स्थानीय पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि थाना अंतर्गत झरियानाला स्थित रेणु नदी के किनारे बीते गुरुवार को पत्नी का दाह संस्कार कर रहे पति पर एक युवक ने जान से मारने की नीयत से चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में मृतका नेहा का पति सत्यप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार वाराणसी ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

मामले में पुलिस ने घायल व्यक्ति के पिता छागुर की तहरीर पर आरोपी बादल पुत्र राजेन्द्र साहनी निवासी मालवीय नगर, ओबरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई थी। मामले का खुलासा करने हेतु क्षेत्राधिकारी डा. चारू द्विवेदी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। टीम में शामिल कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी ने बताया कि वह बीते शुक्रवार की शाम क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उक्त आरोपी भलुआ टोला तिराहे के समीप खड़ा होकर कही भागने के फिराक में किसी साधन का इंतजार कर रहा है। सूचना को सत्य मानकर हमराहियों संग उक्त स्थान पर पहुंच गए। पुलिस टीम को देखकर आरोपी मौके से भागने लगा, तभी पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी बादल ने बताया कि बीते एक जून को उसकी लड़ाई सत्यप्रकाश से हो गई थी। जिसपर उसने जान से मारने की नीयत से सत्यप्रकाश पर हमला कर दिया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद करते हुए संगत धाराओं में चालान कर दिया।

पुलिस गिरफ्त में हमलावर

आपदाओं से बचाव को सुझाये गये उपाय, किया जागरूक

कार्यक्रम

सीएचसी ककराही में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोनभद्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ककराही में संचालित कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण व अग्निशमन विभाग के सहयोग से शनिवार को विभिन्न आपदाओं पर आधारित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक जिला आपदा विशेषज्ञ पवन शुक्ला द्वारा जनपद की प्रमुख आपदाएं आकाशीय विद्युत, सर्पदंश, लू-प्रकोप, आग एवं विभिन्न आपदाओं के प्रति क्या करें, क्या न करें के विषय में चर्चा कर जानकारी दी गयी। वहीं आपदा राहत मोचन निधि से राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुग्रह सहायता धनराशि का लाभ किस प्रकार प्रभावित के परिवारों को मिल सके, उसके नवीनतम मानक के विषय में जानकारी दी गयी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौसम के पूर्वानुमान व आकाशीय विद्युत के पूर्व की सूचना प्राप्त करने हेतु मोबाइल के प्ले स्टोर के माध्यम से सचेत एप्लीकेशन डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त किए जाने के विषय में भी बताया। साथ ही शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न आपदाओं के प्रति जागरूकता बैनर, पोस्टर एवं आई ई सी मैटेरियल लोगों को उपलब्ध करा कर विभिन्न आपदाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। जिला अग्निशमन अधिकारी राम अनुज सिंह द्वारा आग लगने के कारण एवं उससे बचाव के तरीके के विषय में जानकारी देते हुए प्रयोगात्मक तरीके से गैस सिलेंडर की लगी हुई आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों के विषय में प्रयोगात्मक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। घरों में गैस सिलेंडर की आग लग जाने की स्थिति में खुद का बचाव एवं लोगों का बचाव किस प्रकार करें, उसमें महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए उनको प्रयोगात्मक विधि द्वारा आग बुझाने व विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्र को संचालित करने के तरीके लोगों बताये गये। कार्यक्रम में राम कुंवर, शुभम तिवारी, धर्मेंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आग से बचाव के प्रति जागरूक करते अधिकारी

सवर्ण आर्मी के 25वें जन्मदिन पर हुआ रूद्राभिषेक

सोनभद्र। सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय का 25वें जन्म दिन के अवसर पर शनिवार को गुप्त काशी शिवद्वार स्थित शिव मंदिर में महारुद्राभिषेक प्रयागराज के आचार्य देवराज ने मंत्रोचारण कर कराया। जन्म दिन को सवर्ण एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश महासचिव सूरज प्रसाद चौबे ने कहा कि सवर्ण समाज के लिए सर्वेश पाण्डेय 19 साल की उम्र से अपना निजी स्वार्थ को त्याग कर समाज के लिए काम कर रहे हैं। जिनके पूर्वज देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी, रियासतें दान दिए, आज उनके बच्चे अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। एससीएसटी एक्ट एक ऐसा काला कानून है, जिस कारण समाज के लोग दहशत में जी रहे हैं। जिलाध्यक्ष राजू चौबे ने बताया कि आरक्षण खुद एक समस्या है, जो खुद समस्या हो वह क्या किसी समस्या का समाधान करेगी। आप सभी लोग आने वाली पीढ़ी के लिए समाज के लिए सवर्ण आर्मी से जुड़ें, जिससे समाज के अस्तित्व को समाप्त होने से बचाया जा सके।

ओबरा गंभीर पेयजल संकट के मुहाने पर

बोली चांदनी देवी

नपं अध्यक्ष ने भलुआ स्थित पेयजल परियोजना व ओबरा डैम स्थित इंटेकवेल का किया निरीक्षण

ओबरा। नगर पंचायत ओबरा अध्यक्ष चांदनी देवी एवं पूर्व अध्यक्ष दुर्गावती देवी ने भलुआ स्थित पेयजल परियोजना एवं ओबरा डैम स्थित इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान परियोजना में तमाम तकनीकी दिक्कतें सामने आयी। कई दिक्कतें पिछले एक वर्ष से ज्यादा समय से व्याप्त हैं, लेकिन उन्हें दूर करने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किया गया। नपं अध्यक्ष ने बताया कि ओबरा नगर पंचायत की ज्यादातर आबादी के लिए महत्वपूर्ण परियोजना की हालत अत्यंत नाजुक है। तकनीकी दिक्कतों के चलते ओबरा गंभीर पेयजल संकट के मुहाने पर है। बताया कि नगर पंचायत जल शोधन संयंत्र का मुख्य मोटर, छोटा पंप मोटर खराब है। टंकी का मीटर वायर टूटा पड़ा हुआ है।

ग्राम पंचायत के लिए बने सयंत्र जो विस्तारीकरण के बाद नगर पंचायत के अंतर्गत हो गया है, उसके मोटर का स्टाटर, बैकवास का वाल खराब पड़ा हुआ है। ओबरा डैम स्थित इंटेकवेल में भी मोटर, स्टार्टर, चेंज ओवर एवं एनआरबी सहित कई गंभीर तकनीकी हिस्से खराब पड़े हैं। संयंत्र में वैकल्पिक स्थितियों के लिए बनायी गयी व्यवस्था पूरी तरह ठप हालत में है। बताया कि सभी तकनीकी खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए हैं। मौके पर मौजूद समाजसेवी रमेश सिंह यादव ने बताया कि संस्थान नगर के लिए तीर्थ की तरह है।

इसकी देख रेख में लापरवाही बड़ी समस्या बन सकती है। भलुआ स्थित पेयजल परियोजना से लगभग छह वर्ष बाद पानी टैंकरों से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू करा दी गयी है। पेयजल परियोजना पर टैंकरों में पानी भरने की व्यवस्था जल निगम द्वारा निर्माण के दौरान ही बनायीं गयी थी, लेकिन अभी तक इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा था। नपं अध्यक्ष ने बताया कि यहां से टैंकरों को जो पानी दिया जा रहा है वह पूरी तरह शुद्ध है। फिलहाल यहाँ से 15 टैंकर पानी की आपूर्ति की जा रही है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष दुर्गावती देवी, श्रवण कुमार, राजू साहनी मौजूद रहे।

भलुआ टोला स्थित पेयजल परियोजना का निरीक्षण करती नपं अध्यक्ष चांदनी व पूर्व अध्यक्ष दुर्गावती देवी

पंखे से लटकता मिला आरक्षी की पत्नी का शव

घटना

घटना के वक्त आलू मिल स्थित घर में अकेले थी विवाहिता

विवाहिता की मौत के बाद अलीनगर थाने में तहरीर देता मृतका का भाई।

डीडीयू नगर। क्षेत्र के आलू मिल नई बस्ती आरक्षी के पत्नी का शव दुपट्टा के सहारे शुक्रवार की देर रात पंखे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

धानापुर थाना क्षेत्र के बभनीयांव रायपुर निवासी स्वर्गीय जमुना प्रसाद के पुत्री संगीता 36 वर्ष की शादी 15 वर्ष पूर्व वाराणसी के जल्हूपुर छितौना निवासी आरक्षी संजय मौर्य से हुई थी। संजय अलीनगर के आलूमिल के पास मकान बनाकर पत्नी के साथ रहता था। इस समय आजमगढ़ में तैनात है। इनसे 2 पुत्र संजीव मौर्य 13 वर्ष व सन्नी मौर्या 12 वर्ष है। दोनों मां के साथ रहकर पढ़ाई करते हैं। गर्मी की छुट्टी में बड़ा पुत्र अपने मामा दिलीप के घर गया था।छोटा पुत्र तुलसी आश्रम निवासी अपनी मौसी मीरा के घर गया हुआ था। लगभग एक महीने से पति-पत्नी के विवाद में दोनों से बातचीत नहीं हो रही थी। संगीता इन दिनों इसको लेकर काफी टेंशन में होने के कारण बीमार भी हो गई थी। शुक्रवार को भाई दिलीप अपने बहन संगीता को फोन मिलाता रहा। फोन नहीं उठने पर किसी अनहोनी को देखते हुए शुक्रवार की देर रात बहन के घर पहुंचा तो अंदर से दरवाजा बंद था।

दरवाजा खटखटाने पर भी अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर कमरे में प्रवेश किया। बहन का शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता हुआ मिला। सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एसओ शेषधर पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। वही भाई के तहरीर के आधार पर अगली कार्रवाई की जा रही है।

मानवता के प्रति जागरूक करने के लिए युवक आया सामने

चंदौली। मुख्यालय स्थित पुलिस चौकी के समीप दिल्ली कांड के दौरान साक्षी की हत्या के दौरान किसी के आगे नहीं आने पर नगर निवासी अर्जुन अग्रहरि ने शनिवार की दोपहर मानवता के प्रति लोगों को आगे आने का आह्वान किया। साथ ही उक्त युवक ने लोगों को यह भी संदेश दिया कि मानवता को न भूलें दूसरे के काम आए। नगर निवासी अर्जुन अग्रहरि शनिवार को पुलिस चौकी के सामने सर्विस रोड किनारे शनिवार की दोपहर 4 घंटे तक एक बैनर लेकर खड़ा रहा। दिल्ली में दिनों हुए साक्षी के साथ अमानवीय घटना को लेकर काफी आक्रोश उक्त युवक में देखने को मिला। युवक ने हाथ में पोस्टर लेकर दिल्ली कांड के साक्षी कि हत्या के दौरान किसी की ओर से बचाने के प्रयास नहीं किया जाने पर उसने मानवता के प्रति एक संदेश दिया हूं।कहा कि दिल्ली में दिनदहाड़े एक किशोरी की हत्या कर दी गई, लेकिन उस रास्ते से लोग आते जाते रहे,लेकिन लोग उसे रोकने का प्रयास नहीं किया। इससे साफ जाहिर होता कि अब मानवता मरती जा रही है।कहा कि लोगों को मानवता के प्रति जागरूक करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। अन्याय के खिलाफ हम सभी को आज आगे आने की जरूरत है।

सरकार की मंशा के अनुरूप परियोजनाओं को दें मूर्त रूप : डा. महेंद्रनाथ पांडेय

की मुलाकात

लखनऊ प्रवास के दौरान आला अफसरों से केंद्रीय मंत्री ने की मंत्रणा

केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्रनाथ पांडेय।

चंदौली। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा.महेंद्र नाथ पांडेय शनिवार को लखनऊ प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में गतिमान, रूकी हुई और प्रस्तावित परियोजनाओं को लेकर संबंधित विभाग के आला अफसरों से मुलाकात की। उनके चंदौली संसदीय लोकसभा में चल रही परियोजनाओं को जनहित में पूर्ण करने की आवश्यकताओं पर बल दिया।

कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दे पर गंभीर है और शासन की मंशा के अनुरूप परियोजनाओं व योजनाओं को चंदौली संसदीय क्षेत्र में जमीन पर उतारने की पहल और सकारात्मक प्रयास करें। इस दौरान केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री और चंदौली सांसद डा.महेंद्रनाथ पांडेय ने अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा के अलावा प्रमुख सचिव वित्त और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी से मुलाकात की।

उन्होंने जनपद की सड़कों से जुड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की। परियोजनाओं के लिए जरूरी वित्त के बाबत प्रमुख सचिव वित्त से आवश्यक बजट समय से आहरित करने की चर्चा की। कहा कि चंदौली में जो परियोजनाएं गतिमान है या प्रस्तावित है या किन्हीं कारणों से रूकी है उसे गतिमान करते हुए समय परियोजनाओं को पूर्ण करें, ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके। सरकार सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ ही अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर पूरी तरह से गंभीरता दिखा रहे है। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का दायित्व बनता है कि इन परियोजनाओं का गुणवत्ता के साथ ही ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पर्यटन मंत्री से मुलाकात कर चंदौली जनपद के कार्यक्रमों पर चर्चा की। कहा कि धर्मार्थ प्रकोष्ठ से महोत्सव कराने व सड़कों के निर्माण आदि को लेकर भी चर्चा की।

किचन रूम में उठी चिंगारी से चिमनी में लगी आग

डीडीयू नगर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित एक होटल के किचन रूम में उठी चिंगारी से चिमनी में आग लग गई। देखते ही देखते आग किचन में फैल गई। होटल के कर्मियों ने खुद आग बुझाने के साथ ही फायर ब्रिगेड को भी इसकी दी। फायर ब्रिगेड की टीम आधे घंटे के अंदर मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार चिमनी की साफ सफाई होनी चाहिए। जो होटल प्रबंधन नहीं कर रहा था। यह सरासर होटल की लापरवाही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी रमाशंकर तिवारी ने बताया कि होटल के किचन में तंदूरी रोटी पकाने की भट्ठी थी। उससे निकली चिंगारी से किचन के चिमनी में आग लग गई। चिमनी में तेल व अन्य तरह की चीजें चिपकी हुई थीं इसलिए आग फैल गई। होटल से पानी लेकर व फायर ब्रिगेड के कंपाउंड के पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पा लिया गया।ऐसे में एग्झास्ट की मदद से धुआं को बाहर निकाला गया। कहा कि होटल प्रबंधन की लापरवाही है। भट्ठी को समय-समय पर साफ करना चाहिए और इसके बारे में पर्याप्त जानकारी रखनी चाहिए।

संक्षेप

पेयजल पाइप क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों ने मचाया हो हल्ला

क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत की मांग को लेकर हो हल्ला मचाते ग्रामीण

सकलडीहा। सकलडीहा-अलीनगर तिराहा के समीप तेंदुईपुर गांव में पिछले कई दिनों से जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त है। शिकायत के बाद भी मरम्मत नही हो सका। जिसे लेकर शनिवार को सुबह पेयजल की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया। इस दौरान ग्रामीणों ने दूर संचार और गैसपाइप लाइन बिछाने वालों द्वारा जगह जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दिये जाने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चिलचिलाती धूप और उमस से लोग परेशान है। वही दूसरी ओर गांव गांव में दूर संचार और गैसपाइप लाइन बिछाने के लिये जगह जगह गड्ढा खोदा जा रहा है। ऐसे में जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त हो जा रहा है। कस्बा में पानी की समस्या होने पर ग्रामीणों की ओर से शिकायत किया गया। बाबजूद विभागीय अधिकारी के मौन साधे रहने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत की मांग को लेकर विरोध जताया। चेताया कि समस्या का समाधान नही होने पर ग्रामीण सड़क पर आन्दोलन के लिये उतरेंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों में युवा समाज सेवी नेता रतेन्द्र राजभर,सुनील राय,सूरज,दुर्गा देवी, दीना राय,संजय, पिंटू पासवान,बेचू राय,महेंद्र यादव,सहित अन्य मौजूद रहे।

सूचना देने पर किया जा रहा है प्रताड़ित

डीडीयू नगर। बंग्लादेश से आकर बसे लोगों की सूचना देने पर प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई के बजाए मुझे ही प्रताड़ित कर रहा है। ये बातें शनिवार को नगर के महमूदपुर नई बस्ती निवासी कमालुद्दीन ने पत्रकारों से कही। कहा कि वे कैंसर पीड़ित हैं और स्टीकर बनाकर परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। वे मदरसा और मस्जिद की भूमि पर बने दुकान में किराएदार के रूप में रहते हैं। उनके इलाके में कुछ लोग बाहर से आकर बसे हैं। उनकी जांच चल रही है। इसके बाद उन लोगों ने मदरसा कमेटी से बेदखल करने की कोशिश की। यही नहीं मुझपर हमला भी किया गया। यही नहीं किराएदारी का मामला कोर्ट में चला गया और इसकी सुनवाई हो रही है। इसके बाद भी पुलिस ने 25 मई को आधी रात के वक्त दुकान में रखा सामान बाहर निकला कर ताला जड़ दिया। इससे परिवार के सामने आर्थिक संकट आ गया है।

मानदेय के लिये एसडीएम से मिले संविदा कर्मी

सकलडीहा। पिछले दिनों मार्च महीने में हड़ताल के दौरान शासन प्रशासन का सहयोग करने वाले विद्युत संविदा कर्मियों का तीन माह का मानदेय रोक दिया गया है। जिसे लेकर संविदा कर्मी परेशान है। शनिवार को एसडीएम मनोज पाठक से मिलकर मानदेय दिलाने की मांग किया है। एसडीएम ने एसडीओ को फोन कर कर्मचारियों का मानदेय का भुगतान कराने को कहा। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश पांडेय, रामअवध यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

रोजगार सेवकों को नही मिला मानदेय

सकलडीहा। विकास खंड में तैनात पांच दर्जन से अधिक रोजगार सेवकों का तीन माह से मानदेय रोक दिया गया है। शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के बाद भी अधिकारियों की ओर से कोई ठोस आश्वासन नही दिया गया है। जिसे लेकर रोजगार सेवकों में आक्रोश है। धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया है।

पेंशन रथयात्रा को लेकर तैयारी शुरू

सकलडीहा। अटेवा की ओर से एनीपीएस निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के नेतृत्व में एक जून से रथयात्रा चंपारण से निकाली गयी है। आगामी 5 जून को सकलडीहा से होकर चंदौली से मुगलसराय पहुंचेगी। रथयात्रा को लेकर अटेवा जिला स्तरीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी गिरजेश दादा, निठोहर सत्यार्थी, अरूण रत्नाकर सहित अन्य शिक्षकों की ओर से तैयारी शुरू कर दिया गया है। रथयात्रा के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली की मांग है।

धरहरा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू

जनसंदेश न्यूज

धरहरा मे पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू

सकलडीहा। धरहरा बीआरसी परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय लम्बे समय से जर्जर व खंडहर में तब्दील होगया था। जिसके कारण बच्चों के पठन पाठन में समस्या हो रहा था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जर्जर भवन की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया था। इस क्रम में शनिवार को भाजपा नेता व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने भूमि पूजन कर 28 लाख की लागत से बनने वाले पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराया। विद्यालय के निर्माण होने से काफी सहुलियत होगा। धरहरा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में करीब 260 छात्र छात्रों का पंजीयन है। वर्षो से विद्यालय जर्जर होगया था। जिसके कारण बच्चों पठन पाठन को लेकर दिक्कत होता था। शासन के निर्देश पर जर्जर विद्यालयों के मरम्मत का निर्देश दिया गया था। इस क्रम में भाजपा नेता व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने प्रयास कर मरम्मत कार्य को शुरू कराया। इस बाबत प्रधानाध्यापक जयनारायण यादव ने बताया कि जर्जर भवन का पुनरू निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। इसके बन जाने से बच्चों के पठन पाठन में काफी सहुलियत होगा। विद्यालय में चार कमरे एवं आफिस का निर्माण होगा। इस मौके पर प्रधान श्वेता सिंह, जेईई अवधेश चौहान, प्रधानाध्यापक जय नारायण यादव, साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष बृजेश पांडेय, कल्लू सिंह, अंशु पांडेय, सुनील सिंह, जिउत चौहान, नानक पांडेय, अमित तिवारी, विश्वनाथ राम, राजेश गौड़, सिया राय सहित अन्य मौजूद रहे।

रेवसा में रोजगार मेला सात जून को

चंदौली। राजकीय आईटीआई परिसर रेवसा में सात जून को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उक्त रोजगार मेले में आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम से बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन के उपरांत पोर्टल पर ही उन्हें मेले से संबंधित सूचना प्रदर्शित होगी। इसके बाद इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। बताया कि सात जून को वाकरू इंटरनेशनल, क्वेसकाप, नवभारत फर्टिलाइजर, पीपल ट्री आनलाइन, एसबीआई लाइफ एवं अन्य कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जो साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार युवाओं की दक्षता व प्रतिभा को परखेंगी और उन्हें नौकरी आफर करेंगी। बताया कि मेले में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक मूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र, बायोडाटा व चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित स्थल पर सुबह 10 बजे पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा व आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के सभी ट्रेडों के उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

निर्भया सेना ने स्थापना दिवस पर सुरक्षा बल का किया सम्मान

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। नारी सशक्तिकरण और महिला रेल यात्रियों के लिए समर्पित निर्भया सेना ने अपने 9 वीं स्थापना दिवस पर डीडीयू स्टेशन पर पहुँच कर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों का माला फूल पहनाकर, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

स्थापना दिवस पर संजीव कुमार निरीक्षक प्रभारी को निर्भया सेना द्वारा उनके कार्यस्थल पर जाकर अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही सरिता गुर्जर, उपनिरीक्षक आरपीएफ सहित अन्य जवानों को अंग वस्त्र माल्यार्पण एवं फूल दे कर सम्मानित किया गया । निर्भया सेना लगातार आरपीएफ के सहयोग से देश भर में रेल से यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की रक्षा और सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। निर्भया सेना रेल यात्रा के दौरान महिला रेल यात्रियों को गंतव्य तक जाने में होने वाली परेशानियों, अपराध और चिकित्सा सहायता के प्रति जागरूक करने जैसा कार्य करती है।

समाज में नारी सशक्तिकरण के प्रति सचेत रहने वाली निर्भया सेना आधी आबादी के अधिकारों को दिलाने, सरकार की योजनाओं को उन तक पहुचाँने और लाभ दिलाने के लिए जनजागरण का कार्य करती है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शायिका परवीन के अलावा शीला कुमारी , सभासद , चंदौली के साथ साथ पूनम सिंह, छाया चौरसिया, खुशी, रितु, खुशबू, भागीरथ विश्वकर्मा , मीडिया प्रभारी संजय शर्मा के साथ साथ पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे।

डीडीयू जंक्शन पर फिर मिले चार नाबालिग बच्चे

डीडीयू नगर। गत 29 मई को स्टेशन से 18 नाबालिगों की बरामदगी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था। शुक्रवार को स्टेशन से चार नाबालिग बच्चे मिले। आरपीएफ ने बाल श्रम के लिए बच्चों को तमिलनाडु के नागमंगलम, पीओ बारगुर, कृष्णगिरि ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वह बच्चों को क्राउन इंजीनियरिंग उद्यम स्टील, ड्रम व बैरल की फैक्ट्री में काम कराने के लिए ले जा रहा है। बच्चों ने बताया कि उन्हें पारिश्रमिक में सात से दस हजार रुपये मिलता है।

आरपीएफ ने गिरफ्तार व्यक्ति को जीआरपी और बच्चों को बचपन बचाओ आंदोलन की टीम को सुपुर्द कर दिया गया। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति भेज दिया गया। आपरेशन आहट के तहत आरपीएफ महिला अवर निरीक्षक सरिता गुर्जर, मुकेश कुमार, विरेंद्र यादव व बचपन बचाओ आंदोलन के कोआर्डिनेटर देशराज सिंह व चंदा गुप्ता द्वारा प्लेटफार्म व सकुर्लेंटिंग एरिया में चेकिंग की जा रही था। इसी क्रम में टिकट काउंटर पर पहुंचे तो देखा चार नाबालिग लड़के और एक व्यक्ति खड़ा है। संदेह होने पर उनसे पूछताछ की गई तो व्यक्ति घबरा गया। बच्चों ने उक्त व्यक्ति उन लोगों को काम करवाने के लिए ले जा रहा था। पूछताछ बाद उनको आरपीएफ डीडीयू पर लाया गया जहां पर काउंसलिंग किया गया। इसके बाद सभी को रेलवे चाइल्ड लाइन डीडीयू नगर में बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ के देखरेख में रखा गया जहां पर उनका सत्यापन और दस्तावेज मंगाया गया। नाबालिग बच्चों को अग्रिम करवाई के लिए बाल कल्याण समिति चंदौली ले जाया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि बरामद बच्चों में 17 वर्षीय शेरवां, थाना सरायमीर, जिला आजमगढ़ निवासी लक्की, माहिर, अरुण कुमार भारती और अमोला, थाना रामनगर, जिला अंबेडकर नगर निवासी सौरभ है। गिरफ्तार व्यक्ति शेरवां,थाना सरायमीर, जिला आजमगढ़ निवासी दिल मोहम्मद है।

मां खण्डवारी महिला व पीजी कालेज में प्रायोगिक परीक्षा

चहनियां। कस्बा स्थित मां खण्डवारी पीजी कालेज में बीए तृतीय वर्ष गृह विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 6 जून को सुबह 8 बजे, बीए तृतीय वर्ष भूगोल प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 11 जून को 7.30 बजे, शिक्षाशास्त्र बीए प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 17 जून को 8.30 बजे, बीए तृतीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर का प्रायोगिक परीक्षा 18 जून को सुबह 9 बजे से होगी। वही महिला महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष गृह बिज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 8 जून को 11 बजे से ,बीए तृतीय वर्ष भूगोल प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 12 जून को 7.30 बजे से ,शिक्षा शास्त्र बीए तृतीय वर्ष प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर 17 जून को 9 बजे, मनोविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 11 जून को व राजनीति शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 21 जून को होगी। यह जानकारी प्रबन्ध निदेशक डा.आशुतोष कुमार सिंह ने दी है।

ओडीएफ प्लस में चयनित गांवों में लापरवाही पर होगी कार्रवाईः डीपीआरओ

सकलडीहा। जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रम्हचारी दूबे शनिवार को सकलडीहा ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीओ पंचायत और सचिवों के साथ ओडीएफ प्लस और मिशन कायाकल्प के तहत जानकारी लिया। चेताया कि ओडीएफ प्लस के तहत लापरवाही पाये जाने पर संबधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक पंचायत भवनों पर संकल्प कार्यक्रम और श्रमदान कार्यक्रम चलाने का निर्देशित किया।

ब्लॉक मुख्यालय पर विकास कार्यो की समीक्षा करते डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे

शासन की ओर से ओडीएफ गांव को मॉडल गांव के रूप में विकसीत करने की योजना है। इस क्रम में विकास खंड के 76 गांव के 116 राजस्व गांव को ओडीएफ प्लस में चयनित किया गया है। गांवों में सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, वर्मिंग कम्पोस्ट, लीज पीठ, तालाब के गंदा पानी का शुद्धिकरण, फिल्टर चेंबर, सिल्ट कैंथर बनाया जाना है। इसके अलावा व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा किया। जिसके तहत 799 ग्रामीणों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। जिनका सत्यापन कराकर शौचालय बनवाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों पर पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से पौध रोपण करने का संकल्प व सरोवरों में श्रमदान कर साफ सफाई कराने को बताया। अंत में मिशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की बाउंड्री, फर्स पर टाइल्स, डेक्स सहित सभी अवशेष कार्य को स्कूल खुलने से पूर्व कराने को कहा। चेताया किसी प्रकार की लारवाही क्षम्य नही होगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला समन्वयक मनोज श्रीवास्तव, सचिव पवन दूबे, गणेश यादव,संजय यादव, शशीकांत, जितेन्द्र, महेन्द्र, प्रिया मौर्या, अरबिंद गौतम, मिथिलेश गुप्ता, सतीश, मनीष सिंह, लल्लन, सुदर्शन, संजय सहित अन्य मौजूद रहे।

शिकायत डिफाल्टर होने पर नपेंगे अधिकारीः एडीएम

जनसंदेश न्यूज

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उमेश चन्द्र मिश्र।

सकलडीहा। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एक एक करके फरियादियों से रूबरू रहे। इस दौरान कुल 85 प्रार्थना पत्र में आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने कार्य दिवस के समापन पर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नही होने पर नाराजगी जताया। चेताया कि शिकायत डिफाल्टर होने पर संबधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ जिले स्तर पर कार्रवाई की जायेगी। एडीएम के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गयी। शासन स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस पर पड़ने वाली समस्या का निस्तारण को लेकर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। जिसमें जिले की कई विभागों की रिपोर्ट संतोष जनक नही है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर राजस्व से लेकर स्वास्थ्य, ड्रेन, साफ सफाई, अवैध कब्जा सहित अन्य समस्याओं से फरियादियों ने अवगत कराया। अधिकारियों ने मौके पर 85 में 8 समस्या का त्वरित निस्तारण किया। अंत में कार्य दिवस के समापन पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबधित विभाग के अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही क्षम्य नही होगा। थाने से लेकर संबधी विभाग के अधिकारी सीधे जिम्मेदार होंगे। इस मौके सीएमओ डा. वाईके राय, बीएसए सतेन्द्र विक्रम सिंह,एसडीएम मनोज पाठक, एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह,पीडी लालता प्रसाद, डीआईओएस डा. जय प्रकाश, डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे, सीओ राजेश कुमार राय, तहसीलदार विकास धर दूबे,बीडीओ अरूण पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

डीएम एसपी के नही आने से फरियादी मायूस

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम एसपी के नही आने से फरियादी मायूस रहे। हालाकि एडीएम ने समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जबकि कई फरियादी समस्याओं के निस्तारण को लेकर कई बार से चक्कर काट रहे है।

अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा विद्युत उपकेंद्र खंडवारी

चहनियां। जिले को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाली चहनियां विद्युत उपकेंद्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन इस पर मूर्ख दर्शक बने बैठे हैं। विभागीय अधिकारी व विद्युत मंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य अपर आयुक्त ,जिलाधिकारी इत्यादि को पत्र लिखने के बाद भी इनके कान पर जू तक नही रेंग रहा है । प्रधानपति सतीश गुप्ता ने कहा कि आये दिन पशु इसमे घुसकर दुर्घटना करते रहते हैं। विद्युत उपकेंद्र के बाउंड्री ना होने से अवैध गाड़ी स्टैंड भी बन गया है। कर्मचारी आवास जर्जर स्थिति में कर्मचारियों के लिए खतरे का सबब बना है। इसी डर से रात में कोई कर्मचारी विद्युत उपकेंद्र पर नहीं रुकता है जिससे क्षेत्र में रात्रि में विद्युत की समस्याएं जब आती है तो क्षेत्रवासियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ती है। विद्युत प्रवाहित एरिया की बैरिकेडिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई है। विद्युत विभाग में मेंटेनेंस बाउंड्री निर्माण, उपभोक्ता टीनशेड, कर्मचारी निवास मरम्मत इत्यादि समस्याओं के लिए कोई निधि नहीं आती है जिससे विद्युत उपकेंद्र का नवीनीकरण नहीं हो पाता है। जबकि केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्र पांडेय को विद्युत उपकेंद्र के सुंदरीकरण के लिए पत्र दिया। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हुआ।

बाल श्रम कराने वालों को सजा व जुर्माने का प्रावधानः ज्ञान प्रकाश

चंदौली। पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ल व अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती की अध्यक्षता में विशेष बाल श्रम उन्मूलन की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट, किशोर न्याय अधिनियम व बाल श्रम से संबंधित धाराओं के विषय मे जानकारी दी गई एवं बच्चों के मामलों को संवेदनशीलता के साथ प्रमुखता से कार्यवाही किये जाने, बाल-श्रम को रोकने एवं इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि 14 साल से कम उम्र का बालक मजदूर के रूप में काम नहीं कर सकता है। बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को दो साल तक की सजा हो सकती है। बाल मजदूरी करवाने वाले को 20 हजार से लेकर 50 हजार तक का जुमार्ना हो सकता है। इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हें किशोर कहा जाता है खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में काम नहीं कर सकते हैं। कहा कि 14 साल से कम उम्र का बच्चा अपने परिवार के व्यवसाय में मदद कर सकता है बशर्ते यह व्यवसाय खतरनाक नहीं हो। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद छुट्टी में ही कर सकता है। 14 से 19 वर्ष के किशोर, खान, ज्वलनशील पदार्थ एवं खतरनाक प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकते हैं। खतरनाक व्यवसाय जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप/गैराज, सर्कस, हाथियों की देखभाल, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचरा उठाना और कबाड़ चुनना अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रक्रिया में काम नहीं कर सकते हैं। इस कानून के तहत बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक श्रम विभाग या पेंसिल पोर्टल पर कर सकता है। जिसमें जनपद के थानों में नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल संरक्षण के तकनीकी सलाहकार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति, संरक्षण अधिकारी, प्रतिनिधि चाइल्ड लाइन, आशा ज्योति केन्द्र, महिला सामाख्या, महिला कल्याण अधिकारी, महिला शक्ति केंद्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन में आयोजित विशेष बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण।

स्पोर्ट्स

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती संघ को जल्द चुनाव करने को कहा

नई दिल्ली। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों का गुस्सा थम नहीं रहा हैं। वह लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरने के कारण भारत को निलंबन का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने धमकी देकर कहा है कि अगर भारतीय कुश्ती संघ जल्द से जल्द चुनाव नहीं कराता तब डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया जाएगा। भारतीय कुश्ती संघ की चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए खेल मंत्रालय ने आईओए को 45 दिन तक का समय दिया है। जो 10 जून को समाप्त हो रहा हैं। रिपोर्ट के अनुसार ओलंपिक एसोसिएशन ने अभी तक अपनी प्रक्रिया शुरू भी नहीं की है। उन्होंने इसके लिए अब तक अधिकारी भी नियुक्त नहीं किया है। जो इसकी निगरानी कर सके। सूत्र ने बताया कि जब तक यह मामला ठंडा नहीं होता, तब तक निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराना ठीक नहीं होगा। इसी वजह से अभी तक चुनाव के लिए सूचना जारी नहीं की गई है।

महिला जूनियर एशिया कप में भारत ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अगला पूल गेम 5 जून को मलेशिया के खिलाफ खेलेंगी

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान जीत हासिल की है। इस तरह से भारतीय टीम ने अपने महिला जूनियर एशिया कप 2023 अभियान की जोरदार शुरूआत करते हुए उज्बेकिस्तान को 22-0 से हरा दिया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अगला पूल गेम 5 जून को मलेशिया के खिलाफ खेलेंगी। भारत ने फ्रंट फुट पर प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए नियमितता के साथ उज्बेकिस्तान पर बढ़त बनाई। उसने शुरूआत से ही उग्र खेलकर की जिस कारण वे शुरूआती बढ़त लेने में सफल रहे क्योंकि वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने पेनल्टी कार्नर को बदला जबकि मुमताज खान ने बाद में मैदानी गोल करके भारतीय टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। अन्नू ने एक गोल कर-के टीम की तालिका में इजाफा किया और शुरूआती क्वार्टर को भारत ने 3-0 की बढ़त के साथ समाप्त किया। हालांकि खेल का दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर से अलग नहीं था

क्योंकि भारत ने गेंद को कब्जे में रखकर और लगातार आक्रमण करते हुए खेल पर अपना दबदबा कायम रखा और सुनीलिता टोप्पो, मंजू चोरसिया के रूप में बड़े अंतर से अपनी बढ़त बनाने में मदद मिली।, दीपिका सोरेंग, अनु ने नेट गोल कर भारत को 10-0 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में जाने में मदद की। इधर भारतीय टीम अधिक गोल करने के लिए उत्सुक थी और उन्होंने चौथे क्वार्टर में दीपिका, मुमताज खान, और नीलम के माध्यम से तीन त्वरित गोल करके टीम को 18-0 से आगे कर दिया। इतना ही नहीं अन्नू ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया, जो मैच का उनका छठा गोल भी था जबकि वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने खेल का अपना दूसरा गोल कर टीम का स्कोर 20-0 कर दिया। एक मिनट बाद दीपिका (57) ने पेनल्टी कार्नर से अपने शॉट को घर पर पहुंचा दिया जिसके बाद मुमताज खान ने गोल किया और मैच भारत के पक्ष में 22-0 से समाप्त हो गया।

प्लेऑफ द मैच अनु को पुरस्कृत करते गेस्ट। अनु ने एक के बाद एक करके छह गोल दागे।

यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 2 पेरिस, फ्रांस में फ्रेंच ओपन में रूस की एना ब्लिंकोवा के खिलाफ तीसरे दौर का मैच जीतने का जश्न मनाया।

खेल और राजनीति को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए : बीसीसीआई अध्यक्ष

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन पर खुद को 1983 वर्ल्ड विजेता टीम के सदस्यों से अलग कर लिया है। बिन्नी का कहना है कि खेल और राजनीति को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए। पूर्व क्रिकेटर ने बताया कि पहलवानों के विरोध की मौजूदा स्थिति पर बयान जारी करने का दावा करने वाली मीडिया रिपोर्ट गलत है। उन्होंने कहा कि मामला अधिकारियों के विचाराधीन है और खेल को राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। बिन्नी ने कहा, कुछ मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, मैं साफ करना चाहूंगा कि मैंने पहलवानों के विरोध की मौजूदा स्थिति के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मेरा मानना है कि सक्षम अधिकारी इस मुद्दे को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। एक पूर्व

क्रिकेटर के रूप में मेरा मानना है कि खेल को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। इसके पहले पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने पहलवानों के समर्थन में आवाज उठाई और इस मुद्दे से निपटने के प्रति असंतोष व्यक्त किया था। उनका कहना है कि खेल की उपलब्धियों के माध्यम से देश का सम्मान बढ़ाने वाले पहलवान न्याय के हकदार हैं।

बृजभूषण सिंह पर आजाद ने कहा कि, जब आधा दर्जन से अधिक लड़कियों ने उन पर आरोप लगाया है, तब उन्हें पॉक्सो अधिनियम के तहत तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को पहलवानों से आग्रह किया था कि अपनी मेहनत से कमाई गई पदकों को गंगा नदी में बहाने का फैसला जल्दबाजी में न लें।

ओवल की परिस्थितियां कोहली के लिए अनुकुल, वहां रन बनाएगा

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल ने कहा

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि ओवल की परिस्थितियां स्टार भारतीय बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली के अनुकूल होंगी क्योंकि भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2023 में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए तैयार है। भारत अपने लगातार दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल में 7 जून से ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। पिछली बार कड़े संघर्ष के बाद भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताब से चूकना पड़ा था। चैपल के मुताबिक परिस्थितियां कोहली के पक्ष में हो सकती हैं, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों की तरह परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा पाएंगे और वह (कोहली) अपनी टीम के लिए रन बनाएंगे। चैपल ने कहा, कोहली से 2014 और 2021 में इंग्लैंड में एंडरसन, ब्रॉड और बाकी इंग्लिश गेंदबाजों द्वारा बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उन्होंने उन्हें कुछ बेहतरीन लाइन और लैंग्थ फेंकी थी। परिस्थितियां जो उनके अनुकूल थीं। वे जानते थे कि वह सबसे अच्छा है और उन्हें गेंदबाजी करते समय खुद को ऊपर उठा लिया। यह सोचना या कहना कि ऑस्ट्रेलियाई पहली गेंद से ऐसा करने में सक्षम होते हैं, सही नहीं है। अंग्रेज अपनी परिस्थितियों को किसी से बेहतर जानते हैं। विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। हमने ऑस्ट्रेलिया में यह देखा है। उसका रिकॉर्ड इस बात का सबूत है कि वह कितना अच्छा है। उन्होंने कहा, मेरे सारे अनुभव से ओवल में उछाल होने वाला है और यह विराट के अनुकूल होगा। आपने मुझस कहा है कि मौसम अब तक शुष्क रहा है। मुझे लगता है कि अगर वह मानसिक रूप से स्विच ऑन है जैसा कि मैंने आपसे बातचीत में पहले कहा है, तब वह भारत के लिए रन बनाएगा। वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है और ऐसा है जो स्पष्ट अंतर बना सकता है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने रोहित के फॉर्म के बारे में कहा कि क्या उनका आईपीएल फॉर्म उनके डब्ल्यूटीसी प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। चैपल ने कहा, रोहित के लिए हां मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि आईपीएल अलग है। मौसम, परिस्थितियां, प्रारूप, सब कुछ अलग है। और यह इस बारे में नहीं है कि आप या मैं या कोई और उसके फॉर्म के बारे में क्या महसूस करता है। यह सब कुछ है जो रोहित महसूस करता है। क्या उसे अपने आप पर कोई संदेह है? या वह बाहर जाकर बल्लेबाजी करने के बारे में अच्छा महसूस कर रहा है? यदि वह बाहर निकलते समय अच्छे क्षेत्र में है, तब कोई सवाल ही नहीं है कि वह अच्छी बल्लेबाजी करेगा।

बालासोर दर्दनाक ट्रेन हादसे पर भारतीय खिलाड़ियों ने जताया दुख

नई दिल्ली। ओडिशा के बालासोर जिले के बहानागा रेलवे स्टेशन के पास दिल दहला देनी वाली रेल दुर्घटना हुई है। बताया जा रहा है हादसे में करीब 230 से ज्यादा लोगों की मौत हुए है, जबकि 900 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। देश में हुए इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद हर कोई स्तब्ध है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़ित परिवार के प्रति अपनी सवेंदना व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में देश के कुछ खिलाड़ियों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ट्वीट करते हुए लिखा है, ह्यओडिशा में दर्दनाक ट्रेन हादसे के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा है, ओडिशा में दुखद ट्रेन हादसे के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पूर्व

क्रिकेटर गौतम गंभीर ने दुख व्यक्त करते हुए लिखा है, ओडिशा में हुई जनहानि से स्तब्ध हूं। ईश्वर पीड़ित परिवारों को शक्ति दें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। देश आपके साथ खड़ा है। टीम इंडिया के मौजूदा बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा है, ह्यबालासोर में दुखद ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित सभी पीड़ितों और उनके परिवार जन के प्रति मेरी संवेदना है। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लिखा है, ओडिशा से दिल दहला देने वाली खबर आ रही है। इस भीषण ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।

कोहली और अनुष्का को मिला एफए कप के फाइनल मुकाबले का न्यौता

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एवं उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को लंदन में होने वाले एफए कप के लिए बुलाया गया है। भारत के स्टार कपल्स को देश दुनिया में लोग काफी पसंद करते

हैं। इसकारण इंग्लैंड के मशहूर टूर्नामेंट एफए कप के फाइनल मुकाबले के लिए उन्हें भी न्यौता मिला है। एफए कप का फाइनल मुकाबला शनिवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड और मैनचेस्टर सिटी के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए शाम 7.30 बजे इंग्लैंड स्थित वेम्बली स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। फाइनल मुकाबले के लिए विराट और अनुष्का के साथ-साथ देश के कई अन्य खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को फाइनल मुकाबले के लिए खास न्यौता मिला है। उन्हें जर्मन स्पोर्ट्सवियर ब्रांड प्यूमा और इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर सिटी ने खास अतिथि के रूप में बुलाया है। कोहली और अनुष्का भारत में प्यूमा के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। वहीं प्यूमा का मैनचेस्टर सिटी के साथ भी करार है।

फ्लोरेंस, इटली में एथलेटिक्स - डायमंड लीग में - केन्या की फेथ किपयेगोन ने एथलीटों के साथ महिलाओं की 1500 मीटर फाइनल जीतने का जश्न मनाते हुए अपना नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

डेविड वार्नर ने की संन्यास की घोषणा, पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे अंतिम मैच

बेकेनहैम। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर क्रिकेट से सन्यास लेने जा रहे हैं। उन्होंने शनिवार को खुलासा किया कि वह जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपने टेस्ट करियर का समापन करना चाहते हैं। गौरतलब है कि भारत के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों में लगे वॉर्नर ने अभ्यास सत्र से पहले बातचीत करते हुए उम्मीद जताई कि पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट उनका अंतिम टेस्ट मैच होगा। यह सलामी बल्लेबाज हालांकि हाल में लंबे प्रारूप में रन बनाने के लिए जूझता रहा है और उनकी टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं है। वॉर्नर ने कहा कि टीम में बने रहने के लिए आपको रन बनाने होंगे। मैं शुरू से कहता रहूं कि (2024) टी20 विश्व कप शायद मेरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा।

पेरिस, फ्रांस में फ्रेंच ओपन टेनिस मैच के दौरान बेलारूस की आर्यना सबलेंका रूस की कामिला राखीमोवा के खिलाफ अपने तीसरे दौर के मैच के दौरान एक्शन में।

जनशिकायतों का पारदर्शिता से करें निस्तारण : डीएम

आयोजन

संपूर्ण समाधान दिवस में 159 प्रार्थना पत्रों में 31 निस्तारित

जनसंदेश न्यूज

शाहगंज। तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 159 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर 31 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को निस्तारण हेतु सौंपा गया है।

डीएम ने मातहतों से कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण समयबद्ध पारदर्शितापूर्ण ढंग से निस्तारित हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर एसपी डा.अजयपाल शर्मा, सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक देवेश सिंह, नायब तहसीलदार अमित सिंह, संदीप गुप्ता, शैलेन्द्र सरोज, नपा ईओ प्रदीप गिरी, चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारुकी समेत जनपद के तमाम अधिकारी एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद जिलाधिकारी व एसपी

सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजनः केराकत। स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार की सुबह संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान 177 फरियादी तहसील सभागार पहुंचे और अपनी फरियाद सुनाई। मौके से 14 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया शेष फरियादी मायूस रहे। उपजिलाधिकारी ने शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ज्यादातर मामले राजस्व विभाग संबंधित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव समेत राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

संपूर्ण समाधान दिवस में 92 मामलों में 7 निस्तारित

मड़ियाहूँ। स्थानीय तहसील परिसर स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कुल 92 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी लाल बहादुर, तहसीलदार राम सुधार, क्षेत्राधिकारी चोब सिंह, नायब तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दबंग सूदखोरों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

रामपुर। दबंग सूदखोरों के मकड़जाल में फंसे बेबस और लाचार लोगों को मुक्त कराने के लिए पुलिस ने गत शुक्रवार से अभियान चलाया है। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष चंदन राय ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। दबंगों के खौफ से जो लोग शिकायत करने सामने नहीं आ पाते हैं उनके लिए थाने से व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी की निगरानी में सूदखोरों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए एक सेल का गठन किया जायेगा। शिकायत मिलने पर सूदखोरों पर मनी लांड्रिंग एक्ट में मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सूदखोरों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लाइसेंस और गैर लाइसेंस वाले साहूकारों की सूची तैयार की जा रही है। बगैर लाइसेंस सूदखोरी का धंधा करने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज होंगे और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

संक्षेप

दहेज हत्या के आरोपी पति समेत तीन गिरफ्तार

खेतासराय। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में फरार चल रहे पांच आरोपियों में शनिवार को पति समेत तीन ससुरालीजनों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि टिकरी खुर्द गांव में 26 मई की रात एक गर्भवती महिला की जिला अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बद्दोपुर निवासी महावीर ने पुत्री खुशबू के मौत का जिम्मेदार उसके ससुराल वालों को बता रहे थे। घटना के अगले दिन महावीर ने मृतका के पति, सास, ससुर समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। आरोपियों के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 304बी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। आरोपियों में पति सचिन, ससुर बेचन और जेठ विजय को पुलिस ने सुबह कलापुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। सास और जेठानी अभी भी फरार हैं।

दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुंगराबादशाहपुर-प्रयागराज मार्ग पर कोदहू के पास शनिवार को अपरान्ह करीब दो बजे दो बाइकों की आमने सामने से हुई भिड़ंत में थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनडीह निवासी 22 वर्षीय एक बाइक चालक शिवम सरोज पुत्र राकेश सरोज की जहां घटनास्थल पर मौत हो गयी। वही दूसरा बाइक चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया। बताते हैं कि शिवम बाइक से मुंगराबादशाहपुर आ रहा था इतने में एक बाइक पर सवार दो युवक प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही कोदहू के पास पहुंचे तभी दोनो की आमने सामने से भिड़ंत हो गयी जिसमें शिवम के सिर में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी वहीं दूसरा बाइक चालक मौका मिलते ही चंपत हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रवाना किया।

शादी के दिन प्रेमी के साथ फरार हो गयी दुल्हन

पवांरा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में गुरुवार को बारात आनी थी और परिवार के लोग शादी की तैयारियों में जुटे थे कि उसी दिन भोर में दुल्हन गायब हो गयी। बाद में पता चला कि दुल्हन अपने ही गांव के प्रेमी राहुल कन्नौजिया के साथ फरार हो गयी है। घर में चल रही शादी की तैयारियां सन्नाटे में बदल गयी और दुल्हन के घर वालों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। धीरे-धीरे दूल्हे के परिजनों को दुल्हन के भागने की जानकारी मिली तो उन्हें भी धक्का लगा मानों जैसे घर में मातम छा गया। शाम को बारात आयी और घराती-बराती की सूझ-बूझ से दुल्हन के पिता की बहन से दूल्हे का विवाह बड़े धूमधाम से हुआ। शनिवार को युवती के पिता ने थाने में लड़की के भागने की तहरीर दी। वहीं पुलिस ने बताया की युवती का अपने ही गांव के राहुल कन्नौजिया से काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन एक ही गांव के व अन्तरजातीय होने के कारण दोनों के परिजन शादी करने को तैयार नहीं थे और शादी के दिन ही भोर में दोनों फरार हो गये। युवती अपने साथ शादी के गहने भी लेकर गयी है।

फायरिंग कर रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

सुइथाकला। क्षेत्र के अरसियां बाजार में बीते शुक्रवार की शाम बाइक सवार बदमाशों द्वारा असलहे से फायरिंग कर बाजार निवासी एक दुकानदार से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है जबकि मौके पर पहुंची पुलिस सूचना को फर्जी बता रही है। बताया जाता है कि बाजार निवासी रामदास चौरसिया द्वारा लिखित रूप से तहरीर में आरोप लगाया कि रात आठ बजे वे अपने भाई भगवान दास के साथ भोजन करने के बाद सोने जा रहा था, उसी दौरान बाइक सवार मुंह बांधे दो बदमाश आए और सिर पर असलहा सटाकर 25 हजार रुपए की मांग की। शनिवार को पैसा देने की बात कहते हुए हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। पीड़ित का माने तो इसके पूर्व भी आधा दर्जन की संख्या में आए लोग दुकान को खाली करने की धमकी दे रहे थे लेकिन बाजारवासियों के कारण वापस लौट गए। लोगों में घटना को लेकर काफी आक्रोश है। जबकि पुलिस फायरिंग की घटना को फर्जी बताते हुए मामला दुकान खाली कराने के लिए आपसी विवाद बता रही है से साफ इनकार कर रही है। प्रभारी प्रेम शंकर ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने परिसर में निकाला साइकिल मार्च

विश्व साइकिल दिवस पर मार्च निकालते एनएसएस स्वयंसेवक

जौनपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा परिसर में साइकिल रैली निकाली गई।? राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परिसर में साइकिल रैली का आयोजन किया।

इसमें कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस मनाने का निर्देश भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. राजबहादुर, पूर्व समन्वयक प्रो. राकेश कुमार यादव, कुलपति के निजी सचिव डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सुदर्शन एवं ईश्वर चंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

नकदी सहित लाखों के गहने चोरी

खुटहन। लवायन गांव में शुक्रवार की रात नव निर्मित मकान में घुसे चोरों ने भीतर रखा बाक्स खोलकर सत्रह हजार नकदी सहित लगभग डेढ़ लाख के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी दूसरे दिन सुबह होने पर गृहस्वामिनी ने पड़ोस के ही दो सगी बहनों सहित चार के खिलाफ चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। गांव निवासी मिन्ता देवी पत्नी नन्हकू बिंद ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके घर के भीतर लोहे के बाक्स में रखे सोने की चेन, अंगूठी, झाली तथा चांदी की चार लरी, हाथ मेंहदी, करधन, पायल व सत्रह हजार रुपए रात में बाक्स तोड़कर चोरी हो गया। घटना से एक दिन पूर्व पड़ोस की दो सगी बहनें उसके घर आयीं थी। उन्होंने भीतर की सभी जानकारियां जुटाकर पड़ोस के दो युवकों को बताया। उनकी निशानदेही पर दोनों युवक बाक्स में रखा नकदी व गहना चुरा लिए हैं। पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है।

विद्युत ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर सभासदों ने दिया ज्ञापन

मांग

समस्या के समाधान के लिए सांसद ने दिया आश्वासन

मछलीशहर। नगर के महतवाना मोहल्ला स्थित सिन्हा रोड पर लगे 400 केवी के ट्रांसफार्मर से कुल 5 वार्डों को आपूर्ति दी जाती है जिस कारण ट्रांसफार्मर भारी लोड के कारण आए दिन ट्रिप कर जाता है और उसकी खूंटी तथा जंपर प्रतिदिन जलते रहते हैं।

बीती गर्मी में उक्त ट्रांसफार्मर तीन बार जल गया था। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा और पुरानी बाजार के सभासद प्रतिनिधि प्रिंस कुमार गुप्ता उर्फ लालू और नंदलाल का पूरा की महिला सभासद के पुत्र प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार ने क्षेत्रीय भाजपा सांसद बीपी सरोज से मुलाकात कर एक अतिरिक्त ढाई सौ केवी के ट्रांसफार्मर के स्थापना के लिए ज्ञापन दिया। सांसद को बताया गया कि उक्त ट्रांसफार्मर से महतवाना, पूरा नंदलाल, सराय, पुरानीबाजार और सैयदवाड़ा वार्डों की आपूर्ति की जा रही है जिसके कारण उक्त ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पा रहा है। ट्रांसफार्मर से निकली लाइन अंतिम छोर तक पहुंचते-पहुंचते बिल्कुल धीमी हो जाती है और इस कारण लो-वोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है। स्वयं विभाग के अवर अभियंता अभिषेक केसरवानी ने विभागीय पत्र लिखकर ढाई सौ केवी के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग पिछले वर्ष की थी जो कि एक वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो पाई। भाजपा जनों और सभासदों के द्वारा उठाई गई समस्या को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने उन्हें आश्वस्त करते हुए अधीक्षण अभियंता को फोन करके निर्देश दिया और साथ ही अधिकारिक पत्र भी लिखा है।

सांसद को ज्ञापन सौंपते सभासद

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

सम्मानित हुए मेधावियों संग अतिथिगण

मुंगराबादशाहपुर। नगर में स्थित रिलायंस ट्रेडर्स शॉपिंग मॉल की तरह से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज सुजानगंज, बीएलपीएन इंटर कॉलेज, विज्ञान संजीवनी इंटर कॉलेज मुंगराबादशाहपुर विद्यालयों में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 75 से 98% अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं में सम्मानित किया गया।

इनमें कक्षा 10 की छात्रा श्रेया उपाध्याय, वैष्णवी, अंजलि, आकांक्षा, शाम्भवी, खुशी, अविनाश, नंदिनी, साक्षी ब इंटरमीडिएट में छाया पटेल, आयुषी, विकास कुमार, रुचि, मानसी, रिया, दिव्या, सुकृति व प्रतिभा आदि को मुख्य अतिथि डॉ. तुलसी प्रसाद जायसवाल व विशिष्ट अतिथि स्टोर मैनेजर उत्कर्ष सिंह ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. तुलसी प्रसाद जायसवाल ने कहा कि कड़ी मेहनत करने वाले कभी निराश नहीं होते। युवाओं का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास ही हमारे आने वाले कल का सुखद भविष्य होगा। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या राजबाला सिंह ने बेटियों की शिक्षा पर बल देते हुए कहाकि बेटियों को शिक्षित जरूर करें क्योंकि बेटियां दो कुल को रोशन करती हैं। आयोजक स्टोर मैनेजर उत्कर्ष सिंह ने मेधावी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन मैनेजर उत्कर्ष सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. राहुल जायसवाल, डॉ. रोहित जायसवाल, धीरज तिवारी, महेंद्र सिंह, सुशील मिश्रा प्रधानाचार्य पंकज खन्ना व शिवम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

बुजुर्ग हमारी धरोहर है, उनका सदैव सम्मान होना चाहिए : राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर। घर में किसी बड़े बुजुर्ग का होना भगवान के होने जैसा है। उनका आशीर्वाद हमे सतत आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। बड़े बुजुर्ग हमारी धरोहर है उनका सदैव सम्मान होना चाहिए। उपरोक्त बातें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष जौनपुर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित स्वजातीय बंधुओ को संबोधित करते हुए कही।

ज्ञात हो कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. कैलाश नारायण सारंग के जन्म जयंती पर मातृ पितृ भक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सरोज श्रीवास्तव ने कहा कि सारंग पूरा जीवन कायस्थों के लिए जिये, उनका सपना था कि कश्मीर से कन्या कुमारी तक कायस्थ एक जुट हों। उनका व्यक्तित्व अनुकरणीय है। संजय श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव बच्चा, शशि श्रीवास्तव गुड्डू, एससी लाल, दया शंकर निगम आदि वक्ताओं ने स्व. सारंग के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कायस्थ समाज के संतोष कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, शरद श्रीवास्तव एडवोकेट, योगेश चंद्र श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, शिव पूजन अस्थाना को अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अयोध्या की दिवंगत छात्रा अनन्या श्रीवास्तव के लिए दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही सरकार से मांग की गई कि अनन्या को न्याय मिले और दोषियों को सजा दी जाय। इस अवसर पर श्याम रतन श्रीवास्तव, जय आनंद, शशि श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव चुम्मन, राकेश श्रीवास्तव चुन्नू, पंकज श्रीवास्तव हैपी, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक, राजेश श्रीवास्तव गुलगुल, दिनेश श्रीवास्तव, मिलन श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

समय से करायें इलाज, लें अच्छी डाइट तभी होगा टीबी मुक्त भारत : सीएमओ

वितरण

सरजू प्रसाद संस्था में क्षय रोगियों को बांटे गये पौष्टिक आहार किट

क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित करते अतिथिगण

जौनपुर। सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी के तत्वाधान में टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट वितरित करते हुए जागरूक किया गया।

15 मई से 6 जून तक 21 दिवसीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हम सबने टीबी मुक्त भारत के लिए प्रण लिया है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की घोषणा 2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाना है तो किसी को भी 15 दिन से ज्यादा खांसी आ रही है, सांस लेने में तकलीफ हो तो निःशुल्क जांच स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर कराएं। मर्ज को छुपाने की जरूरत नहीं है समय से इलाज कराने अच्छा डाइट लेने पर पूर्ण सुधार हो जाता है। गोद लिए गये टीबी मरीजों को अच्छे पोषण मूंगफली, चना गुड़, सत्तू तिल, बॉर्नवीटा प्रतिमाह दिया जाता है मरीज समय से दवा और डाइट लें ताकि टीबी मुक्त भारत बनाया जा सके। मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने पोषण किट वितरण का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए कहाकि टीबी की पहचान लक्षणों से की जाती है। 15 दिन से ज्यादा खांसी आना, बलगम में खून आना, शाम के वक्त पसीने के साथ बुखार आना, पेट में दर्द रहना, भूख न लगना, वजन कम होना यह लक्षण अगर किसी को है तो टीबी हॉस्पिटल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं। टीबी की पहचान होने पर मुफ्त दवा दी जाती है। पोषण के लिए निशुल्क दवा के साथ-साथ 500 रूपये भी दिए जाते हैं। उक्त अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजीव यादव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सत्यव्रत त्रिपाठी, मलेरिया अधिकारी बीपी सिंह, डॉक्टर दिनेश एसटीएस नवीन सिंह, अनिल कुमार सिंह, अतुल सागर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। आगे भी संस्था इन मरीजों के प्रति समर्पित रहेगी।

203 वाहनों का चालान, सात डग्गामार के विरुद्ध भी कार्रवाई

ई-रिक्शा चालकों को निर्देश देते यातायात प्रभारी

जौनपुर। यातायात पुलिस ने शनिवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का पालन न करने पर 203 वाहनों चालान कर दिया। इस दौरान सात डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की। लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।

सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि यातायात प्रभारी निरीक्षक जीडी शुक्ला के नेतृत्व में शहर के मुख्य स्थानों पर सघन चेकिंग में यातायात नियमों का पालन न करते पाए जाने पर 207 वाहनों का चालान किया गया। चेकिंग के दौरान बुलेट के साइलेंसर में तेज व पटाखा जैसी आवाज होने पर भी कार्रवाई की गई। इसी के साथ ही अवैध टैक्सी, बस व आटो रिक्शा पर चेकिंग में सात डग्गामार वाहनों का चालान किया गया। निर्धारित रूट की बजाय अन्य रोड पर चलते पाए जाने पर 42 ई-रिक्शा बंद किए गए। ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित रोड पर चलने की हिदायत दी गई। पॉलिटेक्निक चौराहा पड़ाव पर अनेक स्थानों के लिए जाने वाले ऑटो रिक्शा चालकों को एकत्र कर रोड पर वाहन व्यवस्थित रूप से खड़ा करने की हिदायत दी गई। साथ ही आटो रिक्शा खड़ा करने के लिए सुरक्षित स्थान निर्धारित कराया गया।

गांवों में बूथ कमेटी का करें गठन : लालजी वर्मा

बैठक

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में राष्ट्रीय महासचिव ने कहा

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक लालजी वर्मा रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की पहचान उनके कार्यकर्ताओं से है। देश में जितनी भी राजनीति पार्टियां है अगर सबसे मजबूत किसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं तो वह समाजवादी पार्टी के हैं। आज एक मजबूत संगठन तैयार करने का लक्ष्य समाजवादी पार्टी ने बनाया है। मुझे जौनपुर का प्रभार सौंपा गया है और हर बूथ पर मजबूत संगठन कैसे तैयार हों इस विषय पर हर छोटे बड़े कार्यकर्ताओं से राय ली जायेगी। बूथ तक एक मजबूत संगठन तैयार करके 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मानना है कि जो हमारा बूथ का कार्यकर्ता है वह सबसे बड़ा नेता है जो अपना बूथ जिताकर विधायक व सांसद बनाता है और कार्यकर्ताओं का सम्मान ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहाकि समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को जिस तरह चिन्हित कर भाजपा सरकार शोषण कर रही है, फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है और समाजवादी पार्टी कमजोर करने की साजिश रची जा रही है लेकिन हमारे मजबूत कार्यकर्ता जो उनके इस प्रताड़ना से डरने वाले नहीं है। अपने बूथों पर डटकर वह भाजपा के निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। हर विधानसभा में हम बैठक करेंगें और बूथ स्तर की समीक्षा करेंगे। वरिष्ठ नेतागण गांव-गांव में बैठक कर बूथ कमेटी का गठन करने का काम करे। जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने का काम करें। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव, डा. रागिनी सोनकर, पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, शैलेन्द्र यादव ललई, लाल बहादुर यादव, राजनरायन बिन्द, श्रद्धा यादव, दीपचंद सोनकर, राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी, विवेक रंजन, मनोज मौर्या, अनवारुल गुड्डू आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महासचिव ने किया।

सपा की मासिक बैठक को सम्बोधित करते राष्ट्रीय महासचिव लालजी वर्मा

पुण्यतिथि पर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

जनसंदेश न्यूज

अस्पताल में मरीजों को फल बांटते लोग

जौनपुर। प्रमुख समाजसेवी और श्री शारदा शक्तिपीठ (मैहर देवी मंदिर) के मुख्य ट्रस्टी रहे महंत सूर्य प्रकाश जायसवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में फल वितरण भी किया गया। पुण्य तिथि पर अस्पताल परिसर में जुटे स्मृति शेष सूर्य प्रकाश जायसवाल के पारिवारिक सदस्यों, मंदिर प्रबंधन से जुड़े कर्मियों और उनके अभिन्न रहे कुछ प्रमुख लोगों ने फल वितरण में हिस्सा लिया। दोनों अस्पतालों में भर्ती सभी मरीजों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ एवं सफाई कर्मचारियों को भी फल बांटे गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार जायसवाल, कर्मचारी नेता निखिलेश सिंह, उद्यमी सीएस सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद उपाध्याय, व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, जेब्रा संस्था के अध्यक्ष संजय सेठ, मैहर देवी मंदिर के प्रबंधक आशुतोष जायसवाल, नितिन जायसवाल, अमरजीत आदि लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। प्रिंटिंग प्रेस एवं फ्लैक्स एसोसिएशन के संरक्षक और स्व. सूर्य प्रकाश जायसवाल के सुपुत्र रमाकांत जायसवाल (कवि) ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

संक्षेप

मुकदमा वापस लेने तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

ज्ञानपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ज्ञानपुर भदोही के अध्यक्ष रविंद्र नाथ मिश्र की अध्यक्षता में व महासचिव सन्तोष कुमार दुबे के संचालन में शनिवार को बार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब तक अधिवक्तागणों के ऊपर से दर्ज एफआइआर वापस नहीं लिया जाता तब तक अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहकर आंदोलन करते रहेंगे। ज्ञात हो कि 25 मई को बार एसोसिएशन के भवन निर्माण के लिए धन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। अधिवक्तागणो ने आरोप लगाया कि उनकी आवाज दबाने के लिए एफआईआर दर्ज कराया गया जो की निंदनीय हैं।

क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 45 की पुनर्मतगणना 17 को

भदोही। उप जिलाधिकारी भदोही डॉ. केएस पांडेय ने बताया कि विकास खंड भदोही के क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 45 की पुनर्मतगणना 17 जून को होगी। अपर जिला न्यायाधीश (कक्ष संख्या-एक) के आदेश के अनुपालन में क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 45 का परिणाम शून्य घोषित करते हुए पुनर्मतगणना का आदेश दिया गया है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश पारित किया है। अदालत द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में पुनर्मतगणना का कार्य विकास भवन ज्ञानपुर स्थित सभागार कक्ष में किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारी के निर्देशन में नियुक्त मतगणना कार्मिकों द्वारा 17 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से पुनर्मतगणना करवाई जाएगी।

परिणाम घोषित होने के बाद आयोग नहीं करेगा कोई हस्तक्षेप

भदोही। निकाय चुनाव पूरी तरह से संपन्न हो चुका है। यदि किसी को पुनर्मतदान और पुनर्मतगणना से संबंधित कोई शिकायत है तो वह सक्षम न्यायालय की शरण में जा सकता है। यह जानकारी देते हुए सीडीओ यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि निकाय चुनाव पूरी तरह से संपन्न हो गए हैं। आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई है। बावजूद इसके अभी तक पुनर्मतदान और पुनर्मतगणना के आवेदन निर्वाचन आयोग को प्राप्त हो रहे हैं। इस मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नगर निकाय निर्वाचन-2023 में नियुक्त निर्वाचन अधिकारी का अधिकार क्षेत्र उसी समय समाप्त हो जाता है, जब निर्वाचन परिणाम घोषित कर दिया जाता है। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग का किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं बनता है।निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद यदि कोई विवाद या असंतुष्टि की स्थिति बनती है तो उसके लिए संबंधित अधिकृत न्यायालय में प्रत्याशी याचिका दायर कर सकता है। सीडीओ ने बताया कि नगरीय निकाय के घोषित निर्वाचन परिणाम के विरुद्ध आयोग में प्रत्यावेदन देने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि निर्वाचन परिणाम को चुनौती देना है तो सक्षम न्यायालय में ही निर्वाचन याचिका दायर की जा सकती है।

34 एटीएम कार्ड संग धरे गए चार जालसाजों पर गैंगस्टर ऐक्ट का केस दर्ज

भदोही। विभिन्न बैंकों के 34 एटीएम कार्ड, घटनाओं में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल और दो असलहे के साथ धरे गए जालसाज गिरोह के चार शातिरों के ऊपर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है। बीते दिनों इस गिरोह के सरगना समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एटीएम फ्रॉड गिरोह के सदस्यों के खिलाफ प्रयागराज, वाराणसी, मिजार्पुर व जौनपुर में गैंगस्टर, कातिलाना हमला, चोरी, डकैती, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट व आयुध अधिनियम के ढाई दर्जन केस दर्ज हैं। कोइरौना पुलिस ने बताया कि संगठित होकर एटीएम कार्ड बदलकर नगदी उड़ाने वाले गिरोह चार पेशेवर अपराधियों में गैंगलीडर मनीष सिंह पुत्र हवलदार सिंह निवासी कोछिया, सुरियावां, किशन सिंह उर्फ उदय प्रताप सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह कपूरीपट्टी, अंकित यादव उर्फ साहिल पुत्र लाल बहादुर यादव भेलसी, हंडिया, प्रयागराज और दीपक यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी बिलारी, हंडिया, प्रयागराज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह गिरोह पासवर्ड देखकर एवं एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकाल लेने के साथ-साथ चोरी-छिनैती की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंगलीडर मनीष सिंह के खिलाफ भदोही, मिजार्पुर, जौनपुर, वाराणसी में विभिन्न धाराओं वाले कुल दस मामले दर्ज हैं। इसी तरह जालसाज दीपक यादव के खिलाफ जौनपुर, प्रयागराज, भदोही, वाराणसी में 10 मामलों का आरोपी है। जबकि अंकित यादव उर्फ साहिल के खिलाफ प्रयागराज, भदोही, वाराणसी में पांच और किशन सिंह उर्फ उदय प्रताप सिंह के खिलाफ मिजार्पुर, भदोही और वाराणसी में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

टिकट के लिए धन देने का लगाया आरोप तो मिला 5 करोड़ का नोटिस

भदोही। कारोबारी से नेता बनने के लिए आये विनीत जायसवाल उर्फ राजू को 5 करोड़ का नोटिस भेजा गया है। नगर के हरियांव बघेल छावनी निवासी एवं भाजपा काशी प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री आशीष सिंह बघेल पुत्र स्व.आनंद सिंह बघेल ने विनीत जायसवाल उर्फ राजू, उनकी पत्नी रीना जायसवाल व एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ को लीगल नोटिस भेजा है। तीन दिन के अंदर झूठे आरोप का खंडन न करने पर उनके द्वारा मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक क्षति होने की स्थिति में 5 करोड़ रुपए का दावा न्यायालय में दाखिल किया जाएगा।

पिछले दिनों सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में भदोही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद हेतु विनीत जायसवाल उर्फ राजू ने अपनी पत्नी रीना जायसवाल के लिए भाजपा का टिकट लेने का आवेदन किया था। आशीष सिंह बघेल के द्वारा तीनों लोगों को भेजें गए लीगल

नोटिस

कारोबारी से नेता बनने आए राजू जायसवाल तथा उनकी पत्नी को भाजपा नेता ने भेजा 5 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस

नोटिस में आरोप लगाया है कि कथित तौर पर भाजपा का टिकट रीना जायसवाल को दिलवाने के लिए 35 लाख रुपए से अधिक दीनानाथ भास्कर, रविंद्र नाथ त्रिपाठी, हौसला प्रसाद पाठक के साथ दिया है। दोनों लोगों का यह कथन उस समाचार पत्र में छपा है तीनों किस्तों में कुल 73 लाख रुपया दीनानाथ भास्कर, रविंद्र नाथ त्रिपाठी, हौसला प्रसाद पाठक, आशीष सिंह बघेल व पप्पू तिवारी को दिया। बाद में 5-5 लाख रुपया लौटा दिया गया। यह सारी बातें बिल्कुल गलत एवं झूठी है। दोनों ने झूठी बातों को प्रकाशित कराकर झूठा लांछन लगाया है। उनके द्वारा भाजपा के उच्च पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के यहां भी लेटर भेजा गया है। ताकि मेरी सामाजिक, पारिवारिक, राजनीतिक प्रतिष्ठा की अपहानि हो जाएं। आशीष सिंह बघेल ने अपने लीगल नोटिस में लिखा है कि नोटिस पाने के तीन दिन के अंदर उक्त प्रकार का जो भी झूठा लांछन लगाया गया है। उसे समाचार पत्रों में छपवाया और प्रकाशित करवाया गया है। तमाम यूट्यूब चौनलों में चलवाया है। तमाम लोगों में अन्य प्रकार से उक्त लांछन सम्प्रसारित किया और कराया जा रहा। उसे तत्काल बंद किया जाए। उसका खंडन नहीं किया गया तो तीनों लोगों के विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दाखिल किया जाएगा। इससे मेरी सामाजिक, राजनीतिक, पारिवारिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। साथ ही मानसिक, शारीरिक, सामाजिक व आर्थिक के रुप में करीब 5 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। इसको लेकर न्यायालय में दावा दाखिल किया जाएगा।

सिंगल यूज प्लास्टिक की धड़ल्ले से बिक्री कर रहे थोक दुकानदार

लालानगर। गोपीगंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पॉलीथिन की बिक्री थोक व्यापारीयो द्वारा धड़ल्ले से होता दिखायी पड़ रहा है। जहां गोदामों में पॉलिथीन को काफी ज्यादा मात्रा में स्टोर करके रखे हुए हैं ऐसे में माना जाए तो सरकारी आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। ज्ञात हो कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कितनी बार अभियान चलाकर पॉलिथीन को कब्जे में लिया गया लेकिन उसका अभी तक कोई ज्यादा प्रभाव लोगों में दिखाई नहीं पड़ रहा है। जहां ठेले खोमचे से लेकर थोक एवं फुटकर दुकानदार खुलेआम पॉलिथीन का प्रयोग करने में लगे हुए हैं, ऐसे में शासनादेश का उल्लंघन लोगों द्वारा भली प्रकार से किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पॉलिथीन लोगों द्वारा इस्तेमाल करने के बाद सड़कों पर फेंक दिया जा रहा है जिसका खामियाजा सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को भुगतना पड़ता है। बता दें कि सड़कों पर फेंके गए पॉलिथीन में खाने-पीने की चीजें होने के कारण आवारा पशु उसको अपना निवाला बना ले रहे हैं और उसके बाद उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

संक्षेप

ट्रक से तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 20 गोवंश बरामद चालक फरार

जौनपुर। सिकरारा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रक से तस्करी के लिए ले जा रहे 20 गोवंशों को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे गो तस्करों के विरूद्ध अभियान के क्रम में शनिवार को सिकरारा पुलिस क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक पर गोवंश को लादकर गोतस्करी हेतु इलाहाबाद-जौनपुर हाईवे पर वाराणसी होते हुए बिहार गोवध के लिए ले जा रहे है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास करके बीबीपुर मोड़ के पास पुलिस वहां पहुंची और आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग करने लगी। चेकिंग के दौरान एक ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उक्त ट्रक को रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक वाहन को बीबीपुर मोड़ पर हाइवे किनारे खड़ा करके गाड़ी से कूदकर झाड़ियों में भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर चालक को पकड़ने का प्रयास किया गया, किन्तु अंधेरे एवं झाड़ियो का फायदा उठाते हुये ट्रक चालक भागने में सफल रहा। वापस आकर टार्च की रोशनी में ट्रक पर चढ़कर पुलिस कर्मियों ने देखा तो उसमें 20 गोवंश जिसमें 17 गाय, 2 बछड़े व 1 बछिया जो जीवित थे उक्त पशुओं को कर्मियों की मदद से ट्रक से नीचे उतारकर अलग-2 करके पानी पिलाकर बगल के बगीचे में रखा गया। तत्पश्चात निजामुद्दीनपुर गोशाला में भेजवाकर चारा-पानी की व्यवस्था की गयी। पशु व ट्रक बरामदगी के पश्चात थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 124/2023 धारा 3/5अ/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का थाना सिकरारा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

वारंटी गिरफ्तार

मड़ियाहूँ। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने शनिवार की सुबह 5:30 बजे एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारंट के क्रम में शनिवार को थाना क्षेत्र के कनावा गांव निवासी आशीष पुत्र श्याम जीत को शनिवार को सुबह 5:30 बजे उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया।

बंद मकान में चोरी के मामले में 12 दिन बाद दी गई नामजद तहरीर

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के चकनिरंजन गांव में पिछले माह हुई चोरी के मामले में पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बारे में राहुल तिवारी ने बताया कि वह चार भाई है और सभी भाईयों का पूरा परिवार मुम्बई में रहता है। 21 मई को वह जब मुम्बई से घर पहुंचे तो देखा उनके मकान के अंदर के कमरों के सभी दरवाजों के ताला टूटा था और कमरों में रखे सामान गायब थे। जिसकी सूचना उसी दिन पीआरबी पुलिस को दी गई थी और पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची थी। चोरी में उनके चारो भाइयों के शादी में मिले पीतल तांबे और स्टील के सभी बर्तन के अलावा दो सिलेंडर, एक सीलिंग फैन, दो फरार्टा फैन, लगभग 7 दर्जन साड़ियां चोरी हुई थी। उक्त मामले में 12 दिनों के बाद पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने बताया चोर खाना बनाने खाने के लिए भी एक बर्तन नही छोड़े थे।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक 5 को

भदोही। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक 5 जून को प्रातः 9:00 औराई क्षेत्र के कुरौना गांव में सूर्यनाथ बिंद के आवास पर होगी। जिसमें तहसील एवं ब्लाक कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं क्रियाशील सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है, अन्यथा उन्हें पद मुक्त समझा जाएगा। यह जानकारी जिला अध्यक्ष मल्लू राम बिंद एवं महासचिव श्याम धर सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

सुरियावां रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव

सुरियावां। रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जहां पेयजल के लिए संकट है वहीं पर शौचालय में भी एक बूंद पानी नहीं है। ताला लगा हुआ है और दूसरी तरफ देखे तो यात्रियों की बैठने के लिए समुचित व्यवस्था भी नहीं है ना तो छाया ही हैं। पश्चिम भाग में टिनसेड तो बना दिया गया है लेकिन सीट की व्यवस्था नहीं की गई है। प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर हैंडपंप तो लगे हैं लेकिन साल भर से यह खराब हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने कहा है कि कई बार रेल मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट कराया गया स्थानीय प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। इसके बाद भी रेलवे स्टेशन सुरियावा की मूलभूत समस्याएं पेयजल, शौचालय, सीट की व्यवस्था, कई ट्रेनों के ठहराव की समस्या को लेकर पूरी तरह से यहां के नागरिक आक्रोश में है।

राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम स्थलीय निरीक्षण कर कराए निस्तारणः सीडीओ

सम्पूर्ण समाधान दिवस

जनपद के तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं

सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियो की सुनवाई करते अधिकारीगण

भदोही। जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील भदोही में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कृपाशंकर पाण्डेय, तहसील औराई में अपर जिलाधिकारी कुंवर विरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी योगेन्द्र कुमार साहू एवं तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर आकाश कुमार व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को सुन कर निस्तारण किया। उपस्थित अधिकारियो के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील भदोही में कुल 26 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया।

जिसमें से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 4 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 22 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान में आए ज्यादातर शिकायत जमीन, राजस्व विवाद, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के चयन में अनियमितता तथा राशन कार्ड बनवाने से सम्बन्धित रहें। इसी क्रम में तहसील औराई में अधिकारियो द्वारा कुल 73 प्रार्थना पत्रो में 06 का निस्तारण तथा तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी द्वारा कुल 28 प्रार्थना पत्रो में 07का निस्तारण किया गया।

विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गयी जनजागरूकता रैली

जौनपुर। विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर एक विशाल जनजागरुकता साईकिल रैली को नोडल अधिकारी एनसीडी डा. राजीव कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त साईकिल रैली टीबी चिकित्सालय से अम्बेडकर तिराहा होते हुये पुनः चिकित्सालय परिसर पर समाप्त हुई। उक्त रैली में कुवंर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस वर्ष विश्व साइकिल दिवस की थीम पर नोडल अधिकारी एनसीडी डा. राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 3 जून को विश्वभर में विश्व साईकिल दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राज्य महासभा ने साल 2018 में 3 जून को वर्ल्ड साईकिल डे मानाने की घोषणा की थी। इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को साईकिल के महत्व के बारे में समझाना है। साईकिल हमारे पर्यावरण के लिये फायदेमंद है तथा साईकिल चलाना स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है। ऐसे में साईकिल का हमारे जीवन में अहम स्थान है। इससे डीजल, पेट्रोल का कम दोहन होने के साथ ही शहर का प्रदूषण स्तर भी कम होता है। साईकिल चलाने से वजन कम करने से लेकर मांशपेशियों को मजबूती तथा अच्छा व्यायाम एवं शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है। साईकिल चलाने वाले लोग मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की बीमारियों से दूर रहते है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. डीके सिंह द्वारा बताया गया कि साईकिल चलाना एक तरह का योग है जिससे व्यक्ति को मानसिक बीमारियों से दूर रहने में मदद मिलती है। इस प्रकार साइकिल चलाना मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

सभी जनपदवासियों को प्रतिदिन कम से कम 1 घण्टें साईकिल चलाने की अपील की गयी। उक्त रैली में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एससी वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. डीके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी, एनसीडी सेल से एफएलसी जयप्रकाश गुप्ता, कुलदीप श्रीवास्तव, विवेक मौर्या तथा कार्यालय के अन्य कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गैंगस्टर ऐक्ट के तहत करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क

होटल को सील करते कोतवाल

कार्रवाई के दौरान नोटिस लगाते पुलिसकर्मी

जनसंदेश न्यूज

संपत्ति कुर्क

जितेंद्र यादव पर सरकारी व अन्य की जमीन कब्जा करने का था आरोप, एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने बताया कि यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है

जौनपुर। शहर कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के आदेश पर एसडीएम सदर के साथ मौके पर पहुंचकर सिटी रेलवे स्टेशन के पास गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त जितेंद्र यादव की पत्नी कर्मावती यादव के नाम से तीन करोड़ के एक होटल की संपत्ति को कुर्क कर अपने कब्जे में ले लिया है। गौरतलब है कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सहजनपुर गांव निवासी जितेंद्र यादव के विरुद्ध अवैध रूप से सरकारी जमीन के साथ-साथ अन्य लोगों की जमीन पर कब्जा करने का आरोप था। प्रशासन ने इसके पहले भी जितेंद्र यादव व उसके परिजनों के नाम से अवैध संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की थी। एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने बताया कि यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है। गौरतलब है कि जितेंद्र यादव के भाई बाला यादव जो कि समाजवादी पार्टी से सभासद थे उनकी सिटी रेलवे स्टेशन पर हत्या भी हो चुकी है। उसके बाद से जितेंद्र यादव ही उनका पूरा कारोबार देखा करते थे। समाजवादी पार्टी से नाता होने के चलते इस कार्रवाई पर लोग कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर रहे हैं।

पांच जून को तहसील सभागार में करवाएं व्यय लेखा रजिस्टर की जांच

निकाय चुनाव

सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए व्यय की गई धनराशि का विवरण व बाउचर मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में कराएं जमा

ज्ञानपुर। निकाय चुनाव के बाद जिन-जिन प्रत्याशियों ने अभी तक अपने व्यय लेखा रजिस्टर की जांच नहीं करवाई है, वह आगामी पांच जून को स्थानीय तहसील सभागार में व्यय लेखा रजिस्टर की जांच करवाएं, साथ ही चुनाव में खर्च की गई धनराशि का विवरण, बाउचर सीटीओ कार्यालय में जमा करवाएं। सीटीओ ने बताया कि निर्वाचन समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों को तीन माह के भीतर निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा रजिस्टर, बाउचर सहित जनपद स्तरीय व्यय अनुश्रवण कमेटी को उपलब्ध कराया जाना है। बताया कि व्यय लेखा रजिस्टर की प्रथम जांच 22 मई एवं दूसरी जांच 26 मई को की गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद भदोही में अध्यक्ष पद के 12 प्रत्याशी व सदस्य पद के 172 प्रत्याशियों ने अपने निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अध्यक्ष के चार व सदस्य के 62, नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष 5, सदस्य 29, घोसिया में अध्यक्ष के तीन, सदस्य 36, खमरिया में अध्यक्ष 23, सदस्य 44, नई बाजार में अध्यक्ष आठ व सदस्य 46, सुरियावां अध्यक्ष के छह व सदस्य 47 प्रत्याशियों ने अभी तक निर्वाचन व्यय रजिस्टर की लेखा जांच नहीं करवाई और व्यय लेखा रजिस्टर जमा नहीं किया। मुख्य कोषाधिकारी ने जिले के सातों निकायों के अध्यक्ष व सदस्य प्रत्याशियों को तृतीय (अंतिम जांच) जांच के लिए पांच जून, 2023 को संबंधित तहसील सभागार में पहुंचने के लिए कहा है। व्यय लेखा रजिस्टर की जांच सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक की जाएगी।

52 बीघा तालाब पर चला सफाई अभियान

ज्ञानपुर। मिशन लाइफ के मद्देनजर शनिवार को जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बीएसए के नेतृत्व में सभी शिक्षा कार्यालयों, बेसिक स्कूलों में, जिला क्रीडाधिकारी के नेतृत्व में स्पोटर्स स्टेडियम मूसीलाटपुर में जागरूकता कुश्ती, जिला युवा कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में विकास खंड सुरियावां में 52 बीघा तालाब पर युवक मंगल दल व प्रादेशिक विकास दल द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम व वृक्षारोपण किया गया, साथ ही साइकिल रैली निकाली गई।

बावन बीघा तालाब की साफ-सफाई करते युवक

मिशन लाइफ

युवक मंगल दल व प्रादेशिक विकास दल ने निकाली साइकिल रैली, किया पौधरोपण

बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि जनपद के सभी बीईओ द्वरा बीआरसी पर हरित मिशन अभियान को साकार बनाया जा रहा है। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के दृष्टिगत मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण आधारित विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में प्राथमिक महमदपुर में चल रहे समर कैंप में सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ ली गई।

जिला क्रीडाधिकारी के नेतृत्व में स्पोटर्स स्टेडियम मूसीलाटपुर में खिलाडियों द्वारा ह्यमिशन लाइफ कुश्तीह्ल का आयोजन कर इको फ्रेंडली जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

खेल के माध्यम से खिलाडियों ने जनपदवासियों को संदेश दिया कि हम अपने प्रतिदिन की दैनिक क्रियाओं में जागरूकता से पर्यावरण के क्षरण या प्रदूषित होने से बचा सकते है। जागरूकता से जल संरक्षण, वृक्षारोपण कर धरती की हरितिमा को बढ़ा सकते हैं। सीडीओ यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विभागों शपथ दिलाई जाएगी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

कायस्थ महासभा ने मनाया स्व. कैलाश नारायण सारंग का जन्मदिवस

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश पूर्वी के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग का जन्मदिन 2 जून को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। बताते चलें कि मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के अधिवक्ता भवन में शुक्रवार देर शाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कायस्थ बंधुओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग के जीवन पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष विष्णुकांत श्रीवास्तव ने कहा कि उनका जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने कायस्थ समाज की हर पल सेवा की जब वह मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और किसी कायस्थ पर कोई विपदा आती थी तो वह तुरंत उसकी सेवा करने के लिए निकल पड़ते थे। उन्हें अपने समाज से और अपने क्षेत्र की जनता से काफी लगाव रहता था। इस अवसर पर मुख्य रूप से जय प्रकाश श्रीवास्तव, छेदी श्रीवास्तव, परमानंद लाल श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, राम कुमार श्रीवास्तव, शेषनाथ आदि लोग उपस्थित रहे।

जीवनदीप व प्रतिमा नर्सिंग कॉलेज ही शासन से मान्यता प्राप्तः सीएमओ

जांच

सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक ने बताया कि इन संस्थानों के अतिरिक्ति अन्य कोई पैरामेडिकल कालेज जनपद में संचालित नही हैं

जीवनदीप हॉस्पिटल

ज्ञानपुर। जनपद भदोही में जीवनदीप इन्स्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल सांइस भदोही एवं प्रतिमा नर्सिंग कालेज भदोही को ही पैरामेडिकल कालेज के संचालन हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है।

सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक ने बताया कि इन संस्थानों के अतिरिक्ति अन्य कोई पैरामेडिकल कालेज जनपद में संचालित नही हैं यदि किसी भी प्रकार के पैरामेडिकल कालेजो का संचालन किया जा रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, के सी.यू.जी. मोबाइल पर तत्काल देना सुनिश्चित करें। जिले में केवल दो पैरामेडिकल कालेज ही हैं जिनके संचालन हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है। जिसमे जीवनदीप इन्स्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल सांइस भदोही एवं प्रतिमा नर्सिंग कालेज भदोही ही है। सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक के स्थिति साफ करने से छात्र अब गुमराह होने से बच जाएंगे।

जापानी कंपनी व कबीरमठ मिलकर बनायेंगे एशिया का सबसे बड़ा हॉस्पिटल

शिवपुर में बनाने की योजना तय, सारनाथ में 12 एकड़ परिसर में संतों के अध्ययन के लिए खुलेगा कबीर विद्यापीठ

कबीरमठ मूलगादी के आचार्य विवेक दास

वाराणसी। एशिया के सबसे बड़े हास्पिटल के रूप में जाने जाने वाला जापानी कंपनी निकॉन एवं कबीरमठ मूलगादी के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुर में कबीर मल्टी फैसिलिटी हास्पिटल बनने की योजना लगभग तय हो चुकी है। 500 बेड वाला यह हास्पिटल पर लागत लगभग हजार करोड़ है। एशिया में सबसे बड़े हास्पिटल के रूप में इसका मूल्यांकन किया जा रहा है। इसमें एयरप्लेन के लिए भी छत बनायी जायेगी ताकि इसमें आसपास के मरीजों को लाने व ले जाने में सुविधा हो। यह जानकारी कबीरमठ मूलगादी कबीरचौरा के आचार्य विवेक दास ने जनसंदेश टाइम्स को दी। बताया कि इसके लिए कार्य प्रारंभ होने वाला है। कुछ औपचारिकताओं की कमी है जिसके चलते कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। आचार्य विवेक दास ने बताया कि सारनाथ में कबीर मठ के पास लगभग 12 एकड़ का परिसर है। जिसमें कई एकड़ में कबीर विद्यापीठ खोलने की योजना है। इसमें कबीर भक्ति आंदोलन से जुड़े लगभग 300 से अधिक गरीब, दलित-पिछड़े व किसान से जुड़े संतों का अध्ययन व मनन तथा अनुसंधान के लिए कबीर विद्यापीठ की योजना तैयार की गई है। विवेक दास ने बताया कि कबीरमठ में कबीर संग्रहालय जो कबीर हाईटेक झोपड़ी के रूप में तैयार हो चुका है। मुंबई व कोलकाता के कई बड़े पूंजीपतियों ने भी इसके लिए प्रस्ताव भेजा है। इसमें और भी कई कंपनियां शामिल हैं। जो इसमें योगदान करना चाहती हैं। उ.प्र. शासन के संस्कृति मंत्रालय ने संग्रहालय के लिए प्रारूप तैयार किया था। संभवतः कई बार उन्होंने घोषणा भी की लेकिन जैसा कि वे मूलगादी में अनुबंध चाहते हैं, मठ का ट्रस्ट इस अनुबंध के लिए तैयार नहीं है। इसलिए अब सीएसआर कोटे से भी संग्रहालय का निर्माण होने का प्रारूप तैयार कर दिया गया है। आचार्य विवेक दास ने बताया कि लहरतारा में कबीर साहब की उद्भव स्थली है। कुछ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 17 करोड़ का प्रोजेक्ट उद्भव स्थली व लहरतारा सरोवर के सुंदरीकरण के लिए सुपुर्द किया गया था जिसकी बड़ी धनराशि आ चुकी है। इसके लिए निर्माण कार्य शुरू होने वाला है।

कबीर संग्रहालय के रूप में हाईटेक झोपड़ी बन कर हो गई है तैयार

लहरतारा में कबीर उद्भव स्थली के लिए आ चुकी है धनराशि

कबीरमठ मूलगादी के आचार्य विवेक दास ने दी जानकारी

लहरतारा कबीरमठ में जयंती पर निकली शोभायात्रा

वाराणसी। सद्गुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा तालाब एवं स्मारक समिति की ओर से शनिवार को सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा से सद्गुरु कबीर साहब की जुलूस व शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्तो एवं श्रद्धालु शामिल थे। शोभायात्रा में कबीर साहब की प्रतिमा सबसे आगे उसके बाद कबीर प्राकट्य धाम के मुख्य पंथ हजूर अर्धनाम साहब आचार्य कबीरपंथ, धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री व अन्य बाहर से आये संत महंत शामिल हुए। शोभायात्रा में बैंड , डीजे. के साथ कबीर साहेब के वाणी, भजनों, को गाते हुए शोभायात्रा में सभी आनंदित एवं थिरकते हुए खुशी से झूमते हुए भाव विभोर हो रहे थे। शोभायात्रा में बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा , गुजरात आदि प्रदेशों से भक्त शामिल थे। पूरा परिसर सद्गुर कबीर साहेब के साखी ,शब्दों,भजनों, कीर्तनों से गुंजायमान था। रथ पर आचार्य अर्धनाम साहेब विराजमान थे। बैंड बाजा , ढोल, खंजरी संगीत भजन कीर्तन आदि के साथ श्रद्धालु बहुत आनंदित और उल्लासित थे। यात्रा के दौरान जगह जगह पर पानी, शरबत, फल श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गयी। पंथ श्री हजूर साहेब ने भक्तों को संदेश दिया कि आज का दिन स्मरण का क्षण है। जिसे हम सद्गुरु की पवित्र प्रगट भूमि का दर्शन कर रहे हैं। उसकी की छाप हमारे जीवन हमेशा बनी रहे। जिस घर में संत का आगमन नहीं होता , सत्संग नहीं होता उस घर में यम का डेरा होता है। भक्त का मतलब सदाचारी होना चाहिए संत के घर आने से पवित्र और ऊर्जावान होता है।

कबीर वाणी के साथ ही भजनों की रही गूंज

तीन दशकों से कबीरमठ मूलगादी की गद्दी संभाल रहे आचार्य विवेक दास

उपलब्धि

अब तक कर चुके हैं 40 देशों की यात्राएं, दर्जन भर देशों में कर चुके हैं कबीर केन्द्र की स्थापना

राधेश्याम कमल

वाराणसी। अखिल कबीरपंथ काशी की सिद्धपीठ कबीरचौरा मठ मूलगादी कबीर साहब की कर्मभूमि, साधना-पीठ व उपदेशस्थली है। कबीरचौरा मठ के इसी परिसर में उनका लालन-पालन भी हुआ था। यहीं पर उनके पालक नीरू व नीमा का घर था। वर्तमान समय में इस परिसर का नाम कबीर का घर नीरु टीला प्रसिद्ध है। नीरु-नीमा का यहां पर घर होने के कारण इसी परिसर में उन दोनों की समाधियां भी हैं। कबीर साहब काफी समय तक इसी परिसर में रहे और ताने-बाने का भी काम करते रहे। कबीरा तेरी झोपड़ी, गलकट्टों के पास यह प्रसिद्ध जनोक्ति यही पर साकार हुई थी। एक तरफ ताने-बाने पर खटर-पटर होता था वहीं दूसरी तरफ सत्संग के लिए भीड़ जमती थी। कबीर साहब की झोपड़ी के पास सत्संग के लिए जब जगह कम पड़ने लगी थी तब एक दूसरे परिसर में अलग से एक कबीर चबूतरे का निर्माण किया गया। यही चबूतरा आगे चल तक कबीरचौरा मठ के नाम से विख्यात हुआ। कबीरचौरा मठ का इतिहास काफी पुराना है। आचार्य विवेक दास लगभग 50 साल से यहां पर हैं। वे लगभग 30 सालों से आचार्य के पद आसीन हैं। जब से वे मठ की गद्दी में आसीन है तब से उन्होंने मठ को चार चांद लगाने का कार्य किया।

कबीर व संत मत पर अब तक प्रकाशित हो चुकी हैं 100 पुस्तकें

आचार्य विवेक दास बताते हैं कि कबीर व संत मत पर लगभग उनकी 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें प्रमुख रूप से सतगुरु सांचा सूरमा, अनहद अनुभव सांचा, कबीर साहित्य की प्रासंगिकता, कबीर की विरासत, कबीर की आत्मकथा, सिद्धपीठ कबीरचौरा मठ मूलगादी समेत अन्य हैं। वे बताते हैं कि अब तक लगभग 40 देशों की वह यात्राएं कर चुके हैं। इसमें त्रिनिडाड, सूरीनाम, नीदरलैण्ड, स्पेन, वेल्जियम आदि हैं। उन्होंने दर्जन भर देशों में कबीर केन्द्रों की स्थापना की है। इसमें सूरीनाम, नीदरलैण्ड, गुयाना, त्रिनिडाड (वेस्ट इंडीज) आदि देश हैं। यहां पर सैकड़ों अनुयायी इस केन्द्र से जुड़ कर कबीरवाणी का प्रचार- प्रसार कर रहे हैं।

भोर में तीन बजे से प्रारंभ होती है दिनचर्या

आचार्य विवेक दास की रोज की दिनचर्या भोर में तीन बजे से प्रारंभ होती है। सुबह उठ कर सबसे पहले बंदगी करते हैं। इसके बाद मुंह-हाथ धोकर बैठ कर रोजाना 30-40 पेज किसी न किसी विषय पर लिखते हैं। प्रातः 5 बजे के बाद वे भक्तों व संतों से मुलाकात करते हैं। प्रातः 8 बजे के बाद आमजनों से भेंट करते हैं।

मठ में रोजाना हजारों की होती है भीड़

आचार्य विवेक दास बताते हैं कि कबीरचौरा मठ में रोजाना 10 से 20 हजार भक्त आते हैं। कभी-कभी यह संख्या और भी बढ़ जाती है। यहां आने वाले अनुयायियों में पंजाब, गुजरात, राजस्थान, बिहार, दिल्ली, झारखंड आदि जगहों के रहते हैं। रोजाना सुबह 5 बजे कबीर साहब मठ में आरती होती है। इसके बाद इसे खोल दिया जाता है। रात्रि में 8 बजे आरती के बाद पट बंद हो जाता है। आचार्य विवेक दास रात्रि में भोजन नहीं करते हैं। सायंकाल सात बजे वह शयन करने चले जाते हैं।

कबीर साहब की जयंती पर देश भर से कबीरचौरा कबीरमठ में आये अनुयायी

वाराणसी। कबीर साहब की 625वीं जयंती समारोह को लेकर कबीरचौरा मठ मूलगादी में देश भर से अनुयायियों के आने का क्रम शनिवार को जारी रहा। आचार्य विवेक दास बताते हैं कि 4 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से साहित्य संगोष्ठी और ताना-बाना ग्रुप के विख्यात निर्गुण गायकों का भजन होगा। निर्गुण गायकों में आशीष मिश्र (वाराणसी), रामप्रसाद दास (गोरखपुर), नंदन बाबा (चुनार) आदि हैं। इसके अलावा बिहार, राजस्थान, गुजरात, कश्मीर से भी निर्गुण गायक अपनी-अपनी शैली में निर्गुण भजनों की प्रस्तुति करेंगे। इस मौके पर संगोष्ठी में कई विद्वान शामिल होंगे जिसमें डा. ओमप्रकाश सिंह (जेएनयू दिल्ली), डा. सुरेन्द्र प्रताप (पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ), निरंजन सहाय हिंदी प्रवक्ता (महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ) आदि हैं। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों अनुयायी भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

4 जून को साहित्य संगोष्ठी के साथ होगी कबीर वाणी व भजन

गंगा में वॉटर टैक्सी का ट्रायल इसी सप्ताह से

सुविधा

रामनगर किला से नमो घाट तक होगा संचालन, किराया दर स्वीकृत होने का इंतजार

वाराणसी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में एक और सुविधा मिलने वाली है। गंगा में वॉटर टैक्सी का संचालन जल्द शुरू हो जाएगा। टैक्निकल सर्वे का कार्य पहले ही हो चुका है। अगले सप्ताह तक ट्रायल रन के बाद इस सेवा को आरंभ कर दिया जाएगा। हालांकि उदघाटन की आधिकारिक घोषणा होनी शेष है।

रामनगर से नमो घाट तक छह फेरे लगाएगी वाटर टैक्सी: गंगा में चलने वाली वाटर टैक्सी के जून के पहले पखवारे संचालन होने के आसार हैं। वाटर टैक्सी छह फेरे लगाएगी। आखिरी फेरा गंगा आरती के समय रहेगा। इस दौरान यात्री टैक्सी से ही गंगा आरती देखेंगे। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (वीसीटीएसएल) ने इसका किराया 15 रुपया प्रति किलोमीटर करने का प्रस्ताव रखा है। वीसीटीएसएल के प्रबंध निदेशक गौरव वर्मा ने बताया कि रामनगर फोर्ट से नमो घाट तक लगभग 12 किलो मीटर तक इसका संचालन किया जाएगा। अगले सप्ताह तक ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा।

सरकारी अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर्स से मिल रहे एमआर

मनमानी

सरकारी अस्पतालों में आने वाली दवाओं के बदले एमआर ब्रांडेड दवाओं को डॉक्टरों से लिखवा रहे

वाराणसी। केंद्र सरकार के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस व उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हाल ही में सभी सरकारी अस्पतालों को आदेश जारी कर कहा है कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) ओपीडी में डॉक्टर से मिलने नहीं आएंगे। लेकिन आज भी इस आदेश को एमआर पूरी तरह से ठेंगा दिखा ओपीडी तक पहुंच अपने दवाओं का ना सिर्फ सैंपल दे रहें हैं बल्कि दवाओं को लिखने का चिकित्सकों से आग्रह कर रहे हैं।

पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय जिला अस्पताल या फिर श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल, पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय हो या फिर चौकाघाट स्थित आयुर्वेद अस्पताल में ओपीडी में ही एमआर न सिर्फ परिसर में घूम रहे हैं बल्कि डॉक्टर्स से आसानी से मिलने के लिए उनके चैंर तक पहुंच रहे हैं। एमआर के द्वारा ब्रांडेड दवाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इनके आने-जाने पर अस्पताल प्रांधन की ओर से कोई रोक-टोक नहीं है। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के जारी आदेशों के मुताबिक, दवाओं के प्रमोशन के लिए एमआर के अस्पताल आने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में सुाह 10 बजे से ही एमआर की एंट्री शुरू हो जाती है। इनमें ज्यादातर ब्रांडेड कंपनियों के एमआर भी शामिल हैं।

मंडलीय अस्पताल की ओपीडी के ाहर खड़े मरीज और अंदर बात करते एमआर

पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल की ओपीडी में भी एमआर की धमक

12 मई को आया था आदेश

बीते 12 मई को केंद्र सरकार के डीजी हेल्थ की ओर से जारी पत्र में कहा है कि देख जा रहा है सरकारी हॉस्पिटल, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और पॉलीक्लीनिक पर ब्रांडेड दवाएं लिखी जा रही हैं।

बे-रोकटोक चिकित्सक से मिल रहे एमआर

ओपीडी में पहुंच एमआर अपनी दवाओं का प्रमोशन कर रहे हैं। अस्पताल में इन्हें डॉक्टर्स से मिलने पर कोई रोक-टोक नहीं की जाती है। न ही इनके डॉक्टर्स के चैंबर में एंट्री पर कोई रोक के लिए कोई डिसप्ले किया गया है। हालांकि सभी अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि उनके डॉक्टर्स किसी भी ब्रांडेड कंपनी की दवा सरकारी पर्चे पर नहीं लिखते हैं। अस्पताल में ईडीएल दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलधता है। जिसे मरीजों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

कोलकाता के कलाकारों ने सरोद पर की अद्भुत प्रस्तुति

वाराणसी। दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस आनंद कानन के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में सरोद वादन की प्रस्तुति साकार हुई। जिसमें कोलकाता के वरिष्ठ सरोद वादक सिद्धार्थ रॉय चौधरी के निर्देशन में उनकी टीम ने समूह सरोद वादन की प्रस्तुति की। सरोद वादन में सुरोप्रिया गोस्वामी, सूर्यशीष सेन गुप्ता, श्रेयन भट्टाचार्य, रिजिवान मुखर्जी, आकाश रॉय तथा तबला वादन में रौद्राक्ष रक्षित, अर्कसेन गुप्ता, अभिक गोस्वामी सहभागी रहे। सरोद वादन के आरम्भ में दरबारी कान्हड़ा से प्रस्तुति हुई। इसी क्रम में कलाकारों द्वारा रागमाला में अपनी प्रस्तुति से आर्नदित किया। इसके उपरांत राग यमन से प्रस्तुति साकार हुई। समापन तीन ताल में निबद्ध राग मालकोंस से हुआ जिसमें सरोद तथा तबला के संगम ने श्रोताओं को आर्नदित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अजय श्रीवास्तव संग्रहालय अध्यक्ष दीन दयाल हस्तकला संकुल तथा कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा रहा। संचालन ललिता शर्मा ने किया।

मुकीमगंज की लीला में नृसिंह भगवान का अवतार

वाराणसी। नृसिंह लीला बाल समिति की ओर से शनिवार को मुकीमगंज की प्रसिद्ध नृसिंह लीला रात्रि में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर भगवान नृसिंह ने खम्भे को फाड़ कर प्रगट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया। साथ ही भक्त प्रहलाद की रक्षा की। खम्भवेधन के समय आतिशबाजी छोड़ी गई। पटाखों से भगवान का स्वागत किया गया। लीला को देखने के लिए आसपास के इलाकों के लोगों की भीड़ जमा थी। लीला में अध्यक्ष सुनील यादव मामू, कोषाध्यक्ष मुन्नी लाल गुप्ता, कमल गुप्ता दादू समेत काफी लोग मौजूद थे। यह लीला गत 31 मई से प्रारंभ थी। यह लीला पिछले कई सालों से निरंतर होती चली आ रही है। लीला को लेकर मुकीमगंज में विद्युत झालरों की सजावट की गई थी।

धर्मगुरु आयतुल्लाह खुमैनी की पुण्यतिथि पर किया याद

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। शिया मुसलमानों ने आयतुल्लाह खुमैनी की 34 पुण्यतिथि पर उनको याद किया । खुमैनी शिया इस्लाम में एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनका देहांत वर्ष 1989 में 3 जून को हुआ था, जिस की याद करते हुए मस्जिद कालीमहाल, एवं दरगाह ए फातमान में मजलिस का आयोजन हुआ । मुख्य कार्यक्रम कुरान ओ इतरत नाम के संगठन ने बड़ा इमामबाड़ा लाट सरैया में आयोजित किया । जिसको मौलाना जाफर रिजवी ने खिताब किया। जिसके बाद मौलाना तहजीब रांची, मौलाना हैदर अब्बास, तौसीफ हुसैन आदि लोग शामिल रहे । अजीज हैदर, रेहान, शीश बनारसी ने उनकी मोहब्बत में अशआर पेश किए । अंजुमन हैदरी ने चहमामा स्थित मस्जिद नाद ए अली में मजलिस आयोजित किया मौलाना कैसर ने मजलिस को खिताब किया । इमानिया कॉलेज में भी मजलिस का आयोजन हुआ । शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि खुमैनी साहब ने इवर्ष 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति लाई थी और ईरान में 2,500 साल से चल रहे राजशाही को खत्म किया था । कालीमहाल की मजलिस मजलिस में रियाज जाफर शिब्बू, इफ्तेखार अली गुड्डू, सादिक हुसैन, अली जावेद आदि शामिल थे।

'कबीर से कीनाराम' पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार नौ से

प्रेसवार्ता

अमेरिका, सिंगापुर समेत कई देशों से आएंगे विद्वान

बीएचयू हिन्दी विभाग की ओर से तीन दिवसीय आयोजन

वाराणसी। बीएचयू के हिन्दी विभाग की तरफ से नौ से 11 जून तक 'कबीर से कीनाराम' थीम पर संत कविता इंटरनेशनल सेमिनार होगा। बीएचयू में शनिवार को प्रेसवार्ता करके हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सदानंद शाही ने ये जानकारियां दी। प्रो. शाही ने कहा कि इस कार्यक्रम में संत भक्ति कविता का आंकलन और मूल्यांकन किया जाएगा। कबीर, सूर, जायसी और तुलसी के प्रामाणिक मूल्यांकन से विभाग के पूर्व आचार्यों ने संत भक्ति कविता को हिंदी स्वर्ण युग के रूप में स्थापित किया है। बीएचयू के साथ ही आयोजकों में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद भी शामिल है। प्रो. शाही ने कहा कि हम लोग कबीर और रैदास के साथ कुछ दूसरे बड़े संतों पलटूदास, शिवनारायण, गरीबदास, दयाबाई, सहजोबाई, मलूकदास से लेकर कोनाराम पर भी विस्तृत विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में टेक्सास अमेरिका से प्रो. संध्या सिंह, कैलिफोर्निया से सरिता माती, नेशनल यूनिवर्सिटी सिंगापुर से प्रो. दलपत सिंह राजपुरोहित, कोलकाता से प्रो. शंभुनाथ समेत कई देशी-विदेशी हिन्दी विद्वान आएंगे। कहा कि संत कवियों ने वैकल्पिक मानव की, जो अवस्था दी है, उस पर विस्तार से विचार करेंगे। कबीर के अमर देस और संत रेखा के केमपुर पर चर्चा करते हुए विश्व मानवता के समक्ष खड़ी चुनौतियों का हल खोजने की कोशिश करेंगे।